सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ







CELEBRATING 26th YEARS OF EXCELLENCE

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Ranked
No. 1 Institute
of Eastern India
(By India Today Survey )





GOAL - The Result Factory

*Thank you Jharkhand for trusting us*

*and making GOAL the most trusted and reputed Institute of Eastern India.*

*17000+ Medicos, Doctors & Engineers in last 26 years.* | *Most of the Top Rankers of Jharkhand are from GOAL.*

*Goal Education Village - The ideal and unique campus of Eastern India for Preparatory education.*

Most of the NEET 2023 TOPPERS of JHARKHAND in all Categories are from GOAL Institute




Scholarship Test
EVERYDAY (2 PM to 4 PM)
for All Courses of Medical & Engineering

UPTO 100% SCHOLARSHIP

40% Early Admission Rebate
*valid till 25th April 2024

17000+ Doctors/Medicos & Engineers

1.6 Lakh+ Satisfied Guardians

• FACILITIES •
LIBRARY HOSTEL TRANSPORT

Scan QR Code to know more about GOAL

GOAL's Result Oriented Courses

- FOUNDATION PROGRAM (for 10th Passed/Appeared)
- TARGET PROGRAM (for 12th Passed/Appeared)
- FRESHER PROGRAM (for 11th Passed/Appeared)
- TEST & DISCUSSION PROGRAM (for 12th Passed/Appeared) Starts from July
- ACHIEVER PROGRAM (for 12th Passed/Appeared)
- PRE-FOUNDATION PROGRAM for Class 9th & 10th Studying Students

RANCHI (LALPUR) : 504, 5th Floor, R.S. Tower, Near Pantaloons, Lalpur, Ranchi | RANCHI (HINOO) : 302, 303, 3rd Floor, Indira Palace, Main Road, Hinoo, Ranchi
DHANBAD (Office & Classroom) : GOAL Empire, Memko More, Dhaiya, Dhanbad, Mob. : 9334098595, 9308057050

OTHER GOAL CORPORATE BRANCHES :
DELHI : 7564900045, PATNA : 0612-3508700, BHILAI : 07884013502, 09826943595, RAIPUR : 07714060711, 07415884100

7564900041/ 42 / 43

www.goalinstitute.org

Follow us on

प्राथी की ओर से कोर्ट से मांगा गया समय

# ढुल्लू महतो से जुड़े दो आपराधिक केस में हाईकोर्ट में 10 मई को होगी सुनवाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद से जुड़े दो थाना में बाघमारा विधायक एवं धनबाद से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में धनबाद की निचली अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली दो अलग-अलग क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई अब झारखंड हाई कोर्ट में 10 मई को होगी। मामले में प्रार्थी की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को उक्त दोनों मामलों में केस डायरी एवं लोअर कोर्ट रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। दरअसल, ढुल्लू महतो के खिलाफ बाघमारा में कंस्ट्रक्शन साइट से मशीन उठावा लेने के मामले को लेकर बाघमारा थाने में कांड संख्या 17/ 2020 दर्ज किया गया था। इस मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में ढुल्लू महतो का नाम भी इसमें जोड़ा गया। वहीं, धनबाद के बरोरा थाने में दर्ज कारण संख्या 11 /2020 में ढुल्लू महतो एवं अन्य पर रामराज मंदिर के बगल में दुकान कंस्ट्रक्शन करने वाले को प्रताड़ित करने एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया था। उक्त दोनों मामलों में धनबाद की निचली अदालत ने ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी थी, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

रामनवमी को लेकर आयोजित हाई लेवल मीटिंग में डीजीपी समेत जिलों के डीसी, एसपी शामिल

# रामनवमी के दौरान राज्य के संवेदनशील जिलों में विशेष एहतियात बरतें: गृह सचिव

**रांची, जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, गिरिडीह, हजारीबाग जिले के एसपी को विशेष तौर पर अलर्ट रहने के निर्देश**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रामनवमी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गृह सचिव वंदना दादेल की अध्यक्षता में शनिवार को हाई लेवल बैठक हुई। इसमें डीजीपी अजय कुमार सिंह के साथ-साथ मुख्यालय के वरीय पुलिस अधिकारी और जिले डीसी-एसपी मौजूद थे। बैठक के दौरान 15 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। पिछले तीन सालों में रामनवमी के दौरान दर्ज कांड और उनके विरूद्ध की गई कार्रवाई पर चर्चा की गयी। इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर की गई निरोधात्मक कार्रवाई, जुलूस अखाड़ों की संख्या, जुलूस की तिथि और जुलूस की अवधि, जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन, जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों पर की गई सुरक्षात्मक कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही संयुक्त नियंत्रण कक्ष, आपातकालीन योजना, पुलिस बलों, दंडाधिकारी की उपलब्धता और प्रतिनियुक्ति, शांति समिति की बैठक की अद्यतन स्थिति, डीजे और साउंड सिस्टम द्वारा उत्तेजक गानों के प्रयोग पर नियंत्रण, जुलूस के दौरान चिकित्सा सुविधा, जुलूस की वीडियोग्राफी ड्रोन द्वारा, एरियल सर्विलांस की व्यवस्था, धार्मिक स्थानों की मॉनिटरिंग को लेकर समीक्षा की गई।

## सभी जिलों में विशेष रूप से अलर्ट रहने के निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के सभी जिलों के डीसी और पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिलों में रामनवमी को लेकर की गई तैयारी का पूरा प्लान गृह सचिव और डीजीपी के सामने रखा। मौके पर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड में रामनवमी की सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय के द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। खासकर सभी संवेदनशील जिलों में विशेष रूप से एहतियात बरतने के निर्देश दिये गए। डीजीपी ने बताया कि राज्य के वैसे संवेदनशील जिले जहां पूर्व में सांप्रदायिक तनाव के मामले सामने आए हैं, वहां जिला पुलिस के अलावा स्पेशल फोर्स की तैनाती भी की जाएगी। डीजीपी के अनुसार, सभी जिलों में पुलिस असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखेगी, वहीं सभी जिलों को आदेश दिया गया है कि सभी वर्गों के गणमान्य लोगों के संपर्क में रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। रामनवमी को लेकर जमशेदपुर, रांची, धनबाद, पलामू, गिरिडीह, हजारीबाग जिले के एसपी को विशेष तौर पर अलर्ट रहने के निर्देश दिये गए हैं।

रांची जिला प्रशासन ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

# आर्म्स लाइसेंस धारकों ने दो सप्ताह में भी जमा नहीं किए अपने हथियार

**लोकसभा चुनाव**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के आर्म्स लाइसेंस धारकों पर रांची जिला प्रशासन की नजर है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उसने स्वच्छ, शांतिपूर्ण, भयमुक्त तरीके से चुनाव संपन्न कराने को 20 मार्च को ही एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया था। इसमें कहा था कि जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी 13 अप्रैल तक अपने हथियार संबंधित थाना, ओपी अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कर देंगे, लेकिन अबतक कई लाइसेंस धारकों ने ऐसा नहीं किया है। उन्हें अब मात्र 24 घंटे का समय दिया जाता है। कुछ ऐसे भी लाइसेंस धारक हैं, जिन्होंने हथियार जमा करने से छूट के लिए आवेदन किया था, पर इस पर विमुक्ति के संबंध में जिला प्रशासन के स्तर से कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। ऐसे भी लाइसेंस धारक अपने हथियार अब 24 घंटे के अंदर अपने हथियार जमा करेंगे। ऐसा नहीं करने वालों के हथियार का लाइसेंस कैंसिल या निलंबित करने की कार्रवाई की जायेगी।

**होमगार्ड से इलेक्शन ड्यूटी :** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, रांची के मुताबिक, रांची अंतर्गत प्रभावित बल के सभी सभी शहरी, ग्रामीण महिला एवं पुरुष गृह रक्षकों से भी इलेक्शन ड्यूटी ली जानी है। प्रभावित बल के सभी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि 6 मई से 4 जून तक दो सेट वर्दी, बेडिंग एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के साथ तैयारी हालत में रहेंगे। रांची जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो विभिन्न संस्थानों, निदेशालय, सचिवालय में प्रतिनियुक्त हैं, अपने मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति 15 अप्रैल तक कार्यालय में जमा करेंगे। निर्धारित तिथि तक ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# रांची, दुमका और धनबाद में भी ताल ठोकेगा जेएलकेएम




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम (झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति) रांची सहित धनबाद और दुमका सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए इन सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने रांची, धनबाद और दुमका लोकसभा में उम्मीदवार उतारे हैं। शनिवार को पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान ने सूची जारी की। धनबाद सीट से इकलाख अंसारी, दुमका से बेबी लता टुडू, रांची से देवेंद्र महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो पहले ही गिरिडीह सीट से चुनावी दंगल में उतरने की घोषणा कर चुके हैं। बताते चलें कि जेएलकेएम 14 में 4 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रहा है। जेएलकेएम ने जनता पर अपनी जीत का भरोसा जताया है।

उलगुलान न्याय महारैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का निर्देश

# उचित कार्य योजना बनायें और प्रदेश कार्यालय को करें सूचित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडी गठबंधन की अगुआई में 21 अप्रैल को प्रभात तारा रांची में आयोजित होने वाली उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्षों सहित वरीय नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि उलगुलान न्याय महारैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को भी आमंत्रित किया गया है। महारैली में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के बड़े नेतागण भी शामिल होंगे। महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सभी लोकसभा प्रत्याशियों, विधायकों, जिला अध्यक्षों, लोकसभा को-ऑर्डिनेटर, जिला प्रभारी, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष सहित विधानसभा वार प्रभारी को संगठन स्तर पर बैठक बुलाने और रैली को सफल बनाने के लिए उचित कार्य योजना तैयार कर उससे चार दिनों के अंदर प्रदेश कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष ने दिया है। साथ ही सभी जिला अध्यक्षों को जिला स्तर पर इंडी गठबंधन में शामिल दलों का संगठन के स्तर पर समन्वय बैठक आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि बेहतर समन्वय से न सिर्फ महारैली सफल हो बल्कि जनता के बीच इंडी गठबंधन का एक सकारात्मक संदेश पहुंचे। उन्होंने बताया कि झारखंड की धरती से होने वाले इस न्याय उलगुलान से जनता, युवाओं और किसानों,महिलाओं और अन्य सामाजिक वर्गों की आशाओं को बल मिलेगा कि वो अपना आने वाला भविष्य मजबूत गठबंधन के हाथों में सुरक्षा के लिए सौंप रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### मस्तराम मीणा को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव अविनाश कुमार को दिल्ली में झारखंड का मुख्य स्थानिक आयुक्त और योजना सचिव मस्त राम मीना को राजस्व पर्षद का प्रभारी सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्मिक विभाग ने संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है।

### कल्पना सोरेन से मिले जेपी पटेल मिले

**रांची।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने शनिवार को कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान जेपी पटेल ने कल्पना सोरेन से हजारीबाग के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया। साथ ही गठबंधन दल के पूर्ण सहयोग की अपील की. कल्पना सोरेन ने जेपी पटेल को आश्वासन दिया कि महागठबंधन के सभी दल सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे और सभी दल गठबंधन दल के प्रत्याशी को अपना-अपना सहयोग देंगे। कल्पना ने कहा कि बहुत जल्द साझा चुनाव प्रचार का कार्यक्रम तय किया जायेगा।

### मनरेगा: रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन को सुधारने का निर्देश

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा के अंतर्गत रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन में सुधार करने का निर्देश सभी जिलों के अधिकारियों को दिया है। विभाग ने कहा है कि जिन जिलों में अधिक ट्रांजैक्शन रिजेक्ट हो रहे हैं वहां फिर से सत्यापन कराते हुए रिजेनरेट करके ट्रांजैक्शन कराया जाये। मनरेगा मजदूरों के बैंको में केवाईसी अपडेट कराने को भी कहा है ताकी समय पर मनरेगा मजदूरों को मजदूरी का भुगतान किया जा सके। बता दें कि मनरेगा में बड़े पैमाने पर रिजेक्ट ट्रांजैक्शन के मामले सामने आ रहे हैं कई सालों से इसे सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग ने कहा है कि काम के बदले मजदूरों को मजदूरी भुगतान की राशि भेजी जाती है लेकिन उनके बैंक के खाते में राशि नहीं जाती। कई मामलों में आधार का सीडिंग नहीं होना सहित कई जरूरी दस्तावेज नहीं होता। ग्रामीण क्षेत्र में शुरूआत के समय में जैसे-तैसे खाता खुलवा दिए गए इस वजह से यह समस्या सामने आ रही है। विभाग ने इसके अलावा सीपी ग्राम के तहत मिले लंबित शिकायतों का भी त्वरित निष्पादन करने को कहा है।

### जमीन कारोबारी अफसर अली की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई 19 अप्रैल को

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी द्वारा समय दिए जाने के आग्रह को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनाई गई प्रक्रिया के संबंध में ईडी से जानकारी मांगी थी। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में है, इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाए। दरअसल, ईडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सं०-01/2024-25, PR NO.-323726 के ग्रुप सं०- 02 में वर्णित कार्य (बरकट्ठा प्रखंड अर्न्तगत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०-
कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं०-2, हजारीबाग

PR 323800 Water Resource(24-25)#D

# सीएसडीएस के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की खोल दी पोल : अमुल्य नीरज खलखो



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि सी.एस.डी.एस. के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की पोल खोलकर रख दी है। कांग्रेस इन्हीं मुद्दों के बीच आवाज उठा रही है और यही कारण है कि इन आवाजों को दबाने के लिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं पर ईडी की शिकंजा कसवाया जा रहा है, ताकि महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे गौन रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के दिन अब पूरी तरह लद चुके हैं।

2019 के चुनाव में ही देश की जनता इनके जुमलेबाजी एवं वादाखिलाफी का जवाब देने का मन बना चुकी थी, परंतु पुलवामा में देश के वीर शहीदों के शहादत का राजनीतिक इस्तेमाल कर ये जनता को अपने पक्ष में करने में सफल रहे। श्री खलखो शनिवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से बात कर रहे थे। श्री खलखो ने कहा कि कुछ समय पहले तक मोदी की गारंटी पर जोर देते हुए भाजपा ने पुनः देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास शुरू किया, परंतु बेरोजगारी, महंगाई एवं इलेक्टोरल बांड से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले पर जनता के आक्रोश को भांपकर भाजपा द्वारा फिर से धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास चालू कर दिया गया है। चुनाव से पहले जब सीएसडीएस के सर्वे ने जनता के मूड का खुलासा कर दिया है, तो प्रधानमंत्री मोदी फिर जनता का ध्यान मूल मुद्दों भटकाने के लिए सनातनी राग अलाप रहे हैं।

श्री खलखो ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के 10 साल अन्यायकाल के खिलाफ राहुल गांधी के कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक और मणिपुर से लेकर मुंबई तक भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ा न्याय यात्रा के दौरान बेरोजगार नौजवानों, मजदूर, किसानों, महिलाओं एवं आम जनता से हुई संवाद के आधार पर जब कांग्रेस पार्टी पांच न्याय-पच्चीस गारंटी को लेकर चुनाव के मैदान में पूरी शिद्दत के साथ उतर चुकी है, तो भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है। श्री खलखो ने बताया कि झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्रों में घर घर गारंटी अभियान की शुरूआत हो चुकी है। लोकसभा कॉर्डिनेटरों, घोषित पार्टी प्रत्याशियों एवं जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है, जिसके तहत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता गारंटी कार्ड को लेकर मतदाताओं के घरों तक पहुचेंगे और भाजपा सरकार के 10 साल के अन्याय काल का पदार्फाश कर कांग्रेस के पांच न्याय-पच्चीस गारंटी को लेकर अपने पक्ष में वोट के अपील करेंगे।

# बंधु तिर्की की अपील पर विस्तृत सुनवाई अब 26 अप्रैल को होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक और झारखंड कांग्रेस नेता बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की आंशिक सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने कोर्ट को बताया कि बंधु तिर्की के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का कोई मामला नहीं बनता है। सीबीआई ने भी अदालत में मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी।

कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में रांची की सीबीआई की विशेष अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) आ चुका है। दरअसल, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी। सीबीआई ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में केस दर्ज किया गया था। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था। मामले में सीबीआई की ओर से सीबीआई के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही एवं रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 गवाही दर्ज कराई गई है, जबकि बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज कराई गई थी।

बरहेट एवं रातू में सामूहिक दुष्कर्म पर भाजपा महिला मोर्चा आक्रोशित

# बहन-बेटियों को सुरक्षा देने में हेमंत सरकार पार्ट-2 साबित हो रही चंपई सरकार : आरती

**बरहेट एवं रातू में सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने झामुमो- कांग्रेस की महिला सुरक्षा को दिखाया ठेंगा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि साहिबगंज जिला के बरहेट में ईद के दिन एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना से आहत नाबालिग लड़की ने आत्महत्या कर ली। आज रांची के रातू थाना में नाबालिग लड़की अपनी सहेली के साथ मेला घूमने गई थी, वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी। जेएमएम, कांग्रेस और राजद वाली गठबंधन को ठगबंधन बताते हुए आरती सिंह ने कहा कि पूर्व में हेमन्त सोरेन की सरकार में और अब चम्पई सोरेन की सरकार में महिला उत्पीड़न चरम पर है। हर दिन राज्य की बहू, बेटियों पर होने वाली अनाचार एवं उत्पीड़न की खबरों से अखबार रंगा रहता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जिस प्रकार हेमन्त सोरेन पार्ट-1 में ठगबंधन की सरकार में कानून व्यवस्था चारमायी हुई थी और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ था, ठीक उसी प्रकार अब हेमन्त सोरेन पार्ट -2 में भी अपराधी दिन दहाड़े दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे रहे है।

**दोनों घटनाओं में शामिल दुष्कर्मियों को राज्य सरकार दिलाये फांसी की सजा**

आरती ने कहा कि राज्य में पिछले 4 वर्षों में 6000 से अधिक दुष्कर्म घटना घटी है, उसमें 3000 से अधिक आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना घटी है। कहा कि अभी हाल ही में दुमका में स्पेनिश माहिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना से झारखंड को देश-दुनिया में शर्मसार किया। उन्होंने कहा कि झूठ - लूट की बुनियाद पर टिकी मतलबपरस्त गठबंधन सरकार के हाथों से कानून व्यवस्था की लगाम निकल चुकी है। पूरा पुलिस प्रशासनिक तंत्र सत्ताधारी नेताओं के लिए वसूली में लगा हुआ है और राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। कहा कि न विधि, न व्यवस्था, अपराधियों का मनोबल है अपने चरम पर ऐसे में महिला घर से बाहर निकलने में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। अगर लूट और झूठ से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को फुर्सत मिले तो बहन-बेटियों की सुरक्षा पर ध्यान दे सरकार। आरती ने कहा कि इस संगीन जुर्म के दोषियों पर राज्य सरकार दिलाये फांसी की सजा।

# झारखंड एनडीए में जदयू उपेक्षा का शिकार: संतोष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड के एनडीए गठबंधन में सबकुछ ठीक ठाक नजर नहीं आ रहा है। जदयू को झारखंड में एक भी सीट नहीं मिली है। इस कारण जदयू के नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं में नाराजगी है। राज्यसभा सांसद सह जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के द्वारा लाख कोशिशों के बावजूद एक भी सीट झारखंड में एनडीए कोटे से जदयू को नहीं मिली।

**जदयू के प्रदेश महासचिव ने उपेक्षा का लगाया आरोप :** झारखंड जदयू के प्रदेश महासचिव संतोष सोनी एनडीए के अंदर पार्टी की उपेक्षा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहते हैं कि अब तक एनडीए की तीन बैठक हुई है, मगर एक भी बैठक में जदयू को बुलावा नहीं आया। इतना ही नहीं चुनावी रणनीति बनाने में भी जदयू के साथ कोई बैठक नहीं की गई है। ऐसे में झारखंड की सभी 14 सीटों में 13 सीटों पर बीजेपी और एक सीट पर आजसू कैसे चुनाव लड़ेगी ये वही जानते हैं। कहा कि गठबंधन धर्म निभाने के बजाय संभावना दिख रही है कि बीजेपी अति उत्साह में बड़ा नुकसान कर लेगी, क्योंकि झारखंड में जदयू के लाखों कार्यकर्ता हैं जो उदास हैं, क्योंकि पार्टी चुनाव तो लड़ नहीं रही है।

**झारखंड एनडीए में सबकुछ है ऑल इज वेल, जदयू है हमारा सहयोगी: बीजेपी**

झारखंड जदयू की नाराजगी के बीच बीजेपी ने कहा है कि एनडीए में ऑल इज वेल है और जदयू हमारा सहयोगी है। बीजेपी सांसद और रांची सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे संजय सेठ कहते हैं कि एनडीए में कोई खटास नहीं है। हमारे साथ जदयू के लोग भी क्षेत्र में जाते हैं। इस बहाने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैं, जबकि एनडीए का नेतृत्वकर्ता देश और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वो करते हैं। इसको लेकर लोगों का अटूट विश्वास है।

# झारखंड भवन पट्टा, किराया और बेदखली के लिए नए विधेयक का प्रारूप होगा तैयार

**रांची।** झारखंड भवन (पट्टा किराया एवं बेदखली) नियंत्रण अधिनियम 2011 यथा संशोधित को नये सिरे से विधेयक प्रारूप तैयार किया जायेगा। सरकार ने इसके लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित की है। इस समिति में सदस्य सचिव के पद पर अतुल कुमार को शामिल किया गया है। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। राज्य सरकार किराया संबंधित विवादों के त्वरित निपटारे के लिए दूसरे राज्यों के प्रावधानों का भी अध्ययन कर रही है। पंजाब एवं हरियाणा व छत्तीसगढ़ के प्रावधानों की भाांति अपीलय प्राधिकार के रूप में झारखंड भवन अधिनियम 2011 व यथा संशोधित को लागू किया जायेगा। महाधिवक्ता झारखंड ने भी इस संबंध में सलाह दी है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद विधेयक प्रारूप को अंतिम रूप दिया जायेगा। इसकी स्वीकृति कैबिनेट से लेकर विधानसभा से भी ली जायेगी। झारखंड में भाड़े किराये संबंधित विवादों, शिकायतों एवं अपराधों के निपटारे और न्याय निर्णय की शक्ति उपायुक्तों से वापस लेने का प्रस्ताव है।

नगर संस्करण । पेज : 12 | रांची, रविवार 14.04.2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 270

सुप्रभात




धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




## न्यूज डायरी

### लालू को फिर झटका वृष्णि पटेल ने छोड़ा साथ

**पटना।** लोकसभा चुनाव के बीच लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी राजद को झटके पर झटके लग रहे हैं। पूर्व मंत्री वृष्णि पटेल ने भी राजद से इस्तीफा दे दिया है। वहीं अशफाक करीम राजद छोड़कर जेडीयू में चले गये। श्री पटेल ने आरोप लगाया कि राजद में अब लोकतंत्र नहीं रहा। सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक न्याय से भी पार्टी का मोहभंग हो रहा है। दुखी होकर वह पार्टी छोड़ रहे हैं।

### जलियांवाला बाग के शहीदों को मुख्यमंत्री ने किया नमन

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने पंजाब के जलियांवाला बाग नरसंहार के बलिदानियों को याद किया। सीएम ने शनिवार को एक्स पर लिखा है कि जलियांवाला बाग नरसंहार में शहीद हुए अमर बलिदानियों के वीरता एवं अदम्य साहस को कोटि-कोटि नमन। आपके सर्वोच्च बलिदान को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं पायेगा

### उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनायें : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड कांग्रेस ने रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्षों सहित वरीय नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। महारैली में भाग लेने राहुल गांधी, खड़गे, सोनिया गांधी समेत इंडी गठबंधन के अनेक वरिष्ठ नेता भाग लेने आ रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में एके की याचिका पर कल सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में उन्हें गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

### गिरीडीह में भाभी की हत्या कर दंपती फरार

**गिरिडीह ।** पचंबा थाना इलाका और गिरिडीह जमुआ रोड के रानीखावा गांव में बच्चों के मामूली विवाद में एक ही परिवार ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि छोटी गोतनी और उसके पति ने मिलकर बड़ी गोतनी कुंती देवी ( 48) की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पचंबा थाना प्रभारी नरेश यादव ने मृतिका के पति पुरन मंडल के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया है। वहीं, दोनों आरोपित पति पत्नी सुनीता देवी और रमेश मंडल फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। दोनों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी भी कर रही है। हत्या का कारण घर में लगा एक नल बना, जिसके कारण दोनों गोतनी का बेटा आपस में लड़ गया। घटना के वक्त मृतिका के पति पुरन मंडल के घर से बाहर काम से गए हुए थे।इसी बीच यह घटना हुआ।

## तीसरी आंख




### सीएम चंपई ने किया दावा सभी 14 सीटों पर हमारी जीत होगी

# विकास विरोधी भाजपा को उखाड़ना ही है उद्देश्य

**बूथ संवाद कार्यक्रम में बोले सीएम**

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जायें
- गठबंधन को जिताने में सभी लग जायें
- चुनाव के दिन अपने बूथ पर ही डटे रहें
- गम्हरिया में बूथ संवाद कार्यक्रम में पार्टी के कई प्रमुख नेता थे शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, सरायकेला।** मुख्यमंत्री चंपइ सोरेन ने भाजपा को विकास विरोधी और तनाशाही सरकार करार दिया। ऐसे में तानाशाही भाजपा सरकार को उखाड़ना ही महागठबंधन का उद्देश्य है। सीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी कहकर लोगों को गुमराह करने वाली भाजपा ने झारखंड की जनता से दगाबाजी की है। यही वजह है कि लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड में भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा। राज्य की सभी सीटों पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी। श्री सोरेन गम्हरिया और सरायकेला में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोल रहे थे।

**अबकी सभी सीटें जीतेंगे :** चंपाई सोरेन ने दावा किया कि इसबार गठबंधन के प्रत्याशी झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेंगे। झामुमो चुनाव की तैयारी में जोर-शोर से जुट गया है। खासकर सिंहभूम और जमशेदपुर लोकसभा सीट झामुमो के लिए प्रतिष्ठा की सीट बन गयी है। चुनाव तैयारियां का जायजा लेने के लिए वह खुद चार दिवसीय दौरे पर सरायकेला पहुंचे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव तैयारी की जानकारी ली और कई टिप्स भी दिये। (शेष पेज 11 पर)

**जमीनी स्तर पर काम शुरू करें**

मुख्यमंत्री श्री सोरेन चार दिवसीय दौरे पर शनिवार को अपने गृह जिला सरायकेला-खरसावां में थे। वह पहले गम्हरिया के पिंडराबेड़ा में ग्रामीण से मिले फिर झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बूथ कमेटी की बैठक में शामिल हुए। बूथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा सीएम ने कहा कि झामुमो और उसके सहयोगी दलों के गठबंधन को जिताने के लिए जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दें। भाजपा को हराने के लिए जुट जायें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में सक्रिय हो जाने का निर्देश दिया।

## सरहुल मेला से लौट रही नाबालिग से गैंगरेप



- रातू के महादेवटंगरी में दिया अंजाम, पांच आरोपी गिरफ्तार
- सभी पीड़िता के गांव के ही थे, पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू, रांची।** सरहुल मेला देख कर लौट रही 9 वीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा से रातू थाना क्षेत्र के महादेवटंगरी में गैंगरेप का मामला सामने आया है। इस मामले में रातू पुलिस ने पांचों आरोपियों को धर दबोचा है। एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि नाबालिग आदिवासी लड़की अपनी एक सहेली और दो दोस्तों के साथ पास के गांव में ही शुक्रवार की रात मेला देखने गयी थी। लौटने के क्रम में दोनों ने मिलकर अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की सहेली किसी तरह दरिंदों के चुंगल से भागने में कामयाब रही। उसने आ कर घरवालों को इसकी सूचना दी। पीड़िता के बयान पर पोक्सो एक्ट के तहत शनिवार को एफआइआर दर्ज किया गया। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में सोनू लोहरा, उत्तम मुंडा, संजू मुंडा , सुभाष तिर्की और विपिन मुंडा शामिल है। सभी से पूछताछ की जा रही है।

**लड़की ने घर पहुंच परिजनों को दी जानकारी :** गैंगरेप की शिकार नाबालिग देर रात किसी तरह अपने गांव पहुंची। अपने परिवार वालों को मामले की जानकारी दी। परिवार वाले शुक्रवार को थाना नहीं पहुंचे, बल्कि शनिवार की दोपहर थाना पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत हरकत में आयी और एक घंटे के अंदर ही चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**गांव के लड़के ने ही कांड किया**

रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि रातू पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना गुनाह भी पुलिस के सामने कबूल किया है। गैंगरेप की शिकार नाबालिग लड़की का मेडिकल टेस्ट करवाया जा रहा है। परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत की है, जिसपर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सभी आरोपी ग्रामीण ही हैं। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार जिन दो लड़के के साथ दोनों नाबालिग लड़कियां मेला देखने निकली थी उसी लड़के ने फोन कर अपने अन्य तीन साथियों को बुलाया था। सभी लड़के लौटन के क्रम में एक सुनसान जगह पर दोनों नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ करने लगे। छेड़खानी के क्रम में किसी तरह मौका पाकर एक लड़की मौके से भागने में सफल हो गयी। लेकिन एक नाबालिग लड़की दरिंदों के चंगुल में फंस गयी। सुनसान स्थान पर पांचों लड़कों ने नाबालिग से गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गये।

### राहुल ने खेला आदिवासी कार्ड, केंद्र पर मढ़ा गंभीर आरोप

## आदिवासी शब्द बदलने की कोशिश कर रहे मोदी

**एजेंसी**



**बस्तर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला में एक चुनावी रैली केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने आदिवासी कार्ड खेला और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से रोका गया क्योंकि वह एक आदिवासी हैं। यह भाजपा की सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं-संविधान की रक्षा करने वाले और उसे नष्ट करने वालों- के बीच की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनते ही तीस लाख रिक्त पद भरे जायेंगे।

**भाजपा की सोच आदिवासी विरोधी**

बस्तर से कांग्रेस के उम्मीदवार कवासी लखमा के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, मोदी आदिवासी शब्द को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। हम आपको आदिवासी कहते हैं लेकिन वे वनवासी शब्द का इस्तेमाल करते हैं। वनवासी और आदिवासी शब्दों में बहुत बड़ा अंतर है। आदिवासी शब्द का गहरा अर्थ है। (शेष पेज 11 पर)

### कांग्रेस का ध्यान अपनों पर, आपके बेटे-बेटियों पर नहीं : शाह

## बीसों बार हुई लांचिंग हर बार फेल रहे राहुल

**एजेंसी**



**अलवर।** वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस का ध्यान सिर्फ अपने ही परिवार पर रहती है, आपके बेटे-बेटियों पर नहीं है। भाजपा नेता ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने बीस बार उनकी लांचिंग की, पर हरबार वह फेल ही रहे। श्री शाह ने कहा, इस बार 400 पार करना है। मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है। दस साल में कई असंभव काम हुए हैं। वह राजस्थान के अलवर लोकसभा सीट से भूपेंद्र यादव के समर्थन में चुनावी सभाओं में बोल रहे थे। ये वीरों की धरती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राम मंदिर के मुद्दे को लटकाये रखा। राम मंदिर के निमंत्रण को भी ठुकराया। कांग्रेस ने ओआरओपी का वादा पूरा नहीं किया है।

**कांग्रेस ही लॉन्च नहीं हो पा रही :** शाह ने कहा कि पीएम ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान भी हाथ में लिया है। मोदी कहते हैं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और कांग्रेस एक ही नारा लेकर चली है, बेटा बचाओ-पीएम बनाओ। सोनिया का पूरा ध्यान राहुल बाबा को पीएम बनाने में है। आपके बेटे-बेटियों पर ध्यान नहीं हैं। राहुल बाबा एक ऐसा यान है जो 20 बार लॉन्च हुआ और हर बार लॉन्चिंग फेल हुई है। (शेष पेज 11 पर)

## कमसार में घुसे 32 हाथियों ने मचाया आतंक, दहशत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो ।** जिले के कसमार प्रखंड के हिसीम व खुदीबेड़ा गांव में शनिवार को दिनदहाड़े 32 हाथियों के एक झुंड के घुस कर आतंक मचा दिया। हर ओर अफरातफरी मच गयी। ये हाथी अलग-अलग झुंड में बंटे हुए हैं। हाथियों के झुंड ने खुदीबेड़ा समेत आसपास के गांवों के कई ग्रामीणों की गेहूं व अन्य फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया। इस दौरान हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इससे ग्रामीण दहशत में है।

**सुबह घुसा हाथियों का झुंड :** जानकारी के अनुसार, हाथियों का झुंड हिसीम-केदला व सेवाती के घने जंगल से होते हुए सुबह करीब 9:00 बजे गांव में प्रवेश कर गया। कुछ देर बाद ही झुंड खुदीबेड़ा पहुंचा एवं गांव के किनारे खेतों में लगी फसलों को रौंदना शुरू कर दिया। एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों की फसलों को नष्ट कर दिया। खुदीबेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 10 सालों के बाद हाथियों का झुंड दिनदहाड़े इस गांव में प्रवेश किया है। इसके चलते गांव में दशहत का माहौल कायम हो गया। भोक्ता परब आयोजित होने के कारण काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ था। एक झुंड ने हिसीम के महादेव बेड़ा के पास सड़क के किनारे डेरा जमा रखा था। सिंहपुर पूजा कमेटी की ओर से बार-बार श्रद्धालुओं को अलर्ट किया जा रहा था। घटना की सूचना पाकर वनकर्मी ठाकुरदास महतो मौके पर पहुंचे तथा गांव में घूम कर क्षति का जायजा लिया। श्री महतो ने बताया कि क्षति की जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी गयी है। संयुक्त ग्राम वन प्रबंधन समिति खुदीबेड़ा के अध्यक्ष अधीरचंद्र चक्रवर्ती ने गांव में दिन दहाड़े हाथियों का झुंड प्रवेश करने पर चिंता जतायी है। कहा कि इस तरह अगर हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश करने लगा, तो जान-माल की भारी क्षति हो सकती है।

### मोदी ने चीन को डबल क्लीन चिट दी : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पीएम मोदी पर हमला बोला और देश की जमीन पर कब्जा करने वाले चीन को डबल क्लीन चिट देकर राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से जवाब मांगा कि भारत को अभी भी देपसांग मैदान, डेमचोक नाला और हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा पोस्ट में कई गश्त बिंदुओं तक पहुंच से क्यों वंचित किया गया है। श्री खड़गे ने कहा कि चीन के प्रति श्री मोदी की नीति एम फॉर मीक है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स के जरिए चीन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान की भी आलोचना की और कहा, विदेश मंत्री का बयान है कि चीन ने किसी पर भी कब्जा नहीं किया है।

## 200 सीट भी नहीं जीत पायेगी भाजपा : ममता



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 200 सीटों पर भी जीत दर्ज नहीं कर सकेगी। उन्होंने इसी के साथ पीएम मोदी की ओर से दी जा रही गारंटी को झूठा करार दिया। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाया गये संविधान को नष्ट कर रही है। तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि भाजपा 200 सीट भी नहीं जीतेगी। उन्होंने उत्तर बंगाल के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी के झांसे में नहीं आयें। ये कुछ और नहीं बल्कि चुनावी जुमला है। दरअसल भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधनों है कि कोलकाता में (राजग) ने आगामी चुनाव में 400 से अधिक लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है। इस पर ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि आप ने (भाजपा) देश के संविधान को नष्ट कर दिया है जिसे बाबासाहेब आंबेडकर ने बनाया था। हालांकि देश के संविधान को किस तरह से नष्ट किया गया है अथवा किस आधार पर मुख्यमंत्री यह बात कह रही हैं, इस बारे में उन्होंने खुलकर कुछ नहीं बताया।

### मैट्रिक का रिजल्ट जैक बोर्ड 20 को जारी करेगा

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा का रिजल्ट 20 अप्रैल को जारी किया जायेगा। इसे लेकर जैक ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। मैट्रिक की कॉपियों की जांच का कार्य पूरा हो गया है। मार्क्स फाइल भी तैयार कर ली गयी है। यह जानकारी जैक की ओर से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को दी गयी है। जैक सचिव सच्चिदानंद तिग्गा ने बताया कि 20 अप्रैल को मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा। वहीं, इंटर परीक्षा की कॉपियों की जांच का कार्य अभी कुछ जिलों में पूरा नहीं हो सका है। इस कारण इंटर की परीक्षा का रिजल्ट मैट्रिक के साथ नहीं जारी होगा। इंटर का रिजल्ट 17 मई के आसपास जारी होने की संभावना है। इस बार मार्क्स फाइल तैयार करने में उच्च तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

### झारखंड की शेष चार सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र

# रांची से सुबोधकांत, धनबाद से अनुपमा सिंह आगे

**सत्येन्द्र**



**रांची।** सात में से तीन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी कांग्रेस चार सीटों के प्रत्याशियों के नाम पर मंथन कर रही है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि चार सीटों के लिए कांग्रेस आलाकमान ने उम्मीदवारों के नामों का चयन कर लिया है सिर्फ औपचारिक घोषणा भर बाकी है। चर्चा है कि रांची लोकसभा सीट से सुबोधकांत सहाय और धनबाद से बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह सबसे आगे हैं। टिकट के दावेदारों को शनिवार के दिन भरोसा था कि होनेवाली सीईसी की बैठक के बाद नामों की घोषणा हो जायेगी। इसके बावजूद झारखंड कांग्रेस के अंदरखाने में कुछ सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कयास लगाये जा रहे है। अपनी उम्मीदवारी को बरकरार रखने के लिए झारखंड के शेष बचे चार सीटों के दावेदार पिछले कई दिनों से दिल्ली में डेरा डाले हुए है। अपन-अपने चहेते नेताओं के माध्यम से लॉबिंग कर रहे है। नामों की घोषणा नहीं होने से मायूस है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दिल्ली में ही है। टिकट दावेदारों को अब अगली बैठक का इंतजार है।

**धनबाद से अनुपमा सिंह की चर्चा**

पुख्ता सूत्रों की माने तो धनबाद लोकसभा सीट से अभी सबसे आगे बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह चल रही है। वो कांग्रेस के दिग्गज नेता स्व. राजेंद्र सिंह की बड़ी पुत्रवधु है। अनुपमा सिंह के साथ धनबाद लोकसभा सीट से राजेंद्र सिंह के छोटे बेटे कुमार गौरव, ददई दुबे और जलेश्वर महतो का नाम भी रेस में है। (शेष पेज 11 पर)

**सुबोधकांत की उम्मीदवारी लगभग तय**

राजधानी रांची के सीट पर भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं होने से कार्यकर्ता मायूस हैं। पहले से तय था कि रांची सीट से सुबोधकांत सहाय कांग्रेस के उम्मीदवार होगें। पर अचानक रामटहल चौधरी के कांग्रेस में शमिल होने से रांची के जातीय समीकरण को देखते हुए लगने लगा कि सुबोधकांत की जगह रामटहल उम्मीदवार हो सकते है। हालांकि कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि रांची सीट से उम्मीदवार को लेकर सुबोधकांत सहाय रेस में रामटहल चौधरी से आगे चल रहे है। कांग्रेस रांची से सुबोधकांत को ही उम्मीदवार बनायेगी। इसकी सिर्फ औपचारिक घोषणा बाकी है।

## पाकिस्तान में आतंकी हमला, 11 लोगों की मौत

**क्वेटा।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के नुश्की जिले में शुक्रवार की देर रात अज्ञात आतंकवादियों के हमले में पंजाब प्रांत के नौ यात्रियों सहित 11 लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये। नुश्की के उपायुक्त हबीबुल्लाह मुसाखेल ने कहा कि कल रात 12 से अधिक आतंकवादियों ने नुश्की से लगभग एक किलोमीटर दूर सुल्तान चढाई के पहाड़ी बिंदु पर क्वेटा-नुश्की-ताफ्तान एन -40 राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। एक वाहन के नहीं रुकने पर गोलीबारी की। गोलीबारी के कारण वाहन का टायर फट गया और पलट गया, जिससे वाहन चालक की मौत हो गयी। नुशकी पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने क्वेटा से ताफ्तान जा रही एक यात्री बस को भी रोक दिया और यात्रियों के सीएनआईसी की जाँच की और नौ लोगों का अपहरण कर लिया । ये लोग पास पंजाब प्रांत के निवासी थे। नुश्की के थाना प्रभारी असद मेंगल ने कहा कि आतंकवादी अपहत व्यक्तियों के साथ पास की पहाड़ियों की ओर भाग गये और बाद में सभी नौ लोगों के शव आसपास के एक पुल के नीचे पाए गए। इन सभी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। नुश्की के पुलिस अधीक्षक अल्लाह बख्श ने कहा कि मारे गए लोग मंडी बहाउद्दीन, वजीराबाद और गुजरांवाला के थे।

# बैसाखी पर सजा विशेष दीवान



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में बैसाखी एवं खालसा साजना दिवस के उपलक्ष में शनिवार को विशेष दीवान सजाया गया। पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल स्थित परिसर में विशेष दीवान सजाया गया। गुरुनानक स्कूल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। इसके बाद लंगर चखा गया। बैसाखी पर्व पर अमृतसर से आए रागी जत्था भाई दलबीर सिंह ने शबद कीर्तन किया। सिख सेवक जत्था और स्त्री सत्संग सभा का विशेष सहयोग रहा।

## श्री सप्तदेव धाम वृंदावन कॉलोनी में तीसरे दिन का अनुष्ठान संपन्न



**रांची।** श्री सप्तदेव धाम वृन्दावन कॉलोनी चिरौंदी में चल रहे प्राण प्रतिष्ठान समारोह के तीसरे दिन वेदी पूजन (प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ हुआ। साथ ही पुष्पाणिवास, फलाधिवास, मिष्ठान्न, औषधि, शर्करा, धूप, घृत इत्यादि अनुष्ठान के बाद संध्या आरती किया गया। श्री सप्तदेव धाम मंदिर प्रागण में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा, श्री राधा कृष्ण, सकट मोचन हनुमान, श्री लक्ष्मी गणेश, माता शीतला देवी एवं बाबा भैरव नाथ का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

## खरना संपन्न, आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य



**रांची।** लोक आस्था और सूयोर्पासना का महापर्व चैती छठ के दुसरे दिन शनिवार को छठ व्रतीयों ने खरना का व्रत किया। खरना व्रत के दिन संध्या काल में व्रती प्रसाद के रूप में गुड़ की खीर, रोटी और फल का सेवन किया और अब अगले 36 घंटों तक निर्जला व्रत रखेंगी। रविवार को छठ व्रती अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे जबकि सोमवार सुबह उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व का समापन होगा।

# ग्रामीण बच्चे पढ़ाई में शहरी बच्चों से पीछे नहीं : नेहा महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत बादला गांव में जय किसान पब्लिक स्कूल का तृतीय वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुदेश कुमार महतो की पत्नी नेहा महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव रामदुर्लभ सिंह मुंडा उपस्थित रहे। मौके पर नेहा महतो ने कहा कि तमाड़ की माटी के बच्चे भी इस प्रकार के स्कूल में पढ़कर रांची के डीएवी जैसे संस्थान से पढ़ने वाले बच्चों से आगे बढ़ सकते हैं। केवल आप और हम जैसे लोगों को साथ देने की आवश्यकता है। गांव के बच्चे शहर से पीछे नहीं हैं। इधर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा कि वास्तव में यह विद्यालय इस तरह के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में खोलने पर आनेवाले समय में यहां के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। आगे विशिष्ट अतिथि रामदुर्लभ सिंह मुंडा ने कहा कि शिक्षा से ही हम गरीबी को दूर भगा सकते हैं, इसलिये हम सबों को गर्व महसूस हो रहा है कि इस तरह के अंग्रेजी माध्यम का स्कूल हमारे गांव मे भी खोला गया है ताकि इस क्षेत्र के गरीब किसान के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने के लिए गांव से बाहर जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर विद्यालय के संचालक प्रो. शरद चंद्र महतो, विद्यालय के भूमि दाता देवशरण सिंह मुंडा, राजकिशोर कुशवाहा, शक्तिपद, गंभीर महतो, चंद्रप्रकाश महतो, प्रदीप महतो, सुदर्शन महतो, धनु नाग, गुलाम महतो थे।

## रातू रोड फ्लाइओवर के प्रोजेक्ट मैनेजर से लेवी मांगने का मामला

# लेवी मांगने में अपनी संलिप्तता से टीपीसी का साफ इनकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रातू रोड फ्लाइओवर बना रही कंपनी केसीसी बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर मो. साबिर से फोन पर टीपीसी के राहुल गंझू के नाम से लेवी मांगी गई थी। लेवी के रूप में अग्रिम पांच प्रतिशत सेटलमेंट राशि की मांग की गई थी। राशि नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। इस घटना में अपनी संलिप्तता से टीपीसी उग्रवादी संगठन ने इनकार किया है।

**क्या है मामला** : शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया है कि उन्हें पहली बार एक मोबाइल नंबर से वाट्सएप कॉल 3 अप्रैल को आया था। इसके बाद फोन करने वाले ने अपना नाम राहुल बताते हुए कहा कि आप लोग रातू रोड फ्लाइओवर का निर्माण कर रहे हैं, लेकिन मेरा सेटलमेंट अभी तक नहीं किया गया है। आगे बोला कि हमारे बारे में पता कर लेना। इसके बाद जान मारने की नीयत से धमकी देते हुए सेटेलमेंट के रूप में पांच प्रतिशत राशि की मांग की गई। राशि नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उन्हें दूसरी बार चार अप्रैल को फोन आया और केसीसी बिल्डकॉन से सेटलमेंट कराने की धमकी दी गई।

घटना की सूचना बुधवार को लिखित रूप से शिकायतकर्ता की ओर से पुलिस को दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज किया है।

रातू रोड में फ्लाइओवर बनाने वाली कंपनी को राहुल गंझू के नाम पर धमकी देने वाले को फ्रॉड बताते हुए राहुल गंझू ने अपना मोबाइल 8521728809 जारी किया है।

### हिरासात में लिये गये मसीह तिग्गा को छोड़े पुलिस

टीपीसी उग्रवादी संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चतरा के पिपरवार थाना क्षेत्र से मसीह तिग्गा समेत अन्य कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्हें कई दिनों से प्रताड़ित किया जा रहा है। टीपीसी ने चेतावनी दी कि 24 घंटे के भीतर यदि हिरासत में लिये गए युवकों को छोड़ा या जेल नहीं भेजा जाता है, तो टीपीसी झारखंड बंद का आह्वान करेगा।

## खबर एक नजर में

### फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा हुई सम्मानित



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल के तत्वावधान में रांची प्रेस क्लब के सभागार में भारतीय अंतर 16 के नव चयनित फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा और उसके माता और प्रशिक्षक अनवारुल हक का सम्मान और आर्थिक सहायता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रंजन कुमार थे। लिटिल विंग्स स्कूल के निदेशक रमेन्द्र कुमार ने फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया और हर तीन सालों तक आर्थिक सहायता करने की घोषणा की। मौके पर जगदीश सिंह जग्गू, रमेन्द्र लाल, नकुल तिर्की, बिरसा कश्यप, राणा मिश्रा आदि थे।

### यूनियन क्लब में पौइला वैशाख मेला शुरू



**रांची।** यूनियन क्लब हॉल में शनिवार को पौइला वैशाख मेला का उद्घाटन डॉ शिप्रा भट्टाचार्य, डॉ पम्पा सेन विश्वास, रूमा चटर्जी और भस्वती मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर स्थानीय बांग्ला समुदाय के कलाकार ने समूह गीत प्रस्तुत किया। मेले में कुल 27 स्टॉल लगे हैं। राजधानी के बंगभाषियों को मेला खूब भा रहा है। दो दिवसीय मेला आज संपन्न होगा। कार्यक्रम का में गीता डे, रिंकू बनर्जी और मानस मुखर्जी मौजूद रहे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जयंती



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में डॉ. भीम रॉव अम्बेडकर की 134वीं जयंती शनिवार को मनाई गई। विद्यालय परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गई। छात्रों ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। संविधान निर्माण में डॉ. अम्बेडकर के योगदान और संविधान की प्रस्तावना के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों से कहा कि उन्हें भीम रॉव अम्बेडकर जैसे महान व्यक्तियों का अनुसरण करना चाहिए एवं प्रस्तावना में दिए गए न्याय, स्वतंत्रता, समानता, एकता जैसे गुणों को अपने जीवन में उतारना चाहिए ताकि हमारा देश एक सच्चा प्रजातांत्रिक देश बन सके।

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने मनमोहा



**रांची।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल जाहेर, ब्राम्बे में प्राकृतिक उपासना का महापर्व, सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रावास के विद्यार्थियों ने भव्य झांकी एवं संगीत के साथ-साथ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की। मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. रोमी झा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में विभिन्न प्रकार के उत्सवों एवं संस्कृति को समझने की प्रेरणा मिलती है। अरविंद कुमार पांडे एवं ज्योत्स्ना झा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### डीएवी हेहल में याद किये गये डॉ. अंबेडकर



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में भारत के महान नेता, समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। मौके पर क्विज व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की यज्ञशाला में विशेष हवन-यज्ञ भी हुआ, जहां देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जलियांवाला बाग के अमर बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस के मिश्रा ने कहा कि बाबासाहेब की जयंती का दिन हमें असाधारण योगदान की याद दिलाने के साथ-साथ समानता और सामाजिक न्याय के लिए हमारी निरंतर यात्रा पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है।

### निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती



**रांची।** मोराबादी के एदलहातू स्थित निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को संविधान के रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा के साथ-साथ शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी। उनके पास ज्ञान का अकूत भंडार था। इसके बावजूद उन्होंने सभी सुख और वैभव त्याग कर देश के निर्माण में खुद को समर्पित कर दिया। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं में किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार, निशा कुमारी, सुधा राणा, गीता शर्मा, मोनी बाला शर्मा, पंकज कुमार, सुरेश कुमार, सुधीर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# आदिवासियों को प्राप्त संविधान प्रदत्त आरक्षण पर कुड़मी नेताओं की नजर : आदिवासी समाज

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** आदिवासियों को प्राप्त संविधान प्रदत्त आरक्षण और आरक्षित विधानसभा व लोकसभा पर कुड़मी नेताओं की नजर, आदिवासी समाज इसका घोर निंदा करता है। ये बातें शनिवार को संवाददाताओं से बात-चीत करते हुए आदिवासी समाज के शशि पन्ना, प्रेमचंद मुर्मू, कुंदरेसी मुंडा, अनिल पन्ना और अमरनाथ लकड़ा ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि इनकी भाषा कुरमाली, बंगला और मगही का अपभ्रंष है तथा ये इंडो आर्यन लैंग्वेज फैमिली से है। आदिवासी का भाषा ड्राविडियन और ऑस्ट्रो एशियाटिक लैंग्वेज फैमिली से है। क्षेत्र के साथ साथ इनका भाषा भी बदल जाता है।

बिहार में मगही, झारखंड में खोरठा और कुरमाली, बंगाल में बगला, ओडिसा में उड़िया भाषा बोलते हैं। मौके पर शशि पन्ना ने कहा कि कुरमी/कुड़मी को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर आदिवासी समाज आक्रोशित है। कुरमी/कुड़मी की भाषा, संस्कृति, परंपरा, रीति रिवाज कुछ भीं आदिवासी से मेल नहीं खाता है। लोकुर कमिटी द्वारा जो 5 मापदंड तय किया गया है उसमें में कुरमी/ कुड़मी किसी भी अहर्ता को पूरा नहीं करता है। कुरमी/कुड़मी के कुछ नेता अपनी राजनीति फायदे के लिये आदिवासी बनना चाहते हैं। उनकी नजर संविधान प्रदत्त आदिवासियों के आरक्षण पर है, उनकी नौकरियों पर है। साथ ही कहा कि वे बहुत सबल हैं,बुद्धिमान है,उनका समाज जागरूक है। ऐसे में वे आदिवासी बन जाते हैं तो विधानसभा और लोकसभा के आरक्षित सीटों पर कब्जा जमा सकते हैं।

## श्री श्याम मित्र मंडल का 107वां श्री श्याम भंडारा संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल हरमू रोड़ में 107वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन शनिवार को किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में यजमान सरोज देवी मारू पुनीत और नवनीत मारू ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्राम जी गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। श्री श्याम भंडारे में लगभग 2500 से ज्यादा भक्त जनों ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया।

## राईन पंचायत, डेली मार्केट दुकानदार समिति और क्रांति स्पोट्स क्लब ने मनाया ईद मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ईद उल फितर के मौके पर शनिवार को राईन पंचायत, डेली मार्केट दुकानदार समिति, क्रांति स्पोट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रांची के लेक रोड स्थित क्रांति स्पॉट्स क्लब लीलू अली इमामबाड़ा के बाहर एक हजार से ज्यादा लोग पहुंचे तथा मीठी सेवईयां खाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। अतिथियों का स्वागत राईन पंचायत के हाजी फिरोज, इस्तेखार अहमद पप्पू, डेली मार्केट के मो नसीम डब्लू, सज्जाद खलीफा, साजिद इस्लाम डब्बू, हाजी जावेद, अरशद कल्लू, क्रांति स्पॉट्स क्लब के हाजी अब्दुल रऊफ, तहसीन, मो तारिक अय्यूब, मो रमीज, मो राहिल, इरशाद, हारिश अय्यूब ने किया।

# जीएसएस पंडरा में इंटर हाउस क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डॉ भीम राव राम अंबेडकर की जयंती के मौके पर शनिवार को गवर्मेंट हाई स्कूल पंडरा में इंटर हाउस क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ अंबेडकर की प्रेरणीय जीवनी, भारतीय संविधान एवं आसन्न लोकसभा निर्वाचन के निमित्त मतदान जागरूकता विषयक 50 प्रश्नों की तालिका से सुसज्जित अष्ट राउंड प्रश्नावली में विद्यालय के हाउस मास्टर शिक्षक शिक्षिका सहित कप्तान दल एवं छात्र छात्राओं के समूह ने हिस्सा लिया।

क्विज मास्टर की भूमिका में स्कूल के हेडमास्टर अशोक प्रसाद सिंह, रोमा बराई, स्कोरर पीएम रिया कुमारी, प्रिया कुमारी और टाइम कीपर खुशी कुमारी गुप्ता के समन्वयन में सर्वाधिक 82 अंक प्राप्त करनेवाली हाउस तेंदुलकर हाउस चैंपियन रही, जबकि 80 अंक प्राप्त कर मंगेशकर हाउस द्वितीय एवं 78 अंकों के साथ कलाम हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। रमन हाउस चौथे, मदर टेरेसा हाउस पांचवें और राधाकृष्णन हाउस छठे स्थान पर रही। इसी तरह पेंटिंग में कलाम हाउस प्रथम, तेंदुलकर हाउस द्वितीय, रमन हाउस तृतीय रही है। इस अवसर पर बालिकाओं की रेड और ब्लू हाउस के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आगाज किया गया है।

## रांची जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार वाहन किया रवाना

# 25 अप्रैल तक वोटर लिस्ट में दर्ज करायें नाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप टीम की ओर से लगातार जिले में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 13 अप्रैल को समाहरणालय परिसर, रांची से मतदाता जागरूकता वाहन रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीडीसी दिनेश कुमार यादव एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। प्रचार वाहन के माध्यम से रांची लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा तैयार किए गए विभिन्न गीतों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

मौके पर राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि स्वीप के अंतर्गत जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वोटर अवेयरनेस फोरम, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन आदि के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई 2024 को मतदान होना है, इसमें ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। पूरी मशीनरी स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में चुनाव की तैयारी में जुटी है।

### मतदाताओं को घर पर मिलेगा वोटर स्लिप

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी), बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सफाई मित्रों और सफाई सुपरवाइजर द्वारा लगातार लोगों को मतदान एवं चुनावी प्रक्रियाा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान दिवस से 10 दिन पहले से मतदाता पर्ची बीएलओ के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। वोट देने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है। वैसे नागरिक जिनकी आयु 01 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष हो चुकी है, वो अभी भी अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि योग्य नागरिक बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर अपना आवेदन दे सकते हैं।

## गरीबों-असहायों की मदद के लिए उठ रहे हाथ, बढ़ रहा कारवां

**रांची।** अन्नपूर्णा सेवा के तहत इनर व्हील क्लब ने गायों को खिलाया चारा, किया दान इनर व्हील क्लब गरीबों-असहायों की मदद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। असहायों को आर्थिक सहायता से लेकर बच्चों की पढ़ाई के लिए सामग्री भी उपलब्ध करा रहा है। जगन्नाथपुर मंदिर में क्लब की ओर से तुलसी वन की स्थापना की गई है। साथ ही दो टॉयलेट निर्माण के साथ प्याऊं भी लगाया गया है। रांची रेलवे स्टेशन में दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर भी वितरित किए गए हैं। इसी कड़ी में क्लब के सदस्यों ने शनिवार को रांची गौशाला में गायों की सेवा भी की। चारा के साथ कई चीजें भी दान की। क्लब की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्लब की ओर से गरीब और असहायों के लिए कई प्रोजेक्ट को अमली जामा पहनाया जा रहा है। कामिनी भारती ने बताया कि गौ सेवा पुण्य का काम है।

स्पीड न्यूज

### अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

**बेड़ो।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ व्रत के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने खरना पूजा की। इसीके साथ व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने आस्था व श्रद्धा के साथ खरना पूजा के लिए खीर प्रसाद बनाया व भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की।खरना पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख समृद्धि व शांति का आशीर्वाद मांगा।वहीं व्रतियों ने मिट्टी के बने नये चूल्हे में खरना पूजा के लिए प्रसाद बनाया। वही तालाब में पानी नहीं होने कारण अधिकांश व्रती अपने घरों में ही पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगी। अस्ताचलगामी सूर्य को रविवार को पहला अर्घ्य दिया जायेगा। जबकि सोमवार की सुबह को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।

### दिनदहाड़े घरों का ताला तोड़कर चोरी

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र में इनदिनों दिनदहाड़े घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसी कड़ी में शनिवार को क्षेत्र के बंसरी गांव में दो घरों में अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार गांव के जिबलाल महतो अपनी पत्नी के साथ खेत मे काम कर रहा था इसी बीच चोरों ने घर मे रखे 80 हजार नगद,जेवरात चोरी कर लिया। साथ ही चरटू महली के घर का भी ताला तोड़कर नगद 5 हजार समेत अन्य सामानों की चोरी हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी विनीत कुमार ने पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना के हर पहलुओं की जांच किया।

### महावीर मंडल पिठोरिया का पुनर्गठन

**पिठोरिया।** महावीर मंडल पिठोरिया का पुनर्गठन किया गया है। मंडल के पदाधिकारी निम्नलिखित हैं - अध्यक्ष कृष्ण कुमार चौरसिया, महामंत्री राम प्रसाद, कोषाध्यक्ष बबलू महत व सह कोषाध्यक्ष राहुल साहू को चुना गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर 24, संगठन मंत्री 25, प्रचार मंत्री 24, मंत्री 17, कार्यकारणी सदस्य 14, अस्त्र-शास्त्र चालान प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली 9 और 6 लोगों को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। महावीर मंडल के अनुसार 16 अप्रैल को झांकी सह जुलूस का आयोजन किया गया है। वहीं 17 अप्रैल को पिठोरिया बाजार चरण में झंडा मिलन समारोह का आयोजन किया गया है और 18 अप्रैल को झारखंड स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन पिठोरिया दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया है।

### बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा को निकली कलश यात्रा

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के जीदू में नव निर्मित श्रीश्री बजरंगबली सह षिव महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को 401 महिलाओं द्वारा कलष निकाली गई। बाजे गाजे के साथ निकली कलस यात्रा जीदू बस्ती होते हुए भैरवी नदी जलाषय गई। वहां से विधिवत मंत्रोचारण के साथ कलष में जलभर कर मंदिर स्थल तक पहुंची। कलष यात्रा में शामिल राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा प्राण प्रतिष्ठा प्रतिमा में प्राण डालने के लिए जरूरी है। उन्होने कहा सनातन धर्म संस्कृति में महिलाओं की भी भुमिका काफी महत्वर्पूण है। रविवार को मंडप प्रवेष पंचागं पूजन, हवन आरती व अखंड कीर्तन व 15 अपैल दिन सोमवार को बजरंगबली व भगवान महादेव की प्राण प्रतिष्ठा प्रसाद वितरण के साथ तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न होगा।

# पारंपरिक संस्कृति और वेशभूषा के साथ निकाली गयी सरहुल शोभायात्रा की भव्य झांकी

- आम जीवों के व्यापक कल्याण के लिए हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए : भगत

खबर मन्त्र संवाददाता





सरहुल शोभायात्रा में उमड़ी भीड़।

**बेड़ो।** सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वाधान में शनिवार को ढोल ढांक नगाड़ा व मांदर के थाप पर पारम्परिक संस्कृति और वेशभूषा में झांकी के रूप में हजारों सरना आदिवासियों ने प्रकृति पर्व सरहुल की भव्य शोभा यात्रा और जुलूस निकाली। इस दौरान लोगों का जन सैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा?। सरहुल जुलूस के दौरान बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांव से निकाली सरहुल शोभायात्रा जुलूस परंपरागत नाच गान करते हुए बेड़ो बाजार टांड़ में जमा हुई। जिसके बाद सरहुल शोभायात्रा जुलूस के दौरान शोभा यात्रा में शामिल हजारों का जत्था बेड़ो बस्ती होते हुए बड़ा सरना स्थल पहुंचा। जहां सरना स्थल पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में बेड़ो की मुखिया सुशांति भगत, धनंजय कुमार राय, संरक्षक राकेश भगत, अनिल उरांव समेत कई लोगों ने मां सरना की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद सरहुल जुलूस बड़ा सरना स्थल से निकलकर विनय बगीचा गुमला रोड महावीर चौक होते हुए बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान सरहुल की शोभायात्रा जुलूस पहुंची। जहां सरहुल शोभायात्रा जुलूस एक समारोह में बदल गई। सरहुल जुलूस समारोह के दौरान मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर, पुर्व मंत्री बंधु तिर्की, राम नारायण भगत, परमेश्वर भगत समेत कई अतिथियों ने सरहुल जुलूस में शामिल हुए। इधर सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो के संरक्षक राकेश भगत ने कहा कि मानवमात्र व आम जीवों के व्यापक कल्याण के लिए हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। सरहुल शोभायात्रा जुलूस के दौरान अलग-अलग गांव से आए सरहुल शोभायात्रा जुलूस में युवक व युवतियां परंपरागत वेशभूषा में ढोल नगाड़ा के साथ परंपरागत नृत्य करते दिखाई दे रहे थे। समारोह को सफल बनाने के लिए सरहुल पुजा महासमिति के पदाधिकारियों में राकेश भगत, बुधराम उरांव, समेत कई लोगों ने सराहनीय योगदान दिया। इधर जुलूस के दौरान गुमला रोड़ स्थित सरना क्लब बेड़ो के तत्वावधान में समाजसेवी रंजन गुप्ता, समेत बिदिन उरांव ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के बीच चना गुड़ और सरबत का वितरण किया।

## ओरमांझी में सरहुल महोत्सव में झूमे युवा, बोलें विधायक

# आदिवासी संस्कृति बचाने को अखरा व खोखरा को भी बचाना जरूरी है

खबर मन्त्र संवाददाता



सरहुल महोत्सव में अभिनंदन स्वीकारते विधायक राजेश कच्छप।

**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान स्थित मुन्ना पतारा ओरमांझी में शनिवार को झारखंड प्रदेष आदिवासी सरना पड़हा समाज द्वारा सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आदिवासी सरना समिति द्वारा जुलूस व झांकी लेकर महोत्सव में पहुंचे। महोत्सव स्थल में युवा-युवतियों ने ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर सामुहिक झुमर नृत्य कर रहे थें। आयोजन स्थल पर सखुवा पेड़ के जंगल में सुखे पते गिरे थें। वहीं पर ढोलक की थाप पर सभी नृत्य व गीत पर झुम रहे थें। मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने आदिवासी संस्कृति को विषेष बताया और कहा अपनी पहचान व संस्कृति को बचाना है तो अखरा व खोखरा ( केकड़ा) को बचाना होगा। कहा जब अखरा ही नही होगा तो नृत्य कहां करेंगे। उन्होने सरहुल को प्रकृति पर्व बताया और लोगों को अपने पर्व त्योहार में इसी प्रकार सामुहिक नृत्य करने व जल, जंगल जमीन को बचाने का अपील किया। विषिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकात सहाय, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सहित कई लोगों ने संबोधित किया और लोगों को सरहुल महोत्सव की बधाई दी। प्रमुख अनुपमा देवी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व उपप्रमुख मुनजतीर अहमद रजा, डा. बिरसा उरांव, मुख्य पुजारी दिलरंजन पाहन, अध्यक्ष समुंदर पाहन, अघनु मुंडा, मानकी राजेंद्र शाही, अषोक गुप्ता, टीएसी अध्यक्ष जमल मुंडा, लक्ष्मण उरांव, अषोक मुंडा, रीना केरकेटा, योगेंद्र मुंडा, भीम मुंडा, मुखिया, पंसस सहित काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थें। सड़क जाम से परेशान मुसाफिर- सरहुल महोत्सव को आयोजन एनएच-20 फोरलेन पथ के किनारे मुन्नापतरा में प्रत्येक वर्ष लगता है। झांकी व जुलूस को आने-जाने व वाहनों का आवागमन में कोई असुविधा न हो इसके लिए प्रषासन द्वारा सड़क का एक लाइन बंद कर दी गई थी। वाहनों का अवागमन एक लाइन से हो रही थी। भीड़ इतनी बढ गई कि सड़क जाम हो गई। छोटी बड़ी बाहन जाम में फंस गए। सड़क जाम को देखते हुए सीओ नितिन षिवम गुप्ता व थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह दर्जभर पुलिस जवानों के साथ सड़क में खुलवाने में लगे थें। काफी प्रयास के बाद जाम में फंसे वाहन आगे निकलने में सफल रहें।

## एक नजर में

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन



भूमि पूजन करते।

**इटकी।** इटकी के केसरी नया तालाब स्थित रुद्र महाकाल मंदिर परिसर में आगामी 7 से 13 मई तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ सह भागवत कथा को लेकर शनिवार को विधिवत ढंग से भूमि पूजन किया गया। पंडित अखिल पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोचारण व गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। भूमि पूजन का जजमान आलोक केशरी थे। भूमि पूजन के उपरांत भंडारे का आयोजन व प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अशोक गोप, देवेंद्र महतो, बिनोद सिन्हा, लक्ष्मी सहित अन्य शामिल थे।

### सुगम मतदान कराने को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**तमाड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में सुगम मतदान कराने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभी सिंह, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी प्रभावती उपस्थित थी। उपस्थित सभी बीएलओ सुपरवाइजर, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सभी बीएलओ सेविकाओं को दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सुगमता पूर्वक मतदान कराने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। 01-01-24 एवं 01-04-24 को 18 बर्ष पूर्ण कर चुके दिव्यांग व्यक्तियों का नाम छुट गया है। उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कर उन्हें मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराते हुए मतदान कराना है। साथ ही मतदान के दिन सभी दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सुविधा प्रदान करते हुए मतदान दिवस पर वोट करने के लिए प्रेरित करने तथा मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधा पर जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है 2024 का लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करना है। इसी के साथ कार्यक्रम के अंत में सभी बीएलओ सुपरवाइजर को शपथ दिलायी गयी।

### एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के जारगो पंचायत के धाराकोंचा में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता आठ टीमों के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का फाइनल खेल नामकुम और मुचीडीह के बीच हुआ। जिसमे पेनाल्टी शूट के जरिए नामकुम की टीम विजयी रही। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विकास कुमार मुंडा शामिल हुए। लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में संसाधनों की कमी होने के बावजूद जिस प्रकार खेल का आयोजन किया गया है वो काबिले तारीफ है। मौके पर शिवनाथ मुंडा, उमेश महतो, बसु सेठ, संतोष ओड़िआ, विषम सिंह मुंडा, रंजीत सेठ आदि उपस्थित थे।

### रामपुर रिंगरोड के भूलभूलैया चौराहा पर पांचवी बार दुघर्टना नहीं चेता प्रशासन तो होगा सड़क जाम : स्थानीय लोगों

**नामकुम।** शनिवार सुबह थानाक्षेत्र के रांची टाटा रोड स्थित रामपुर रिंगरोड चौक की भूलभूलैया गोल चक्कर में फंसकर पांचवी दुघर्टना हुई। जिसमें एयरपोर्ट से टाटा जा रही एक ब्रेजा कार संख्या जेएच01ईडब्लू 7538 और टाटा से रांची की ओर आ रही एक स्विफट डिजायर कार में आमने सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनो कार के परख्च्चे उड गए और ब्रेजा कार तो तीन बार पलट कर रिंगरोड के दुसरे लेन में जा गिरी। हादसे में ब्रेजा कार पर सवार एक बच्चा घायल हो गया जबकि कार सवार दो महिला और दो पुरूस को हल्की चोटे आयी स्विफट डिजायर कार सवारों को भी मामूली चोटें आयी। घटना पर मौजूद स्थानीय लोगों ने नामकुम पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि रांची टाटारोड पर रामपुर रिंगरोड पर जब से चौराहा बना है लगातार वहां पर दुघर्टनाएं घट रही है। भूलभूलैया की तरह बनाया गया चौराहा पर हर ओर से आने वाली गाडियों के चालक दिगभ्रमित हो जाते है और दुघर्टना के शिकार हो जाते है। इससे पूर्व भी चार बार दुघर्टना हुई है स्थानीय समाजसेवी संजय साहु और प्रदीप लकडा ने प्रशासन से मांग की है कि अविलंब इस चौराहे को तुडवा कर सीधा चौराहा बनाया जाए जिससे तेज रऊतार से आने वाली गाडियां दुघर्टनाग्रस्त होने से बचें।

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में अविभावक एवं शिक्षक गण के बीच बैठक रखा गया। बैठक में सबसे पहले विद्यालय के वार्षिक परीक्षा 2023 - 24 मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अथवा 23-24 वर्ष साफ सुथरे वेशभूषा मे आने वाले, अधिकतम उपस्थित वाले बच्चों को स्कूल के प्रधानाध्यापक के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अभिभावागन को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान व शिक्षक गण ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।

## सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन आज



**खलारी।** अंबेडकर मैदान राय में सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन 14 अप्रैल किया गया है। नेल सह नागपुरी कार्यक्रम करने के लिए समिति का गठन कर पूरी तैयारी किया गया। आयोजन समिति के गणेश कुमार महतो ने बताया है कि 14 अप्रैल को 10 बजे दिन में अंबेडकर मैदान राय से गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो पूरा राय बस्ती, राय बाजार, चौक होते हुए पुणः वापस अंबेडकर मैदान राय आएगी साथ में रांची से 50 की संख्या में खोड़ा नृत्य करने वाले टीम शामिल होंगे। उसके बाद दोपहर 2 बजे नागपुरी कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस दौरान एक बैठक में विजय पहान, दुर्गा प्रसाद महतो, रूपेश कुमार महतो, गणेश कुमार महतो, राजेश कुमार महतो, मनोज महतो,मंगरु मुंडा रामावतार राम, बालेश्वर महतो, भुवनेश्वर महतो, पारस महतो, हरीश कुमार, संतोष प्रजापति, नरेश महतो, भारत राम, दीपक महतो, कालेश्वर महतो, सरवन मद्रासी, चंदन महतो, लोकन महतो सुरेंद्र महतो, रितेश महतो, अंगरक महतो, हब्बू महतो,आनंद प्रजापति,फूलचंद महतो,संदीप महतो सहित अन्य मोजूद थे।

## अपने भविष्य व राष्ट्रहित में युवा मतदान जरूर करें

### ओरमांझी में मतदाता जागरूकता पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यशाला में बोलते निर्वाचक पदाधिकी सीओ नितिन शिवम गुप्ता।

**ओरमांझी।** आरटीसी कालेज ओरमांझी के विवेकानंद सभागार में शनिवार को लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्राचार्य डा. भीम महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यषाला में वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिषत की स्थिति पर चिंता जताया गया। कहा शहर के लोग जागरूक नागरिकता की श्रेणी में उपर कहलाते हैं। उन्हे भी अपने दायित्व व कर्तव्य को समझते हुए मतदान जरूर करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के मुख्यवक्ता निर्वाचक पदाधिकरी सीओ नितिन शिवम गुप्ता ने कहा उपस्थित लोगों को को मतदान करने का शपथ दिलाया और कहा मतदान एक मौलिक अधिकार है, सभी को वोट जरूर देना चाहिए। वहीं 18 वर्ष से उपर सभी कालेज छात्र-छात्राओं को मतदान करने व अपने व आसपास के लोगों को भी मतदान कराने के प्रति जागरूक करने को कहा, टीन एजर युवाओं में काफी उर्जा होती है। इस उर्जा का ईस्तताल सही दिषा में होना चाहिए। उन्होने लोकसभा, राज्यसभा व मतदान का महत्व बताया और कहा लोकतात्रिंक राष्ट्र में वोट देना एक राष्ट्रीय दायित्व भी है। उन्होने नये वोट को बीएलओ की मदद से मतदाता सूची में नाम जोड़वाने व जो अब नही हैं उसका नाम हटवाने को कहा, कार्यक्रम में इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब का गठन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. भीम महतो, संचालन शैलेन्द्र मिश्र व धन्यवाद ज्ञापन इमरान अंसारी ने किया।

# सांसद संजय सेठ महावीर मंडल नामकुम की बैठक में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



महावीर मंडल की बैठक में उपस्थित सांसद संजय सेठ।

**नामकुम।** महावीर मण्डल केंद्रीय समिति की बैठक नामकुम बाजार में हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ मौजूद थे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद श्री, सेठ ने कहा कि रामनवमी का उत्सव आपसी भाईचारा और प्रेम का प्रतीक है। पिता और भाई के प्रति राम कि भक्ति, भगवान् राम के प्रति भक्त की भक्ति दुनिया में मिशाल है। पहली बार देश प्रभु राम के अपने घर में आगमन के बाद रामनवमी उत्सव मना रही हैं। वहीं अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि इस बार अखाड़ा मे एक सौ से ज्यादा नारी सेना शांति व्यवस्था के लिए तैनात रहेंगी। अभुतपूर्व शोभा यात्रा और झांकी अखाड़ा मे देखने को मिलेगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रभुदयाल बडाइक, मुखिया अनिता तिर्की, बिकु सिंह, राजू लकड़ा,पवन सिंह, शारदा देवी ,रूपा चौहान,मीनू देवी, रजनी प्रसाद सहित बडी संख्या में महिलाएं और रामभक्त उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में डॉ. अंबेडकर की 133वीं जयंती मनी

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान संविधान के विधाता, समता पुरुष, भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर विद्यालय के आचार्य बंधु-भगिनी गण के साथ छात्र-छात्राओं ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्य विद्यानंद झा ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती उनके गुणों, आदर्शों, देश के लिए उनका योगदान, दलितों के उत्थान के लिए उनका संघर्ष रहा। कहा कि बाबा साहेब के विचारों को अपने देश की सत्ता भी सम्मान देती है और संविधान सभा में उनके विरोधी भी आदर पूर्वक व्यवहार करते हैं। राष्ट्र निर्माण और भविष्य को बेहतर बनाने में युवाओं और छात्रों की अहम भूमिका है।अतः इस विद्यार्थियों को बाबा साहेब को गंभीरता से पढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन अपूर्वा आनंद और सीनू कुमारी ने की। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों में रामनिवास पांडेय, भरत राय, अजय मिश्रा, शेषनाथ शर्मा, मनोरंजन ओझा, मनबोध कुंभकार, अनुराग कुमार , संदीप कुमार आदि कोई उपस्थित थे।

## भाजपा कमेटी ने किया बैठक प्रत्याशी



**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल की चुनाव को लेकर शक्ति केंद्र कि बैठक कल्याणपुर में लोकसभा मंडल प्रभारी विजय चौबे अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के साथ शक्ति केंद्र के प्रमुख कार्यकताओं से चुनाव को लेकर बैठक हुई जिसमें चुनाव को लेकर कई रणनीति तैयार की गई और इस बार चार सौ पर फिर एक बार मोदी सरकार, कालीचरण सिंह इस पर 5 लाख चतरा लोकसभा में 5 लाख पर वोट देने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, बड़गांव से रविंद्र यादव, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महेश,अरूण उरांव,महा मंत्री विश्कर्मा, शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोगता, सह संयोजक संजय भोगता,महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी देवी, रविंद्र सिंह, रघबिंद्र सिंह, शिव शंकर भोगता, दिलीप उरांव, रामतिवारी उरांव, गणेश विश्वकर्मा सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# अंगारों पर चले शिव भक्त, भोक्ता झूलन ओर छऊ नृत्य का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



आग में चलते भोक्ता

**राहे।** प्रखंड के महेशपुर, नुरू, गोवाली ओर बेला गांव में शनिवार सुबह को हर्षोल्लास के साथ चैत्र पर्व व शिव पूजा संपन्न हो गया। इसको लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार रात को मेले का आयोजन किया गया। जहां लोग रात भर छऊ नृत्य तथा मेले का आनंद लिया। वहीं शनिवार सुबह फूलखुंदी ( दहकते अंगारों में चलना) का आयोजन किया गया। नुरू ओर गोवाली गांव में भोक्ता 50 फीट ऊंची हवा में झूलते हुये झूलन किया। शिव भक्त अपने पीठ में लोहे की छड़ बेध कर झूलन किया। अनुष्ठान के बाद प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ा गया। -फूलखुंदी में भोक्ता नंगे पांव आग पर चलते हैं। सभी भोक्ता पाटभोक्ता के नेतृत्व में मंदिर के निकट तालाब से स्नान कर इस आग की पूजा अर्चना कर अंगारे में गुजरकर व्रत पूर्ण करते हैं।इसके बाद पीठ में लोहे की छड़ में रस्सी बांध कर 50 फीट ऊपर हवा में बल्ली के सहारे झूलते है। सारा अनुष्ठान 24 घण्टे निर्जला उपवास में रह कर करते है। आयोजन को लेकर मेला समिति के सदस्य सक्रिय भूमिका में रहे।

समय संवाद

**डॉ० अम्बेडकर के मन में आधुनिकरण के सकारात्मक प्रभाव के प्रति अत्यंत सम्मान उत्पन्न कर दिया था। विशेषकर जानडिबी के लोकतंत्र सम्बंधी विचारों से वे अत्यंत प्रभावित थे। इसलिए उनका मानना था कि एक स्वस्थ्य राजनीतिक तंत्र में कानून के सकारात्मक हस्तक्षेप द्वारा ही सदियों से शोषित समाज को शोषण से मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए एक ओर उन्होंने अनेक सरकारी समितियाँ जिनमें 1918 से 1919 के बीच 'साउथबोरो समिति', 1928 में 'साइमन कमीशन' शामिल है, के समक्ष दलित समाज का पक्ष रखा वहीं महार सत्याग्रह एवं 'मनुस्मृति-दहन' जैसे राजनीतिक कार्य भी जारी रखें।**

# लोकतंत्र को कमजोर करती असमानता

डॉ सहदेव राम



पूरे विश्व में बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती मनाई जा रही है।

इतिहास में लम्बे समय से चली आ रही कुरितियों एवं उनके कारण पैदा हुए सामाजिक विभाजन जैसी समस्याओं को सुलझाने हेतु नेतृत्व का उदय समाज के भीतर से ही होना चाहिए। यह नेतृत्व ही अपनी हर दृष्टि, समझदारी और साहस से यह तय करें कि एक समतामूलक समाज एवं सशक्त समाज का निर्माण समस्याओं को निर्भतापूर्वक कुचलकर अथवा उन्हें दरकिनार कर के नहीं वरन उनका विश्लेषण एवं अध्ययन करके लोकहित लोक समिति के आधार पर हो। इसी विश्लेषण एवं अध्ययन के बाद बाबा साहेब ने दलित वर्ग में राजनीति चेतना पैदा करने एवं उन्हें संगठित करने के प्रथम प्रयास के रूप में ही 'वहिष्कृत हितकारिणी सभा की नींव 20 जुलाई 1924 को बम्बई में रखा। वहाँ से पहली बार यह नारा, जो कि संघर्षरत समुहों के सर्वाधिक लोकप्रिय नारों मेंसे एक बना।

'पढ़ो पढ़ाओ, 'संघर्ष करो', 'संगठित हो' का भी उदभव हुआ, इसके अलावा 'मूकनायक' 'बहिष्कृत भारत' जैसी पत्रिकाओं को आरम्भ करके अम्बेडकर ने ने अपने समाज सुधार कार्यक्रम को और विस्तृत आयाम दिया। अम्बेडकर न सिर्फ उस जातिवाद से घृणा करते थे, जो समाज के एक बड़े वर्ग के साथ होने वाले मानवीय व्यवहार के लिए जिम्मेवार था, बल्कि साम्राज्यवादी इतिहास द्वारा 'बाँटों और राज करो की नीति पर आधारित सिद्धांतों के प्रति भी सजग रहते थे।

इस प्रकार हिन्दु समाज के एक बड़े तबके के सुधार विरोधी नजरियों से खिन्न होकर ही डॉ० अम्बेडकर ने शुद्रो हेतु ₹प्रथम निर्वाचन₹ की मांग रखी जिसे 1932 में अंग्रेजो द्वारा स्वीकार कर लिया गया था, किन्तु महात्मा गाँधी द्वारा पुरजोर विरोध और अनशन के बाद अम्बेडकर ने यह मांग वापस ले ली और

'पूना पेक्ट' समझौता पर हस्ताक्षर किया जिसके कारण आज भारत के दलितों यानि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ मिला है।

डॉ० अम्बेडकर के प्रगतिशील विचारों का सबसे बड़ा उदाहरण भारत का संविधान है। उनके नेतृत्व में संविधान सभा ने अपने समय का सबसे प्रगतिशील संविधान बनाकर गैर बराबरी आधारित सामाजिक ढ़ांचे को नष्ट किया एवं समतामूलक समाज की स्थापना की। संविधान का मूल मंत्र स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व था। 26 जनवरी 1950 से देश में संविधान लागू तो हो गया, लेकिन जिस संविधान के मूलमंत्र को देश ने मानने का संकल्प लिया उन मूलमंत्रो को धीरे-धीरे मनूवादी मानसिकताओं के द्वारा कमजोर करने की कोशिश होती रही। देश में असमानता बढ़ने लगी, गरीब और गरीब, अमीर और अमीर बनता जा रहा है, 80 करोड़ लोगों को जीवित रहने के लिए मुफ्त में राशन प्रदान करना इस बात का गवाही है कि सरकार ने देश की जनता के लिए रोजगार के अवसर दिलाने में नाकाम रही। यहाँ तक कि भारत में स्वास्थ सेवा, शिक्षा और जीवन के अवसरों की गुणवत्ता में यह असमान प्रगति उसके गरीब पड़ोसियों जेसे नेपाल और नेपाल की तुलना में बहुत कम है। इन असमानताओं की केवल सबसे चरम धुरी वर्ग, जाति और लिंग पर ध्यान केन्द्रित करती है, ताकि समझा जा सके, आज भारत पड़ोसी देशों से क्यों पिछड़ा है? हाल के वर्षों में बंगलादेश स्वास्थ सेवा में काफी तरक्की की है, पहले स्वास्थ सुविधायें बहुत दुर थी, अब वे बहुत पास है। असमानता अब बिना किसी संदेह के दुनियाँ में सबसे खराब है। अमीर और गरीब पुरी तरह से अलग हैं और दोनों शायद ही कहीं मिलते हैं, सिवाय ट्रैफिक सिगनल के। भारत में अत्यधिक विरोधाभास पनप रहे हैं, समृद्ध-समृद्धी की ऊँची गगनचुम्बी इमारते और घोर गरीबी वाली अंधेरी ग्रामीण झुग्गियाँ एक साथ मौजुद हैं। असमानता अब इतनी विषम हो गयी है कि भारत की आधी आबादी को देश की सम्पति की 1.1 प्रतिशत पर जीवित रहना पड़ता है।

# योग का बल

स्वामी मुक्तरथ

**योग** शरीर के लिए बहुत लाभदायक है। इससे शरीर को बल मिलता है और मानसिक एकाग्रता में भी मदद मिलती है। अगर आप योगा को अपनी जीवनशैली में शामिल करते हैं तो ये हाई बीपी, ह्रदय रोग, फेफड़े की बीमारी को ठीक करने के साथ पाचन क्रिया में होने वाले परिवर्तन से योगा निजात दिलाता है। नियमित योग के अभ्यास से अनिद्रा, चिंता, अवसाद और मूड स्विंग होने वाली परेशानियों से राहत मिलती है।

**वजन कम करने में मददगार**

योगा की मदद से वजन को भी कम किया जा सकता है। नियमित योगा अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। ये आपके बॉडी



को मजबूत बनाता है। योगा से अनिद्रा की समस्या दूर करके अवसाद से भी निजात दिलाता है। महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, हार्मोनल समस्या, ब्रैस्ट कैंसर जैसी समस्याओं में राहत दिलाने के लिए योगा एक अहम भूमिका निभाता है। इसके लिए जरुरी है कि महिलाएं अपनी दिनचर्या में योगा को जरुर शामिल करें। आगे की स्लाइड्स में जानें योगा से महिलाओं को क्या फायदे हैं।

**हार्मोंस की समस्या से बचाव**

महिलाओं में हार्मोंस के बदलाव से होने वाली समस्याएं आम है लेकिन इसे हल्के में लेना भी उचित नहीं है। मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याएं जैसे अनियमित चक्र, पेट में होने वाली ऐंठन या मरोड़ और शरीर में एनर्जी की समस्या को दूर करने में योगा से काफी मदद मिलती है। मासिक घर्म के समय महिलाओं के शरीर पोश्चर को सही रखता है जिससे आपका आत्मविश्वास स्तर भी अच्छा रहता है। क लोगों पर हुए शोध में ये बात सामने आई कि वो लोग जो सप्ताह में एक बार भी योगा करते हैं उनमें चार साल में वजन बढ़ने की समस्या उन लोगों से कम है जो कभी नहीं या फिर बहुत कम योगा करते हैं।

**अवसाद और तनाव में राहत**

एक शोध के मुताबिक महिलाओं में पुरुषों की तुलना में ज्यादा अवसाद और तनाव देखा गया है। यह बात सामने आई है कि योगा मस्तिष्क में गुड केमिकल का स्त्राव करता है जिससे दिमाग को तनाव और अवसाद से राहत मिलती है। योगा करने से सांस की समस्या भी नहीं होती है।

शोध में ये भी साबित हुआ है कि लगातार योगासन का अभ्यास करने से ब्रेस्ट कैंसर से लड़ने में महिलाओं को मदद मिलती है।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

# हमारा मेटॉबॉलिज्म ही हमारी जान



**हम** जब सोते हैं तब हमारे शरीर के भीतर कई सारी रसायनिक गतिविधियां होती हैं। हम जो भोजन खाते हैं , वो पचने के बाद ऊर्जा में परिवर्तित होता है। जिस माध्यम से यह प्रक्रिया होती है, वह मेटाबॉलिज्म है। मेटाबॉलिज्म के सुस्त पड़ने से शरीर में थकावट महसूस होने लगती है, डायबिटीज होने की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। कई बार अचानक वजन बढ़ने या घटने लगता है। शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती है, समय-बेसमय शरीर में दर्द होने लगता है, मांसपेशियों में कमजोरी, ह्रदय गति का कम होना, अवसाद आदि समस्याएं इसी कारण से होने लगती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि हमारा मेटाबॉलिज्म कम न रहे। यदि आपका भी मेटाबॉलिज्म कम है तो अगली स्लाइड्स से जानिए मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के उपाय।

**नाश्ते को न करें नजरअंदाज**

पूरे दिन शरीर में ऊर्जा नियंत्रित रहे इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप सुबह उठकर व्यवस्थित नाश्ता करें। जो लोग सुबह नाश्ता नहीं लेते और लंबे समय तक भूखे रहते हैं, उनका मेटाबॉलिज्म सुस्त रहता है। वे दिनभर आलस्य का शिकार रहते हैं।

**दही**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए दही का सेवन बहुत लाभकारी है। दही मतलब दही, ऐसा नहीं कि दही के साथ आप कोई तली-गली चीज का सेवन करें। कोशिश करें कि कम फैट वाला दही खाएं। दही में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो कि शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं इसलिए दिन के भोजन के साथ एक कटोरी दही जरूर खाएं।

**डार्क चॉकलेट**

यदि आपको डार्क चॉकलेट पसंद है तब तो आपका मेटाबॉलिज्म कभी कमजोर नहीं हो सकता है। डार्क चॉकलेट में मौजूद कैफिन और एंटीऑक्सीडेंट मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं। यदि मेटाबॉलिज्म के नाम पर आप सामान्य चॉकलेट खाएंगे तो नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उसमें शुगर बहुत अधिक होती है।

**गहरी सांस**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है कि दिनभर में आप थोड़ी देर के लिए खुली हवा में बैठकर लंबी गहरी सांसें लें। ऐसा करने से शरीर में प्राणवायु अच्छे से जाएगी जो कि अधिक से अधिक ऊर्जा खर्च करने में आपकी सहायता करेगी। जब शरीर की ऊर्जा अधिक से अधिक खर्च होगी तो शरीर में सुस्ती महसूस नहीं होगी।

**सोयाबीन का तेल**

सोयाबीन का तेल खाना भी बहुत जरूरी है। यह मेटाबॉलिज्म का विकास करता हैअधिक सेवन से बचें। सोयाबीन के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं जो कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए बहुत लाभदायक है।

# पर्यावरण के हित में



सत्यवीर नाहड़िया

**नई** पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति संस्कारित करने के लिए बाल-साहित्य की विभिन्न विधाओं में पर्यावरण प्रमुख विषय रहा है। आलोच्य कृति गर्म पहाड़ और अन्य कहानियां भी ऐसा ही रचनात्मक प्रयास है। शहरीकरण तथा पर्यावरण पर शोध कर चूंकि लेखिका अनीता भटनागर जैन ने तीन रोचक बाल कहानियों के माध्यम से अनूठा संदेश दिया है।

शीर्षक कहानी गर्म पहाड़ में जहां पर्यावरण असंतुलन के चलते पहाड़ों की बदलती आबोहवा का मार्मिक चित्रण है, वहीं इसकी आदर्श पहाड़ी-यात्रा प्रेरक बन पड़ी है। दूसरी कहानी पॉलिथीन का प्रलय में बच्चा पार्टी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक तथा पॉलिथीन के प्रति व्यावहारिक जागरूकता के टीम-वर्क को रेखांकित किया गया। संग्रह की तीसरी कहानी सोन चिरैया जल संरक्षण हेतु जंगल के जानवरों द्वारा तालाब की खुदाई व जीर्णोद्धार का अनूठा कथानक प्रभाव छोड़ता है, जिसमें कजरी हथिनी, श्वेता सारस, लंबू जिराफ, मिट्ठू तोता, चुन्नू बंदर, कल्लू भालू, यामा कोयल व सुनहरी हिरण के सामूहिक कार्य के सुखद परिणाम से एकता में बल है। के मूल मंत्र को सिखाया गया है।

संग्रह की भाषा बेहद सरल व सहज है। चित्रकार धीरज सामबोसी के रंगीन मनोहरी चित्र, सुंदर छपाई तथा प्रासंगिक कलात्मक आवरण इस बालकृति की अन्य खूबियां हैं। यह संग्रह पर्यावरण चेतना के साथ बाल-साहित्य को समृद्ध करेगा, ऐसा विश्वास है।

# अकेलापन से भी अपनापन है मेरा

प्रशांत झा

**अकेलेपन** का एहसास कुछ लोगों के लिए सजा जैसा है तो कुछ के लिए जिंदगी की जरूरत। ज्यादातर लोग अकेलेपन और बेचैनी से छुटकारा पाने के लिए भीड़ की तरफ भागते हैं और उनका रहा सहा सुकून भी कुछ पल की मस्ती के बाद गायब हो जाता है। वहीं अकेलापन भले भी शुरूआत में थोड़ा बोझिल लगे और काटने को दौड़े लेकिन ये आपको वास्तविकता से रूबरू कराता है। यही वजह है कि कुछ लोग बिलकुल अकेला रहना पसंद करते हैं। कुछ लोगों को ये इस कदर पसंद होता है कि वो कभी कोई रूममेट तक नहीं रखना चाहते।

## अकेले रहने के फायदे

-अकेलापन हमें रिश्तों को समझने की समझ देता है। जब हम लोगों के दूर खुद के साथ समय बिताते हैं तो उस दौरान हम खुद की जिंदगी का विश्लेषण कर पाते हैं। कौन हमारे लिए सही है और किसी वजह से हमारे जीवन में नकारात्मकता बढ़ रही है इस बात पर गहन विचार कर पाने की शक्ति और समय हमें अकेलेपन में ही मिल पाता है।

-अकेलेपन में समय बिताकर ही वास्तविकता में आप खुद के लिए जीना सीखते हैं। उस स्थिति में आप ये समझ पाते हैं कि हर हालात में आपको ही खुद को संभालना होगा, रोने के बाद खुद ही मुस्कुराना होगा, गैस की पाइप बदलने से लेकर बैंक और बाजार के सारे काम खुद से ही करने होंगे। अकेलापन आपको आत्म निर्भर बनाता है।

-अकेलापन आपको आपकी अहमियत से रूबरू कराता है। ये आपको खुद से प्यार करना भी सिखाता है। आप जीवन की इस सच्चाई को समझ पाते हैं कि अगर आप खुद के साथ नहीं खड़े हैं तो कोई और आप का साथ देने वाला नहीं है। आप खुद के लिए फैसले लेना और उन्हें अमल में लाना सीखते हैं।

-अकेले रहने पर आप अपने जीवन के उद्देश्य को तलाश पाते हैं। इस वक्त में आप ये चिंतन कर सकते हैं कि ऐसा क्या है जो आगे बढ़ने में आकी मदद करेगा। आप समझ पाते हैं कि ब्रह्मांड में आपका जन्म किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ है और आप अपने लक्ष्य को साधने का प्रयास करते हैं।

-अकेलापन दरअसल खुद को जानने और समझने के लिए काफी जरूरी है।

- हिंदू धर्म में तत्व ज्ञान के लिए एकांतवास अनिवार्य और आवश्यक है।

# पहली महिला वकील



**भारत** की पहली महिला वकील बनने का गौरव कॉर्नेलिया सोराबजी के पास है। जिन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद ऑक्सपोर्ड से वकालत की पढ़ाई की।

आजादी के पहले भारत में किसी भी महिला का उच्च शिक्षा में पढ़ना इतना आसान नहीं था। लेकिन कॉर्लेनिया ने वकालत की पढ़ाई कर सारे बंधनों को तोड़ा। परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने के बावजूद उन्हें महिला होने के नाते स्कॉलरशिप से दूर रखा गया। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके लिए ऑक्सफोर्ड जाकर पढ़ना मुश्किलों भरा था। तब कुछ अंग्रेज महिलाओं की मदद से उनके लिए फंड का इंतजाम किया गया और कॉर्नेलिया वकालत की पढाई के ऑक्सफोर्ड पहुंची। 1892 में कॉर्नेलिया ने बैचलर ऑफ सिविल लॉ की परीक्षा पास करने वाली पहली महिला बनीं। लेकिन कॉलेज ने उन्हें डिग्री देने से मना कर दिया। क्योंकि उस काल में महिलाओं को वकालत के लिए रजिस्टर करने और प्रेक्टिस की इजाजत नहीं थी।

लेकिन कॉर्नेलिया ने हार नही मानी।

भारत लौटकर वापस आने के बाद वो महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए मदद करने लगीं। काफी अथक परिश्रम के बाद कार्नेलिया को सफलता हाथ लगीं। वकालत के दौरान कार्नेलिया ने 600 से ज्यादा महिलाओं को कानूनी सलाह दी। 1922 में लंदन बार ने महिलाओं को कानून की प्रैक्टिस करने की आज्ञा दी। तब कार्नेलिया को कानून की डिग्री हासिल हुई। कार्नेलिया कलकत्ता हाईकोर्ट में बैरिस्टर बन कानून की प्रैक्टिस करने वाली पहली महिला बनीं।

# बेटियां ही पिता की जीवन बचाती हैं

**नारी** को यूं हीं त्याग की मूर्ति नहीं कहा जाता। आए दिन इनके हिम्मत व जज्बे के किस्से सामने आते हैं। आज के दौर में बेटियां समाज का सिर ऊंचा कर रही हैं। ऐसी ही मिसाल कुछ साल पहले जगाधरी की खेड़ा परिवार की बेटी दीक्षा खेड़ा ने कायम की थी। पेशे से वकील दीक्षा ने अपनी जिद के आगे पिता को झुकाते हुए लिवर डोनेट कर उनकी जान बचाई थी।

पूर्व चेयरमैन दर्शन खेड़ा लिवर ट्रांसप्लांट के बाद स्वस्थ जिंदगी जी रहे हैं। दीक्षा खेड़ा के अनुसार जून 2019 को उनकी एलएलम की परीक्षा चल रही थी। उन दिनों पापा की तबीयत भी ठीक नहीं थी। पापा की डॉक्टर से अपॉइंटमेंट थी। पापा को लिवर की बीमारी थी। उन्हें क्रॉनिक लिवर डिजीज लीवर सिरोसिस हुआ था। पापा बिजनेस के कारण दीक्षा के भाई दीक्षांत को साथ नहीं ले जाते थे।

इस दौरान पापा को डॉक्टर ने लिवर ट्रांसप्लांट करवाने की सलाह दी। पापा डाक्टर से सीधे दीक्षा के पास ससुराल में आ गए। दीक्षा ने बताया पापा फूट-फूट कर रोने लगे। पापा बोले डॉक्टर ने ट्रांसप्लांट के लिए बोल दिया है। हमें डैड डोनर के लिए अप्लाई करना होगा। मायूस पापा मुझसे बोले कि लिवर ट्रांसप्लांट के बाद कौन बचता है। ह्यउनके इन शब्दों ने मुझे अंदर से तोड़ दिया था। मैंने पापा को हिम्मत



बंधाई।ह्ल दीक्षा के अनुसार मैं पूरी रात लिवर ट्रांसप्लांट के बारे में गूगल पर रिसर्च करती रही। ह्यमैंने मन ही मन में अपना लिवर पापा को देना तय किया। मैंने अपने पति से भी बात कर ली। उन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया। हम मेदांता में डॉ. एएस सोइन से मिले। 12 जुलाई को लगभग सुबह के 3 बजे थे, पापा और मुझे प्री ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। मुझे लगभग रात के 9 बजे ऑपरेशन थिएटर से आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। पापा को अगले दिन यानी 13 जुलाई को सुबह 4 बजे के करीब ऑपरेशन थिएटर से आईसीयू में शिफ्ट किया गया। दीक्षा खेड़ा कहती हैं कि यदि ठान ले तो बेटियां कुछ भी कर सकती हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हेल्थ के लिये पीएच लेवल संतुलन से ही बेहतर सेहत

देवेश प्रकाश

**पीएच आखिर है क्या**

इस सवाल का सही जवाब जानने के पहले हमें यह जानना जरूरी है कि पीएच आखिर है क्या और इसके सही लेवल का मतलब क्या है? पीएच का फुल फॉर्म है- पावर ऑफ हाइड्रोजन यानी हाइड्रोजन की शक्ति। दरअसल किसी द्रव में हाइड्रोजन के अणुओं की संख्या तय करती है कि वह एसिडिक यानी अम्लीय है या एल्केलाइन यानी क्षारीय। मतलब अगर किसी लिक्विड या प्रोडक्ट का पीएच 1 या 2 है तो इसका मतलब है कि वह एसिडिक यानी अम्लीय है और अगर पीएच 13 या 14 है तो इसका मतलब यह है कि वह एल्केलाइन यानी क्षारीय है।

**आदर्श पीएच स्केल**

पीएच स्केल 0 से 14 तक जाता है। इसमें 0 सबसे ज्यादा अम्लीय और 14 सबसे क्षारीय बिंदु हैं,जबकि 7 तटस्थ बिंदु है। शरीर का आदर्श पीएच लेवल 7.35 से 7.45 के बीच होता है। इस बिंदुओं के इधर-उधर किसी भी मामूली बदलाव के हमारे शरीर में गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। मसलन यदि शरीर का पीएच लेवल 6.9 तक गिर जाये तो हम कोमा में जा सकते हैं।

**सेहत के लिए पीएच संतुलन के मायने**

पीएच संतुलन हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है; क्योंकि यह संतुलन हमारे शरीर को अच्छी तरह से काम करने में मदद करता है। इस संतुलन की बदौलत ही शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन की डिलीवरी होती है, इसी के चलते शरीर में सही से जैव रासायनिक प्रक्रियाएं सम्पन्न होती हैं। यदि शरीर में पीएच संतुलन गड़बड़ा जाये तो ग्लाइकोलाइटिक एंजाइम फॉस्फोफ्रक्टोकिनेज-1 (पीएफके-1), की गतिविधि मंद पड़ जायेगी क्योंकि यह पीएच पर निर्भर है, इसके नतीजे में चक्कर आना,बहुत ज्यादा थकान महसूस करना, भूख न लगना, जबर्दस्त सिरदर्द होना,तेज-तेज सांसें चलना,उल्टी आना,उनींदेपन का शिकार हो बेहोश हो जाने से लेकर कोमा में भी जा सकते हैं और अंततः प्राणों पर भी संकट आ सकता है।

**रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए जरूरी**

जब शरीर बहुत अधिक अम्लीय यानी एसिडोसिस या बहुत अधिक क्षारीय यानी एल्कलोसिस हो जाता है, तो इससे ऐसे लक्षण पैदा हो सकते हैं,जिनके चलते रोजमर्रा की गतिविधियों को संपन्न करना असंभव हो जाता है। हालांकि ऐसा बहुत आसानी से नहीं होता क्योंकि शरीर अपने आप में पीएच संतुलन बनाए रखने में माहिर होता है इसलिए साधारणतया ऐसी स्थिति मुश्किल से आती है। अंगों के पीएच लेवल

अब तक आप समझ गये होंगे कि पीएच वास्तव में एक लघुगणकीय पैमाना है, जिसका उपयोग जलीय घोलों की अम्लता या क्षारकता को निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता है। हमारे शरीर के अलग-अलग अंगों का पीएच लेवल अलग-अलग होता है जैसे- पेट का पीएच 1.5 से 3.5 के बीच होता है। त्वचा का पीएच 5.4 से 5.9 के बीच होता है।

**पदार्थो के मुताबिक पीएच स्तर**

पीएच की सीमा 0-14 है। 7 से अधिक पीएच का मतलब है कि पदार्थ क्षारीय है। वहीं 7 से कम पीएच का मतलब है कि पदार्थ अम्लीय है। जब पीएच बिल्कुल 7 होता है तो यह इंगित करता है कि पदार्थ तटस्थ है। शुद्ध पानी का पीएच मान 7 होता है। अम्लीय घोल का पीएच 7 से कम होता है और क्षारीय घोल का पीएच 7 से अधिक होता है।

# ब्रेन कल्चर कितना खतरनाक



## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ दो अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजिरी

**रामगढ़।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के दो अपराधी गोलू कुमार वर्मा एवं अनिल यादव उर्फ अनिल कुमार यादव के जेल से छूटकर आने पर घर पर न रहकर बाहर से ही व्यवसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने के इतिहास को देखते हुए एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनो अपराधियों अनिल यादव एवं गोलू कुमार वर्मा को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10 :00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी रामगढ़ के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

### छठमय हुआ भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल, व्रतियों ने किया खरना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल का वातावरण छठमय भक्तिमय हो गया है। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय चैती छठ पूजा नियम पूर्वक भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रद्धा भक्ति आस्था का महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन शनिवार को छठव्रतियों ने खरना पूजा किया। इसमें दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएं और पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद को सेवन किए। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण देर शाम तक होता रहा। चैती छठ पर्व के तीसरे दिन रविवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास रखेंगे। वहीं अपराहन में सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों को सजाकर छठ घाटों पर पहुंच छठव्रतियों भक्तों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार छठ महापर्व के चौथे दिन सोमवार को तड़के सुबह पुन: छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पारण करेंगी।

### शिक्षकों ने निकाली मतदाता प्रभात फेरी

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के पंचायत बनासो परियोजना उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी के सेविका एवं सहायिका ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी हजारीबाग के निदेर्शानुसार शनिवार को लोकसभा चुनाव स्वीप के तहत प्रभात फेरी निकला। स्कूल परिसर से शुरू होकर पूरे बनासो के गलियों एवं चौक चौराहा में घूम घूम कर सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारों के साथ प्रभात फेरी के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।

### लखनलाल तिवारी को दी गयी श्रद्धांजलि

हजारीबाग। कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश की कमिटी ने शनिवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत लखनलाल तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत आत्मा की शांति सद्गति एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए एक मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। उनके चारों पुत्रों सुरेश तिवारी, द्वारिका नाथ तिवारी, जय प्रकाश तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, क्षेत्रीय कमिटी के अध्यक्ष और अनुज मथुरा तिवारी ने दीप प्रज्वलित किया। समधी बलदेव पांडेय ने वैदिक एवं कुल परंपरा के अनुसार द्वादाशा कार्य संपन्न कराया।

### कलश यात्रा में 501 महिलाएं शामिल

रामगढ़। पतरातू प्रखंड के जयनगर पंचायत के सरैया टोला में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के लिए शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 501 श्रद्धालु महिलाओं के अलावा पुरुष और बच्चियां शामिल हुईं। बाजें-गाजे के साथ यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर दामोदर नद पहुंची। जहां से कलश में पवित्र जल लेने के बाद वापस यज्ञ मंडप पहुंची। जहां पर विधि विधान से पूजन कर कलश को रखा गया।

# लोकसभा चुनाव : मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर रामगढ़ में अनोखी पहल

## जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त की पहल से प्रभावित होकर चिकित्सकों, मिठाई दुकान संचालक, रेस्टुरेंट संचालकों, ज्योतिषी , पेट्रोल पंप संचालक आदि ने मतदान के दिन मतदाताओं के लिए छूट की घोषणा की

- आम लोगों में भी मतदान को लेकर है खासा उत्साह
- इस बार के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रशासन की ओर से किया जा रहा है हर संभव प्रयास

**अमित सिन्हा**
**(ब्यूरो चीफ /खबर मन्त्र)**

**रामगढ़।** देश में आम चुनाव 2024 के तहत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में आगामी 20 मई को मतदान होना है। वर्ष 2019 के आम चुनाव के दौरान हजारीबाग लोकसभा में 61 प्रतिशत मतदान हुआ था। लेकिन इस बार के चुनाव में जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई पहल किए जा रहे हैं और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत रामगढ़ जिला के सभी सरकारी अस्पतालों में मतदाताओं को मतदान की तिथि को याद दिलाने के लिए डॉक्टरों द्वारा ओपीडी पर्ची पर रामगढ़ करेगा वोट, 20 मई अंकित कर अस्पताल में आने वाले मरीजों को देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने लोगों से अपील की है कि 20 मई को सभी मतदाता मतदान करें और कोई भी इससे वंचित नही रहें। उपायुक्त सह जिला निवार्ची पदाधिकारी के निर्देश पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए गांव गांव में रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई अभियान चलाये जा रहे हैं। ताकि इस बार के चुनाव में अधिक से अधिक लोग मतदान के लिए बूथों पर पहुंचे और मतदान का प्रतिशत बढ़े।

### मरीजों को दी जायेगी छूट : डॉक्टर के चंद्रा



सुकल्याणी हेल्थ सेंटर के संचालक डॉ के चंद्रा ने खबर मन्त्र की पहल पर मरीजों के लिए अपने अस्पताल में 20 मई को छूट देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन ईसीजी में 50 प्रतिशत, सभी प्रकार के जांच में 10 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। वहीं, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रज्ञा श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान के दिन महिलाओं का फ्री चेकअप किया जाएगा और कहा कि जिला प्रशासन के मतदाता जागरूकता अभियान में हम भी साथ हैं। लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने के लिए वोट सर्वोपरी है।




### इस बार के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है : उपायुक्त रामगढ़

जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने दैनिक खबर मन्त्र से मतदान को लेकर बातचीत में कहा कि कहा कि इस बार के मतदान में लोग अधिक से अधिक संख्या में बूथों तक पहुंचे और अपने मतदाधिकार का प्रयोग करें इसको लेकर प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस अभियान के समर्थन में कई लोग सामने आए हैं जिनका हम स्वागत करते हैं। इसी कड़ी में दैनिक खबर मन्त्र की ओर से रामगढ़ जिले में 20 मई को होनेवाले मतदान के मतदाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिससे प्रभावित होकर चिकित्सकों, व्यवसाइयों, ज्योतिषी, पेट्रोल पंप संचालकों आदि ने मतदान के लिए मतदाताओं के लिए छूट का एलान किया है।




चंदन कुमार, जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त।

### रेनफोरेस्ट फैमिली रेस्टुरेंट में छूट : राहुल



रांची रोड स्थित रेनफोरेस्ट फैमिली रेस्टुरेंट के संचालक राहुल कुमार ने बताया कि जो भी मतदाता उंगली में स्हायी का निशान लेकर रेस्टुरेंट आने पर 20 प्रतिशत छूट देंगे।

### 10 लोगों को फ्री में पेट्रोल देंगे: मानिक

थाना चौक स्थित यमुनादास पेट्रोल एंड सप्लाई कंपनी के संचालक संतू भाई मानिक और वीरू भाई मानिक ने घोषणा की है कि मतदान के दिन मतदान कर पंप आनेवाले पहले 10 लोगों को फ्री में एक एक लीटर पेट्रोल दी जाएगी।

### घड़ी पर छूट : आफताब आलम



अरमान टाइम लोहार टोला के संचालक मो आफताब आलम ने कहा कि मतदान के दिन ब्रांडेड और लोकल सभी तरह की घड़ियों में ग्राहकों को 20 से 30 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

### दो दिन नि:शुल्क सेवा देंगे: मनोज मंडल



प्रसिद्ध ज्योतिषी मनोज मंडल ने मतदान में भाग लेनेवाले मतदाताओं को 21 और 22 मई को नि:शुल्क ज्योतिषीय सेवा देने की घोषणा की है।

### ग्राहकों को 20 प्रतिशत तक देंगे छूट : श्याम सुंदर शर्मा



चट्टी बाजार स्थित राजस्थान कालेवालय के संचालक श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि लोग पहले मतदान उसके बाद जलपान करें। उन्होंने कहा कि इसके बाद जो भी ग्राहक हमारे प्रतिष्ठान आकर उंगली में स्याही का निशान दिखायेंगे उन्हें हम 20 प्रतिशक की छूट देंगे।

### आईकोनिक ब्यूटी पार्लर में 25 % छूट: अनुराधा सिन्हा



आईकोनिक ब्यूटी पार्लर की संचालिका अनुराधा सिन्हा ने कहा कि मतदान में महिला वोटरों की संख्या बढ़े इसको ध्यान में रखते हुए 20 मई को मतदान कर हमारे प्रतिष्ठान में आनेवाली महिलाओं को हम सेवा में 25 प्रतिशत की छूट देंगे।

### दवा खरीद पर 10 % मिलेगी छूट: कोटेचा



गोला रोड स्थित जलाराम मेडिको के संचालक सुनील कोटेचा ने कहा कि खबर मन्त्र की पहल सराहनीय है और मतदान के दिन जो भी उंगली में स्याही का निशान लगाकर दवा लेने आयेंगे उन्हें दवा की खरीद पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट देंगे।

### खाद्य सामग्री में 10 प्रतिशत छूट: विनोद



कन्हैया फ्लावर मिल और गणेश भंडार के संचालक विनोद कुमार साहू ने कहा कि मतदान के दिन जो भी मतदान उंगली में स्याही का निशान दिखायेंगे उन्हें खाद्य सामग्रियों में हम 10 प्रतिशत की छूट देंगे।

### सीमेंट व अन्य सामग्रियों में 10 % की छूट : मदन



हीरा इंटरप्राजेज छत्तर मांडू के संचालक मदन गुप्ता ने कहा है कि खबर मन्त्र की पहल प्रशंसनीय है और हमारे प्रतिष्ठान में भी मतदान कर सामग्री लेनेवालों को मतदान के लिए सीमेंट सहित अन्य समानों की खरीद पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

# भुरकुंडा में ब्राउन सुगर व गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

## 18.86 ग्राम ब्राउन सुगर और 341 ग्राम गांजा बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में पुलिस ने ब्राउन शुगर और गांजा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया पुलिस ने 18.86 ग्राम ब्राउन शुगर व 341 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने युवकों के पास से 28 हजार रुपये नकद, अपाची मोटरसाईकिल जेएच 01 डीजी 5568, दो इलेक्ट्रॉनिक तराजू, तीन मोबाईल, 9 एटीएम व वीजा कार्ड, दो गाड़ी का ऑनर कार्ड और एक कार भी जब्त किया है। शनिवार को पतरातू एसडीपीओ बिरेन्द्र राम ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पकड़े गये तीन युवकों में बिरसा चौक भुरकुंडा निवासी कुमार अभिजीत उर्फ सन्नी (29 वर्ष), घुटुवा दो नंबर गेट निवासी अकिल अंसारी ( 27 वर्ष)और पटेलनगर भुरकुंडा निवासी प्रिन्स कुमार (19 वर्ष) शामिल है। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी डॉ. बिमल कुमार को भुरकुंडा के बिरसा चौक में मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्होंने एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। टीम ने बिरसा चौक, मतकमा चौक और पटेलनगर से ब्राउन शुगर और अवैध गांजा बरामद किया। खरीद-बिक्री करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया। धंधे में शामिल अन्य की गिरफ्तारी को ले छापामारी जारी है। अभिजीत का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। उसपर गुमला थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं। प्रेस कांफ्रेंस में पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, एअसाई अविनाश कुमार शामिल थे।

# क्षेत्र का चहुमुंखी विकास करेंगे : राजकुमार कुशवाहा



### हजारीबाग से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार ने किया एलान

टाटीझरिया। झारखंड पार्टी से हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राज कुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने शनिवार को रौनक राज प्रधान होटल टाटीझरिया परिसर में प्रेस वार्ता में कहा कि झारखंड पार्टी हमारे राज्य में 14 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगी। जो छह लोक सभा सीट का चयन हो चुका है जिसमें हजारीबाग लोक सभा सीट से मुझे प्रत्याशी बनाया गया है। मैं स्थानीय उम्मीदवार है। जनता के बीच समाजसेवी बनकर कार्य करते आ रहा हूं। इसके पूर्व मेरी पत्नी दारू प्रखंड से जिला परिषद सदस्या उमा देवी थी जो दारू प्रखंड के क्षेत्र की जनता ने पूर्ण बहुमत से अपनी बहुमूल्य मतदान कर जिताया था। जो की हमने क्षेत्र वासियों के सामाजिक हित कई कार्य किया हूं जिसका साक्ष्य स्वयं क्षेत्रीय जनता है। अब मुझे सेवक के रूप में कार्य करने के लिए झा.पा. पार्टी के अध्यक्ष एनोस एक्का ने अपनी पार्टी के ओर से लोकसभा प्रत्यासी के रूप में दाईत्त्व सौपी है। वही उन्होंने कहा हमारा पार्टी से लोक सभा चुनाव लड़ने का उद्देश्य जल ,जंगल,जमीन,बालू ,खनिज संपदा की बचाव कर झारखंडियो के हक अधिकार को सीधे आम जनता तक लाभ पहुंचाना है। मौके पर किशोर कुमार,विनय कुमार सिन्हा,संतोष कुमार,ऋषिकेश कुमार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# एनडीए में लोजपा को नहीं मिल रहा है उचित सम्मान : दिलीप पासवान




**हजारीबाग।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान ने कहा कि लगता है कि झारखंड में लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का हिस्सा नहीं है क्योंकि गठबंधन धर्म का पालन नहीं हो रहा है। हमारे झारखंड में प्रदेश स्तर के नेता के साथ किसी भी तरह का कोई बैठक नहीं हुआ है। हमारे जिला स्तर प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भ्रमित है अगर उनको लग रहा है कि हमें सहयोगी दल के कोई आवश्यकता नहीं है तो 2019 विधानसभा के चुनाव के नतीजा को याद कर ले क्योंकि हमारे आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को चाहने वाले पूरे हिंदुस्तान के साथ-साथ झारखंड में भी हैं। चाहे कोई भी दल कोई भी पार्टी में हो हम झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अभिभावक वीरेंद्र प्रधान एवंपार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से मांग करता हूं कि हम लोग को जल्द से जल्द हम लोग को मार्गदर्शन देने का कृपा करें। कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं लोग पार्टी को चाहने वाले आक्रोशित हैं और कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

# मनीष जायसवाल के लिए पूरी ताकत लगा देंगे आजूस कार्यकर्ता : सुदेश महतो

## कार्यकर्ताओं को मिलेगा पूरा सम्मान: जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित उम्मीदवार मनीष जायसवाल के समर्थन में आजसू पार्टी का हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेन शनिवार को शिवम बैंक्वेट सभागार, हरनगंज, हजारीबाग में हुआ। इसकी अध्यक्षता आजसू के हजारीबाग जिले के अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने किया और मंच संचालन रामगढ़ जिले के आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने किया।

सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी सहित आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, गोड्डा लोकसभा प्रभारी खालिद खलील, केन्द्रीय सचिव अशोक नाग सहित कई लोग शामिल हुए। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी को फिर से भारत का प्रधानमंत्री के रूप में देश को 140 करोड़ जनता देखना चाहती है। आजसू पार्टी पूरे झारखण्ड में सभी लोकसभा क्षेत्र में ग्राम प्रभारी सम्मलेन के माध्यम से झारखण्ड की सभी 14 लोकसभा सीट की जीत सुनिश्चित करेगी। आजसू पार्टी के कार्यकर्ता मनीष जायसवाल की प्रचंड जीत में अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस बार पांच लाख से भी ज्यादा अन्तर से एनडीए हजारीबाग लोकसभा सीट जीतेगी। हजारीबाग लोकसभा राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि मैं कभी भी अपने विधानसभा क्षेत्र में नेता बनकर नहीं बल्कि सेवक बनकर कार्य किया हूं, आगे भी सेवक बनकर पुरे लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए अपने सेवा का विस्तार करने का अवसर दें, निराश नहीं करूंगा। मौके पर सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।




# आईलेक्स पब्लिक स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता

## बच्चों को प्रेरणा लेने की जरूरत : शैलेश कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बरही। आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी ब्रांच में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बच्चों ने अम्बेडकर जी की तस्वीर पर उन्हें पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी ब्रांच में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वीर कक्षा 10, शिव शंकर कक्षा 10, नैना कक्षा 10, जिज्ञाशु कक्षा 9, आर्यन कक्षा बिपुल कक्षा 9, कुंदन कक्षा 9, आस्था कक्षा 9, बादल कक्षा 9, नंदनी कक्षा 9 ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सचिन, सिमरन, खुशबू, कुंदन कक्षा 6, दिवाकर, श्रवण कक्षा, विनय, सूरज कक्षा 4, अनीता कक्षा 8, राजनांदी कुमारी, गुंजन कुमारी, नमन कुमार, मोहित कुमार, सत्यम कुमार, शिवम कुमार, सिद्धि कुमारी आदि का प्रयास भी काफी सराहनीय रहा। बच्चों को जानकारी देते हुए निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का दर्जा दलितों के लिए किसी देवता से कम नहीं था उन्होंने अपने जीवन काल में दलितों के उत्थान के लिए कई ऐसे कार्य भी किए, जिसकी वजह से दलित समाज के जीवन में एक नए सूर्य का उदय हुआ। उन्होंने बताया कि भीमराव अम्बेडकर के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हमें अन्याय के विरुद्ध चुप नहीं बैठना चाहिए बल्कि उसका खुलकर विरोध करना चाहिए। हमें समाज में प्रचलित कुरीतियों को आँख बन्द करके अपनाने के बजाय उनका विरोध करना चाहिए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### अवैध खनन, भंडारण और परिवहन की रोकथाम को लेकर पाटन पहुंचे डीएमओ



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक मे अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी आनदं कुमार पाटन पहुंचे एवं थाना क्षेत्र में संचालित ईट भट्ठा का औचक निरीक्षण्ण किया। निरीक्षण में डीएमओ श्री कुमार ने ईंट भट्ठा संचालको को स्पष्ट निर्देश दिए कि ईट भट्ठा का संचालन सरकार द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार ही करें। नियम के तहत संचालित नहीं होने पर कार्रवाई की जायेगी।

### बाइक से गिरकर युवक घायल



**मोहम्मदगंज पलामू।** थानांतर्गत मोहम्मदगंज कादलकुर्मी मुख्य पथ में भोला मोड़ के पास एक व्यक्ति बाइक से असंतुलित होकर गिर गया, जिसमे गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीणों ने तत्काल टेंपो से इलाज के लिए हुसैनाबाद भेज दिया है। घायल युवक मोहम्मदगंज के उपेंद्र रजवार का पुत्र (16) है, जो अपने घर से भीमचुल्हा की ओर जा रहा था।

### चैती छठ : प्रखंड के कई जगह पर छठ व्रतियों ने दिया खरना का अर्घ्य



**पाटन (पलामू)।** प्रखंड के कई घरों में चैती छठ पर आस्था के महापर्व छठ पूजा के तैयारी पूर्ण कर ली गयी। चैती छठ महापर्व बिहार-झारखंड सहित पूरे पूर्वांचल में छठ पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। व्रतियों ने जलश्रोतों में स्नान कर भगवान सूर्य को खरना का अर्घ्य दिया। साथ प्रसाद खरना का ग्रहण किया। व्रती 14 अप्रैल को डूबते सूर्य और 15 अप्रैल को सुबह में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते पारण किया जायेगा।

### श्रीरामचरितमानस महायज्ञ आयोजित



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पलामू के पदाधिकारियों की बैठक जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष कमल किशोर ने की। बैठक में रामनवमी जुलूस के दौरान प्रति वर्ष महासभा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामनवमी जुलूस के दौरान 17 अप्रैल को स्थानीय स्वागत होटल के नजदीक स्टॉल लगाकर रामभक्तों के बीच चना, बादाम, किशमिश, गुड़ के साथ शीतल जल बांटेगा। बैठक में महासचिव लाल बहादुर सिंहा, संगठन मंत्री संजय शरण, कोषाध्यक्ष अमर सहाय, सचिव अतुल कुमार अखौरी, रंजन श्रीवास्तव, रविशंकर सिन्हा, राकेश सिन्हा आदि भी उपस्थित थे।

### जेनरल अध्यक्ष व पंसस ने थाना प्रभारी को दिया कार्यक्रम में आने का निमंत्रण



**मेदिनीनगर।** श्री रामनवमी पूजा समिति जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार व पंसस अजीत सिंह ने सदर थाना प्रभारी उत्तम राय को रामनवमी को आयोजित चैता दोगोला कार्यक्रम में शिरकत करने का निमंत्रण दिया है। अध्यक्ष ने कहा कि रामनवमी व चैता दोगोला में विधि व्यवस्था व शांति माहौल बनाने की मांग की। थाना प्रभारी ने पूजा समिति के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में आने का आश्वासन पूजा समिति को दिया। समिति ने पर्व के दौरान अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। ताकि शांति व भाईचारा माहौल में पर्व मनाया जा सके। मौके पर सुआ के मुख्य संरक्षक उपाध्याय सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, विजय यादव समेत कई लोग शामिल थे।

### हमला करनेवाले सभी आरोपियों को गिरफ्तार करे प्रशासन : क्रांति मंच



**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा, केंद्रीय उपाध्यक्ष सुधीर कुमार चौहान व केंद्रीय महासचिव सदीक अंसारी, मंच के जिलाध्यक्ष विजय राम व नरेश राम ने छत्तरपुर प्रखंड के ग्राम चिरु टोला चहलथान में गोपाल राम के पुत्र के मटकोड़ रस्म के दरम्यान उसी ग्राम के चंदन यादव व अन्य 12 नामजद यादव समाज के बिगड़ैल व असमाजिक लोगों द्वारा दलित महिला/ पुरुषों पर भीषण प्राणघातक हमला व जातिसूचक गाली-गलौज की कड़ी शब्दों में निंदा की है। साथ ही पलामू एसपी से इस घटना में शामिल सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

### प्रवचन में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़



**मोहम्मदगंज पलामू।** भजनियां में श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ में मंत्रोच्चारण, आरती और आध्यात्मिक प्रवचन से वातावरण भक्तिमय हो गया है। वेदांत उपाध्याय (इंदौर) सर्वेश पांडेय और ध्रुव पांडेय पूजा अर्चना में जुटे हैं। वहीं रामचरित मानस और शिव पुराण पर आधारित प्रवचन सुनने को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कथावाचक परम पूज्य आनन्द स्वरूप और पंडित श्री बालकृष्ण गणेशदत जी शास्त्री (उज्जैन, मप्र) के मुखारविंद से संगीतमय प्रवचन में श्रद्धालु श्रोता तल्लीन रहते हैं। मुख्य यजमान बिपिन बिहारी सिंह मंटू नवाह्न परायण महायज्ञ के अनुष्ठान के साथ ही संध्या आरती में धार्मिक कर्तव्यों का पालन करते हैं। शुक्रवार की संध्या प्रवचन के दौरान शिव-पार्वती और भूत-पिशाच की झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# राजमहल मैरेज हॉल में राजद कार्यकर्ताओं का जिला स्तरीय महाजुटान

- लोकसभा चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ता कमर कसकर उतरें मैदान में : प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव
- सांप्रदायिक ताकतों से संविधान को बचाना है : गौतम सागर राणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राजद द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं का महाजुटान दो नंबर टाउन स्थित राजमहल मैरेज हॉल में किया गया। बैठक में पलामू जिला के सभी प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता मौजूद थे। साथ ही गढ़वा जिला के भी प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की शुरुआत अतिथियों को सम्मान देकर किया गया। बैठक में मतदान से मतगणना तक एवं बूथ स्तर पर विशेष तैयारी किये जाने साथ ही साथ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइयां को घर घर पहुंचाने एवं केंद्र सरकार की कूटनीति का संदेश जन जन तक पहुंचाने समेत विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि देश के महापर्व लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के राजद समर्थित प्रत्याशी ममता भुइयां पलामू लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी हैं। इन्हें जीताने के लिए कार्यकर्ता कमर कसकर चुनाव मैदान में उतर जायें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जो पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता का रूझान देखने को मिल रहा है इससे यह साबित होता है कि एनडीए गठबंधन को जनता सिरे से खारिज कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद के कार्यशैली से पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता उब चुकी है। विगत दस वर्षों में जनता को सिर्फ झूठा आश्वासन हाथ लगा है। पेयजल, सिंचाई के साथ ही मूलभूत सुविधाओं से जनता वंचित हो चुकी है। श्री यादव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव मैदान में घर घर जाकर लोगों को भारत सरकार के विफलताओं की जानकारी दें। कारण कि कोई भी पार्टी कार्यकर्ता के बल पर ही चुनाव लड़ती और जीतती है। इसलिए राजद का एक एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। इंडिया गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर चुनाव में लगें। बैठक को प्रदेश मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम दास सिंह यादव, पलामू प्रभारी जमीरूदीन अंसारी, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव सैयद समी अहमद, गढ़वा जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, पलामू महिला जिलाध्यक्ष रूना देवी, गढ़वा के रूदा देवी समेत अन्य ने संबोधित किया। बैठक में नरेश सिंह, सीपीआईएमएल के जिला सचिव रामराज पासवान, ओबीसी के गढ़वा जिलाध्यक्ष पप्पू ठाकुर, केदार यादव, ईश्वरी मेहता, राजेश रौशन, सत्यनारायण यादव, उपेंद्र चौधरी, संतोष यादव, विजय रविदास, जियाउदीन अंसारी, सिराजुदीन समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। संचालन जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने किया।



जिला स्तरीय महाजुटान में उपस्थित प्रत्याशी व पार्टी के नेता-कार्यकर्ता।

**खास बातें :** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री गौतम सागर राणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव देश का महत्वपूर्ण चुनाव है। हमसबों को मिलकर बूथ को जीतना है। इसके लिए विशेष रणनीति जमीनी स्तर पर तैयार करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए कई टिप्स देते हुए मतदान से मतगणना तक डटे रहने का टिप्स दिया। श्री राणा ने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों से भारतीय संविधान को बचाना है। मोदी के कुटनीति को पर्दाफाश करना है। वर्तमान जनप्रतिनिधि के निकम्मेपन को उजागर करना है। कार्यकर्ता अपने आप को पहचानें। अपने को धोखा में न रखें। उन्होंने कहा कि पार्टी व प्रत्याशी को न देखते हुए स्थानीय मुद्दा को चुनावी मुद्दा बनायें। इंडिया महागठबंधन के पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जो समस्याएं देखने को मुझे मिला है उससे यह प्रतीत होता है कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात ही नहीं बल्कि छल किया गया है।

# आग लगने से कार, सोलर पंप सेट समेत कई सामान हुए खाक

- किसान को हुआ लाखों का नुकसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के पिरोजी गांव में कृषि फार्म में आग लगने से कई सामान जलकर खाक हो गये। अगलगी की इस घटना में 3 एचपी व 2 एचपी के सोलर पंप सेट तथा सोलर के नीचे खड़ी कार यूपी 65 एएस 5022, साईकल, तथा कृषि कार्य हेतु रखे गये ब्लीचिंग 20 बंडल, ड्रिप 5 बंडल, स्प्रे मशीन 3 सेट 15 बोरा खाद सहित कई सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।



अगलगी के बाद हुए नुकसान को दिखाता भुक्तभोगी।

किसान कोल्हुआड़ा गांव निवासी पम्मी कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात करीब 8 बजे कृषि फार्म से अपने घर पर खाना खाने गया था। तभी आस पास के लोगों ने आग लगने की सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया गया तब तक सभी सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना से करीब आठ लाख रुपए का नुकसान हुआ है । इस संबंध में पीड़ित किसान ने हरिहरगंज थाना में आवेदन देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कृषि फार्म में आग लगाये जाने की बात कही है।

# मतदान दल के भरोसेमंद कप्तान होते हैं पीठासीन पदाधिकारी: उप विकास आयुक्त

- मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी एवं गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शनिवार से प्रारंभ हो गया। प्रशिक्षण के पहले दिन डीएवी में 2114 पीठासीन पदाधिकारी एवं गिरिवर स्कूल 560 द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। एक सौ प्रशिक्षकों के द्वारा इन मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया।

मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि पीठासीन पदाधिकारी मतदान दल के भरोसेमंद कप्तान होते हैं इसलिए उन्हें सर्वाधिक दक्ष व सजग होना आवश्यक है। दायित्व निर्वहन एवं समन्वय के भरोसे पर खरा उतरने के लिए उन्हें प्रशिक्षण को गंभीरता से लेना आवश्यक है।



दूसरे चरण का प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारी।

डीएवी में प्रशिक्षण का अनुसमर्थन जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी व अमरेन्द्र पाठक तथा गिरिवर स्कूल में रामानुज प्रसाद व अशोक सिंह ने किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया व प्रपत्रों के बारे में बिंदुवार जानकारी दी तथा ईवीएम संचालन का अभ्यास कराया गया।

मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र राम सहायक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने अनुश्रवण किया।

# पप्पू शौंडिक की पुण्यतिथि मनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** मेन रोड स्थित होटल आर बी पैलेस में शनिवार को समाजसेवी पंकज शौंडिक उर्फ पप्पू शौंडिक की दूसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। उपस्थित लोगों ने दिवंगत पप्पू शौंडिक के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मालूम हो कि 13 अप्रैल 2022 को उक्त समाजसेवी की अपराधियों द्वारा हत्या कर दी गयी थी। वक्ताओं ने कहा कि पप्पू शौंडिक समाज के हर तबके के लोगों के सुख दुख में हमेशा साथ दिया करते थे। साथ ही रामनवमी पूजा में उनका योगदान हमेशा याद किया जायेगा। मौके पर राजेश शौंडिक, बल्लू बलराम, चंदन जायसवाल, निरंजन प्रसाद, सन्नी गुप्ता, दिलीप स्वर्णकार, अमित कुमार, करण राजवीर, सौरभ कुमार, साकेत कुमार, सौरभ, गौरव व कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# चैती छठ में जुटे रहे व्रतधारी

- व्रतियों ने भगवान सूर्य का पूजन कर किया खरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के भगवान भास्कर मंदिर स्थित छठ पोखरा घाट पर खरना को लेकर भारी मात्रा में जुटे व्रतधारी आस्था व निष्ठा, अखंडता के यह महापर्व हुसैनाबाद के शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में व्रतधारियों की संख्या देखी गयी। इससे 5-7 वर्ष पूर्व की बात करे तो यहां से लोग औरंगाबाद बिहार के देव में चैती छठ करने जाते थे। शनिवार को खरना की उपासना पर व्रतधारियों ने स्नान कर भगवान भास्कर अर्घ्य देकर क्षेत्र के कल्याण के लिए कामना की। वहीं महिलाये एक टोली में गीत गाते हुये घाट पर पहुंची। महिलाओ ने चैती छठ पर



अधारित काच ही बांस के बहंगीया बहगी लचकत जाय.........., उगह हो सुरजदेवा भइले अर्द्ध के बेर आदि गीत गाती हुयी छठ घाट पंहुची। व्रती स्नान के बाद सांध्य में खीर से खरना की एवं भोजन का प्रसाद बना कर वितरण भी किया। व्रतधारियों की सुविधाओं को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने सोन के पानी से लेकर अन्य सारी व्यवस्था को ससमय पर निर्बाध कर दिया है जिससे शहरवासियों में खुशी है।

### देसी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के गणके खैराही में पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम गुप्त सूचना पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने गणके से दो युवकों को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें महादेव माड़ा के विकास साव व मटपुरही का चन्नू मोची शामिल है। छापामारी में सब इंस्पेक्टर श्यामजय सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। थाना प्रभारी उत्तम राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अवैध शराब व अवैध हथियार रखनेवालों के खिलाफ छापामारी कर रही है।

### सेसा महासचिव ने पंडवा स्कूल में किया अध्यापन



**मेदिनीनगर।** स्वयंसेवी संगठन सेसा के महासचिव कौसिक मल्लिक सुबह सबेरे राजकीय मवि पड़वा पहुंचे। वहां उन्होंने विद्यालय के कक्षा 6 और 7 के बच्चों को गणित, पर्यावरण एवं वित्तीय समावेशन जैसे विषय पर अध्यापन कार्य किया। यह वही विद्यालय है जहां कुछ दिन पहले पलामू के उपायुक्त भ्रमण पर गये थे। अखबारों से सूचना मिली थी कि यहां का छात्र आयत की परिभाषा नही बता सका था। बच्चों को आयत, वर्ग, चतुर्भुज, त्रिभुज व वृत्त की परिभाषा भी बतायी।

### अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी



**मोहम्मदगंज पलामू।** गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी पंकज तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को थाना क्षेत्र के रमजीता (पांती) में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी कर करीब 40 किलो जावा महुवा एवं 3 लीटर देसी शराब तथा शराब बनाने के उपकरण को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अवैध शराब की सूचना पुलिस प्रशासन को देने की अपील की है।

### युवक ने की आत्महत्या



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दारुडीह के झरना टोला निवासी रामकिशुन राम के 36 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार रवि नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। फांसी लगाने का मुख्य कारण पारिवारिक विवाद बताया गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर लेस्लीगंज थाना के एएस विक्रम शिल अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की छानबीन कर शव को कब्जे में ले लिया।

# विहिप का पुनर्गठन, विक्रम आदित्य बने प्रखंड अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की संयुक्त बैठक शनिवार को रेहला साप्ताहिक शुक्र बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुआ। अध्यक्षता विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्रा व संचालन बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप गुप्ता ने किया। बैठक में विहिप और बजरंग दल का दायित्व परिवर्तन करते हुए प्रखान कमेटी का पुनर्गठन किया गया। विक्रम आदित्य को विहिप का खंड अध्यक्ष बनाया गया। जबकि राजकुमार मेहता को मंत्री बनाया गया।

### कलयुग में राम नाम से सभी कष्टों का निवारण : व्यंकटेश जी महाराज

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के केतात ग्राम पंचायत में नव निर्मित श्रीराम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अहले सुबह से ही यज्ञशाला की परिक्रमा को श्रद्धालु यज्ञस्थल पहुंच जा रहे हैं। सारे दिन विशेष पूजा अर्चना हो रही है। दोपहर दो बजे से रामकथा भी हो रही है। कथा के तीसरे दिन रामानुजाचार्य व्यंकटेश जी महाराज ने कहा कि कलयुग में केवल राम नाम से सभी कष्टों का निवारण हो जाता है।

# समाजसेवी सुबोध ने किया रागिनी जेनरल व श्रृंगार स्टोर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के हूटार पंचायत में पूजा पाठ के बाद रागिनी जेनरल स्टोर एवं श्रृंगार एंड स्टेशनरी शॉप का सामाजिक कार्यकर्ता सुबोधकांत कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जेनरल स्टोर में सभी तरह के समान उपलब्ध रहेंगे। इस स्टोर के खुलने से चैनपुर और मेदिनीनगर पर निर्भरता कम हो गयी है। दुकान के संचालक धर्मेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राहकों की जरूरत का ख्याल



रखा जायेगा। उनकी दुकान में जेनरल स्टोर के साथ-साथ श्रृंगार एवं स्टेशनरी से संबंधित सभी तरह के सामान उपलब्ध हैं। लोगों को अब चैनपुर और मेदिनीनगर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर पंडित राम चरित्र पाठक, सुजीत कुमार, हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनील रजक, नरेश विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, राज किशोर विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# गतिविधि आधारित शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में रुचि बढ़ाना : डॉ एके सिंह

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बैलून बर्सटिंग समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बलून बर्सटिंग (गुब्बारा फोड़) समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें प्री नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के छात्रों ने भागीदारी निभायी। विदित हो कि नये सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों को नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव हेतु इस प्रकार की अनेक गतिविधियां करायी जाती है।



बैलून बर्सटिंग समारोह में शामिल ऑक्सफोर्ड के बच्चे।

मौके पर बच्चों ने गुब्बारों सहित विभिन्न गीतों पर मनोहारी प्रदर्शन किया। विद्यालय और बच्चों के लिए यह बहुप्रतिक्षित और स्वतंत्र गतिविधि होती है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में रुचि पैदा करना होता है। पारिवारिक वातावरण का विद्यालयीन वातावरण से सामंजस्य बिठाना आवश्यक होता है। अतः ऐसी गतिविधियां इस कार्य में सहायक होती है।

छात्रों के थिरकते कदम उनके बेहतर भविष्य का सूचक है। बेहतर शैक्षिक वातावरण बनाने में ऑक्सफोर्ड स्कूल बेजोड़ है। शिक्षण तकनीक से गतिविधियों को जोड़कर बेहतर वातावरण बनाया जा सकता है। इस प्रकार की स्वतंत्र गतिविधियां, बच्चों के विद्यालयीन व कक्षागत रुचियां प्रदान करने में सहायक होती है। ऐसे गतिविधियां बच्चों को संकोच व डर से दूर रखने का प्रभावशाली माध्यम होता है। छोटा बच्चा समझ के हमको आंख न दिखाना रे तथा बम-बम बोले इत्यादि गीतों पर छात्रों के कदम थिरके। मौके पर स्कूली बच्चे व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थी।

# ऋषि-कृषि संस्कृति का मेल है सीता राम का मिलन : मदन मोहन मिश्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में श्रीरामचरित्रमानस नवाह्न परायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। दिन में पंडित विद्वानों द्वारा रामायण पाठ व रात्रि में पंडितों द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। यज्ञ में सुबह परिक्रमा करने व रात्रि में प्रवचन श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। रात्रि में लोगों को संगीतमय प्रवचन करते हुए मानस मर्मज्ञ पंडित मदन मोहन मिश्र ने भक्ति का रसापान कराया। पंडित मिश्र ने कहा कि श्री राम यज्ञ से प्रकट हुए जो ऋषि संस्कृति का प्रतीक है। जनक जी ने हल चलाया उससे सीता जी प्रकट हुई जो कृषि संस्कृति का प्रतीक है। ऋषि और कृषि का मिलन है सीता राम का मिलन है। जनक जी का सारा पुण्य सीता जी हैं। दशरथ जी का सारा पुण्य श्रीराम है। भगवान शिव की आराधना से ही इस समग्र सुकृत गणेश जी राम जनक जी को प्राप्त हुआ। रामायण काल में विश्वामित्र का यज्ञ सफल हुआ। दशरथ जी और जनक जी का यज्ञ सफल हुआ जबकि दक्ष का यज्ञ रावण और मेघनाथ का यज्ञ सफल नहीं हुआ यज्ञ से बादल बनते हैं जिससे जल बरसता है। अन्न की उत्पत्ति होती है। मानव जीवन एवं पर्यावरण दोनों को संतुलित रखना यज्ञ के अंतर्गत आता है। लोक कल्याण की भावना से किया गया यज्ञ सफल होता है। यज्ञ का दीन दुखियों की सेवा गरीब बेटियों के विवाहश्री राम यज्ञ से प्रकट हुए जो ऋषि संस्कृति का प्रतीक है। जनक जी ने हल चलाया उससे सीता जी प्रकट हुई जो कृषि संस्कृति का प्रतीक है।





प्रवचन करते मानस मर्मज्ञ और कथा सुनने को लेकर एकत्रि श्रद्धालु।

# राजस्थान ने लगाया जीत का पंजा

## संकटमोचक हेटमायर ने राजस्थान को आखिरी ओवर में जिताया



एजेंसी

**मुल्लांपुर।** गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल की बेहतरीन बैटिंग से राजस्थान रॉयल्स ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स और उसके घर में 3 विकेट से हरा दिया। पंजाब और राजस्थान के बीच आइपीएल 2024 का यह 27वां मुकाबला मुल्लांपुर में खेला गया था। मैच में राजस्थान के खिलाफ टॉस हारने के बाद पंजाब किंग्स ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 147 रन का स्कोर ही बना पाई। इसके जवाब में राजस्थान की टीम ने 1 गेंद शेष रहते मैच को अपने नाम कर लिया। इस सीजन में राजस्थान की टीम का 6 मैचों में से यह 5वीं जीत है। पंजाब के खिलाफ इस मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत भी धीमी रही थी। राजस्थान के लिए यशस्वी जायसवाल और तनुष कोटियान ने पारी की शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रनों की पार्टनरशिप की थी। यशस्वी जायसवाल ने 28 गेंद में 39 रनों की पारी खेली। हालांकि शुरूआती विकेट गिरने के बाद पंजाब के गेंदबाजों दमदार ने वापसी की और मैच को आखिरी ओवर तक लेकर आए, लेकिन शिमरन हेटमायर ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए टीम को रोमांचक जीत दिलाई।

### हेटमायर ने बचा ली रॉयल्स की लाज

पंजाब को सिर्फ 146 रन के स्कोर पर रोकने के बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की भी हालत खराब हो गई थी। राजस्थान के लिए मध्यक्रम में शिमरन हेटमायर ने किसी तरह राजस्थान की लाज बचा ली। हेटमायर ने टीम के लिए 10 गेंद में 27 रनों की पारी खेली। उनकी इस दमदार बैटिंग के बदौलत ही रोंगटे खड़े कर देने वाले मैच में राजस्थान ने जीत हासिल कर ली।

### शिखर की गैर मौजूदगी में पंजाब की हालत हुई खराब

राजस्थान के खिलाफ इस मैच में शिखर कप्तानी के लिए मैदान पर नहीं उतरे थे। उनकी जगह सैम करन ने कप्तानी की थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की टीम हालत राजस्थान के गेंदबाजों की सामने बहुत ही खराब रही। टीम ने सिर्फ 70 रन के स्कोर पर अपनी आधी टीम गंवा दी थी, लेकिन निचले क्रम में आशुतोष शर्मा के 31 रन और जितेश शर्मा के 29 रनों की पारी से पंजाब की टीम जैसे-तैसे 146 रन के स्कोर तक पहुंची थी।



### पंजाब 147/8 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| तायडे कै. सेन बो. आवेश | 15 | 12 | 02 | 00 |
| बेयरस्टो कै. हेटमायर बो. महाराज | 15 | 19 | 01 | 00 |
| प्रभसिमरन कै. जुरेल बो. चहल | 10 | 14 | 01 | 00 |
| करन कै. जुरेल बो. महाराज | 06 | 10 | 00 | 00 |
| जितेश कै. पराग बो. आवेश | 29 | 24 | 01 | 02 |
| शशांक कै. जुरेल बो. सेन | 09 | 09 | 01 | 00 |
| लिविंगस्टन रन आउट | 21 | 14 | 02 | 01 |
| आशुतोष कै. महाराज बो.बोल्ट | 31 | 16 | 01 | 03 |
| हरप्रीत ब्रार नाबाद | 03 | 03 | 00 | 00 |

अतिरिक्त :08

विकेट पतन : 27-1, 41-2, 47-3, 52-4, 70-5, 103-6, 122-7, 147-8.

गेंदबाज : ट्रेंट बोल्ट : 4-0-22-1, कुलदीप सेन : 4-0-35-1, आवेश खान : 4-0-34-2, युजवेंद्र चहल : 4 0-31-1, केशव महाराज : 4-0-23-2.

### राजस्थान 152/7 (19.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. पटेल बो. रबाडा | 39 | 28 | 04 | 00 |
| कोटियन बो. लिविंगस्टन | 24 | 31 | 03 | 00 |
| सैमसन एलबीडब्ल्यू रबाडा | 18 | 14 | 01 | 01 |
| पराग कै. रबाडा बो. अर्शदीप | 23 | 18 | 01 | 01 |
| जुरेल कै. शशांक बो. हर्षल | 06 | 11 | 00 | 00 |
| शिमरन हेटमायर नाबाद | 27 | 10 | 01 | 03 |
| पॉवेल कै. जितेश बो. करन | 11 | 05 | 02 | 00 |
| महाराज कै. लिविंगस्टन बो. करन | 01 | 02 | 00 | 00 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |

अतिरिक्त : 03

विकेट पतन : 56-1, 82-2, 89-3, 113-4, 115-5, 136-6, 138-7.

गेंदबाज :अर्शदीप सिंह: 3.5-045-1, कगिसो रबाडा : 4-0-18-2, सैम करन : 4-0-25-2, लियाम लिविंगस्टन : 3-0-21-1, हर्षल पटेल : 2-0-21-1, हरप्रीत ब्रार : 3-0-22-0 7.33

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 06 | 05 | 01 | 00 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| चेन्नई | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| लखनऊ | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.436 |
| हैदराबाद | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.344 |
| गुजरात | 06 | 03 | 03 | 00 | 06 | -0.637 |
| मुंबई | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.073 |
| पंजाब | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -0.218 |
| दिल्ली | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 06 | 01 | 05 | 00 | 02 | -1.124 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 319 |
| रियान | राजस्थान | 284 |
| सैमसन | राजस्थान | 264 |
| गिल | गुजरात | 255 |
| सुदर्शन | गुजरात | 226 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| चहल | राजस्थान | 11 |
| बुमराह | मुंबई | 10 |
| रबाडा | दिल्ली | 09 |
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 09 |
| खलील | दिल्ली | 09 |

## दिल्ली कैपिटल्स को लगा झटका

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटने से बड़ा झटका लगा है। मार्श को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया जाना तय है। उन्हें दिल्ली टीम प्रबंधन के साथ परामर्श के बाद वापस बुला लिया गया। मौजूदा सत्र में हालांकि उनकी उपलब्धता पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। मार्श ने दिल्ली की टीम के लिए पिछला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला था। वह इसके बाद मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ टीम के पिछले दो मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे।

## वानखेड़े में रोमांचक होगी मुबंई-चेन्नई की भिड़ंत




**मुबंई।** मुबंई के वानखेड़े स्टेडियम पर मुबंई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आइपीएल 2024 का मुकाबला रोमांचक होने के आसार हैं। चेन्नई के लिये आइपीएल का अब तक सफर उतार चढ़ाव से भरा रहा है। चेन्नई ने अब तक खेले गये पांच मुकाबलों में तीन में जीत दर्ज की है जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है वहीं दूसरी ओर मुबंई ने अपने शुरूआती तीन मैच गंवा कर टूर्नामेंट की शुरूआत निराशाजनक ढंग से की मगर पिछले दो मैचों में जीत की टॉनिक ने उसके मनोबल में जबरदस्त इजाफा किया है।

## लखनऊ के खिलाफ कोलकाता वापसी को तैयार




**कोलकाता।** पिछले मैच की हार को भुला कर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को मेहमान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपना दूसरा घरेलू मैच खेलने के लिए तैयार है। कोलकाता ने अपने सीजन की शानदार शुरूआत की है और अपने पहले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। कोलकाता का लक्ष्य अपने घरेलू चरण को यादगार बनान और पिछले गेम में हार के बाद जीत की राह पर लौटना है।

## भारतीय महिला पहलवानों का जलवा, राधिका को मिला रजत, शिवानी को कांस्य पदक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने जलवा बिखेरा। राधिका ने 68 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई चैंपियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। राधिका ने 2022 में भी जीता था रजत पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को मात दी। हालांकि, उन्हें स्वर्ण पदक के मुकाबले में जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा।

### हार के बाद शिवानी ने की वापसी



भारत की एक अन्य पहलवान शिवानी पवार को 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गईं थी, लेकिन चीन की इस पहलवान के फाइनल में पहुंचने के बाद उन्होंने रेपचेज के जरिये कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं, 55 किग्रा वर्ग में तमन्ना को क्वलीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9-0 से हराया, लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से तमन्ना भी पदक की दौड़ में शामिल हो गईं। वह हालांकि मौके का फायदा नहीं उठा सकीं और रेपचेज राउंड में उन्हें चीन की मिन यांग से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा।

### अन्य भारतीय पहलवानों को मिली हार

भारत के पास रेपचेज के जरिये अन्य वर्गों में पदक हासिल करने का मौका था, लेकिन अन्य पहलवान इस मौके का फायदा नहीं उठा सके। पुष्पा यादव (59 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) भी उन्हें हराने वाली पहलवानों के फाइनल में पहुंचने से पदक की दौड़ में शामिल हो गई थीं, लेकिन इन दोनों भारतीय पहलवानों को हार का सामना करना पड़ा और वे पदक जीतने में नाकाम रहीं। कांस्य पदक के प्लेऑफ में पुष्पा को कजाखस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हराया, जबकि प्रिया को भी कजाखस्तान की एल्मिरा सिज्डीकोवा ने मात दी।

## नेपाल के दीपेंद्र ने एक ओवर में छह छक्के लगाकर रचा इतिहास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नेपाल के विध्वंसक बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह एरी ने एक बार फिर टी20 क्रिकेट में कोहराम मचाया है। कतर के खिलाफ एसीसी प्रीमियर कप के 7वें मैच में दीपेंद्र ने 6 गेंद में 6 सिक्स लगाकर इतिहास रच दिया। दीपेंद्र ने यह कारनामा नेपाल की पारी के अंतिम ओवर में किया जब कतर के लिए कामरान खान गेंदबाजी करने आए। दीपेंद्र ने नेपाल के लिए 5वें नंबर पर बैटिंग करते हुए 21 गेंद में 64 रन बनाकर नाबाद रहे हैं। 20 ओवर से पहले दीपेंद्र 15 गेंद में 28 बनाकर खेल रहे थे और नेपाल का स्कोर 7 विकेट पर 174 रन था, लेकिन दीपेंद्र ने आखिरी ओवर में ऐसा तूफान मचाया कि स्कोर 200 रन के पार पहुंच गया। अपनी इस पारी में उन्होंने कुल 7 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उनकी इस दमदार पारी के बौदल ही नेपाल ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 7 विकेट पर 210 रन का स्कोर खड़ा किया। इस तरह दीपेंद्र टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे ऐसे बल्लेबाज बने हैं जिन्होंने एक ओवर के सभी 6 गेंद को छक्का उड़ाया। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम भारत के युवराज सिंह का है। युवराज ने 2007 टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में यह कारनामा किया था। वहीं कायरन पोलार्ड ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे।

### युवराज के रिकॉर्ड को चूर-चूर कर चुके हैं दीपेंद्र



ऐसा पहली बार नहीं है जब दीपेंद्र ने टी20 क्रिकेट में कोई बड़ा कारनामा किया है। इससे पहले दीपेंद्र ने एशियन गेम्स में भी खूब धमाल मचाया था। उन्होंने मंगोलिया के खिलाफ मैच में सिर्फ 9 गेंद में फिफ्टी ठोक दी थी। टी20 क्रिकेट का यह सबसे तेज फिफ्टी भी है। इस मामले में उन्होंने भारत के ही युवारज सिंह को पीछे छोड़ा था, जिन्होंने 2007 टी20 विश्व कप में 12 गेंद में अपना पचासा पूरा किया था।

## शाह ने 1984 के विजेता भारतीय टीम को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव जय शाह ने आज ही के दिन 1984 में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का पहला संस्करण जीतने वाली भारतीय टीम को बधाई दी है। एशिया कप के उद्घाटन संस्करण में पाकिस्तान, भारत और श्रीलंका शामिल थे। भारत और पाकिस्तान अपने-अपने मुकाबलों में श्रीलंका को हराकर फाइनल में पहुंचे। जय शाह ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर टीम को शुभकामनाएं देते हुए लिखा, आज ही के दिन 1984 में, टीम इंडिया ने एशिया कप का उद्घाटन संस्करण जीता था, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ सुरिंदर खन्ना की 56 रन की पारी शामिल थी। रवि शास्त्री की असाधारण बाएं हाथ की स्पिन और रोजर बिन्नी की शानदार त्रुटिहीन सीम गेंदबाजी ने टीम इंडिया की सफलता को और मजबूत किया-क्योंकि यह जोड़ी टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली जोड़ी के रूप में उभरी।

## आइसीसी टी20 विश्व कप के आधिकारिक गान के लिये तैयार पॉल और केस

एजेंसी

**दुबई,।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता सीन पॉल और सोका सुपरस्टार केस एक जून को शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक गान के लिए तैयार हैं। वेस्ट इंडीज और यूएसए में आयोजित टूर्नामेंट में फेंकी जाने वाली पहली गेंद से 50 दिन पहले आइसीसी ने आधिकारिक गान की घोषणा की है। आने वाले हफ्तों में यह गान लॉन्च के लिए तैयार होगा जिसका ट्रैक माइकल टैनो मोंटानो ने बनाया है। गाने की फिल्म क्लिप के साथ कई प्रसिद्ध सुपरस्टार भी शामिल होंगे। आइसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दो दशकों से अधिक समय से संगीत उद्योग में एक अग्रणी हस्ती शॉन पॉल ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर को छूने के अनुभव के साथ कैरेबियाई संगीत के सार को पकड़ने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा, क्रिकेट हमेशा से हमारी संस्कृति का एक प्रमुख हिस्सा रहा है, इसलिए टी20 विश्व कप का आधिकारिक गान रिकॉर्ड करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं केस का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और ट्रैक में कुछ नृत्य के साथ यह कैरेबियन का एक अच्छा स्पर्श होगा। कीज डिफेंथेलर, जिन्हें दुनिया में केस के नाम से जाना जाता है। वह त्रिनिदाद और टोबैगो स्थित केस द बैंड के प्रमुख गायक हैं, का इरादा गान के माध्यम से टूर्नामेंट में एक अनोखा माहौल लाने का है। उन्होंने कहा, हमारा मिशन हमेशा दुनिया को एक साथ लाने के बारे में रहा है, इसलिए क्रिकेट (कैरिबियन में हमारे लिए प्रिय) को संगीत के साथ मिलाना एक शक्तिशाली संयोजन है। इस संगीतमय माहौल को बनाने के लिए सीन पॉल, टैनो और पूरी टीम को धन्यवाद।

## बॉक्सर अमित पंघाल की भारतीय टीम में वापसी ओलिंपिक क्वालीफायर में पेश करेंगे दावेदारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआइ) ने पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के दूसरे विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के लिए नौ सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल का चयन किया है। दल का नेतृत्व 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन अमित पंघाल (51 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) करेंगे। यह टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकॉक, थाईलैंड में होने वाला है। पंघाल, जिन्होंने हाल ही में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था, वर्तमान राष्ट्रीय चैंपियन हैं और शानदार लय में दिख रहे हैं। दूसरी ओर, निशांत मार्च में इटली में आयोजित पहले ओलंपिक क्वालीफायर के अंतिम चरण में पहुंचे थे और ओलंपिक कोटा हासिल करने से एक जीत दूर रह गए थे। उनके साथ एक अन्य स्ट्रैंड्जा स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियन, सचिन (57 किग्रा), 2022 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत कुमार (92 किग्रा) भी होंगे। अभिनाश जामवाल (63.5 किग्रा) और अभिमन्यु लूरा (80 किग्रा) भी उस टीम का हिस्सा हैं जो अपनी-अपनी श्रेणियों में पेरिस 2024 कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। महिला वर्ग में पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (60 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) है, जो वर्तमान राष्ट्रीय चैंपियन भी हैं, दो और कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगी। इटली में हुए पहले ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाली टीम में पांच नए खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। पहले क्वालीफायर में 66 किग्रा वर्ग में खेलने वाली अंकुशिता इस बार 60 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।



### भारतीय बॉक्सिंग टीम

**पुरुष:** अमित पंघाल (51 किग्रा), सचिन सिवाच जूनियर (57 किग्रा), अविनाश जामवाल (63 .5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), अभिमन्यु लौरा (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा)।
**महिला:** अंकुशिता बोरो (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (66 किग्रा)।

## टू ओसियंस मैराथन 2024 केप टाउन में शुरू

**केप टाउन।** टू ओसियंस मैराथन 2024 शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित की गई, जिसमें दुनिया भर से हजारों एथलीट और खेल प्रेमी शामिल हुए। शनिवार सुबह लगभग 14 हजार धावकों ने अल्ट्रा मैराथन की शुरूआत की, जबकि लगभग 18 हजार एथलीट रविवार की हाफ मैराथन में भाग लेंगे।

## चीन ने महिला एकल का खिताब सुनिश्चित किया

**निंगबो।** चीन ने यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने चार शटलरों के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाकर महिला एकल का स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त हे बिंगजियाओ ने शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से-यंग पर 21-17, 21-18 से कड़ी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला हमवतन वांग झीयी से होगा, जिन्होंने एक गेम से पिछड़ने के बाद जापान की अया ओहोरी को 15-21, 21-12, 21-11 से हराया। अन्य महिला एकल सेमीफाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई का मुकाबला हान यू से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त चेन ने इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को 21-16, 21-19 से हराया, जबकि हान ने जापान की अकाने यामागुची पर सीधे गेम में जीत हासिल की।

## हॉकी : ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और अंतिम मैच में भारत को 3-2 से हराया

एजेंसी

**पर्थ।** पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच में, भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-3 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (4') और बॉबी सिंह धामी (53') ने गोल किये, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड (20'), के विलॉट (38') और टिम ब्रांड (39') गोल स्कोरर रहे। इस हार के साथ ही भारतीय टीम पांच मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी और ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्विप करते हुए श्रृंखला 5-0 से अपने नाम की। शुरूआती क्वार्टर में, भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखने और खेल की गति निर्धारित करने के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ शुरूआत की। इस रणनीति ने उन्हें लगातार पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करते हुए कई बार ऑस्ट्रेलिया की रक्षा में सेंध लगाने में सक्षम बनाया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह मैच के चौथे मिनट में दूसरे मौके का फायदा उठाते हुए, सटीकता और गति के साथ एक बेहतरीन ग्राउंडेड शॉट के जरिये गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। बढ़त हासिल करने के साथ ही भारत ने अपना आक्रामक दबाव तेज कर दिया, लगातार ऑस्ट्रेलिया



की रक्षा पंक्ति का परीक्षण किया। अंततः मेहमान टीम को पहले क्वार्टर के समापन तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखने में मदद मिली।

दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में, भारत ने अपनी बढ़त बढ़ाने और ऑस्ट्रेलिया पर प्रभुत्व बनाए रखने के लक्ष्य के साथ आक्रामक रुख अपनाया। फिर भी, घरेलू टीम 20वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में सफल रही, जिसका फायदा उनके फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी जेरेमी हेवर्ड ने उठाया और गोल कर ऑस्ट्रेलिया को 1-1 से बराबरी दिला दी। स्कोर बराबर होने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने अपने आक्रामक प्रयास तेज कर दिए, लगातार भारत पर दबाव डाला और कई मौके बनाए, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली और हाफ टाइम की सीटी बजने तक टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। तीसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने अपने जवाबी हमले के मौके का फायदा उठाया, जिसमें काय विलॉट (38') और टिम ब्रांड (39') ने एक मिनट के भीतर दो फील्ड गोल कर मेजबान टीम को 3-1 की आरामदायक बढ़त दिला दी। वापसी की कोशिश में, भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी तीव्रता बढ़ा दी, लगातार दबाव डाला और त्वरित पास दिए।

## बधिर और दृष्टिबाधित प्रशंसक भी उठा सकेंगे आइपीएल का रोमांच

**मुबंई।** टाटा आइपीएल 2024 के आधिकारिक प्रसारक, स्टार स्पोर्ट्स ने बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए सांकेतिक भाषा कमेंट्री शुरू की है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने स्टार स्पोर्टस की इस पहल का स्वागत करते हुये कहा हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि हमने कमेंटरी में वास्तव में प्रतिष्ठित क्षणों को देखा है, विशेष रूप से एमएस धोनी के 'विश्व कप विजेता छक्के' को रवि शास्त्री द्वारा बुलाया गया था। हर कोई खेल का पूरा आनंद लेने का हकदार है, और मुझे लगता है कि यह एक महान नवाचार है, खेल को उसकी पूरी सुंदरता के साथ उन सभी के सामने लाये जो सुनने में इतने भाग्यशाली नहीं हैं। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने सांकेतिक भाषा फीड के बारे में कहा दुर्भाग्य से, ऐसे दर्शक हैं जो सुनने में सक्षम नहीं होंगे। वे आईपीएल को दृश्य रूप से देख पाएंगे। वे इसका आनंद लेंगे।

स्पीड न्यूज

## यूरेनियम कामगार यूनियन की वार्षिक आमसभा 15 को

जादूगोड़ा। यूरेनियम कामगार यूनियन का वार्षिक आमसभा 15 अप्रैल यानि सोमवार को तुरामडीह में होगा। जिसको लेकर तैयारी तेज हो गई है। इधर, सूत्रों की माने तो सुबह 11 बजे से आयोजित इस वार्षिक आम सभा में यूनियन के पदाधिकारियों में फेरबदल समेत आय-व्यय समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी। इस बाबत यूनियन नेता राजाराम सिंह ने कहा कि इस सभा में यूनियन के अध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र कुमार पटोले व इफ्टू के महासचिव व्यास तिवारी मुख्य तौर पर उपस्थित रहेंगे इस आम सभा की सफल बनाने के लिए जादूगोड़ा माइंस से परिमल भकत,जादूगोड़ा मिल से सुदर्शन व रंजय ठाकुर, नरवा पहाड़ से मुहम्मद महमूद, तुरामडीह से यूनियन महासचिव कैंसर ऐजाज हाशमी ललित बेहरा, गुरुचरण हांसदा को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट का यूथ लीडरशिप कार्यक्रम

जमशेदपुर। शनिवार को रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट द्वारा विभिन्न स्कूलों के अपने इंटरैक्ट क्लब सदस्यों के लिए रोटरी यूथ लीडरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे से शाम 5 बजे तक जमशेदपुर पब्लिक स्कूल में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित असिस्टेंट गवर्नर आरटीएन अंजिनी निधि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर शहर के प्रतिष्ठित वक्ता क्रमशः टाटा स्टील के अरविंद रायकर, रजनी कौंटिया और आरटीएन चंदेश्वर खान सहित रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी कई दिलचस्प विषयों पर चर्चा की। उन्होंने नेतृत्व, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। रोटेरियन द्वारा प्रबंधित क्विज ब्रेक, प्रबंधन खेल और कैरियर मार्गदर्शन का सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र विभिन्न स्कूलों के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण रहा, जो उन्हें समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने और भविष्य में अपने संबंधित व्यवसायों में प्रभावशाली नेता बनने के लिए प्रेरित करेगा। इसे सफल बनाने में आरटीएन प्रेमा गोगना, जयंती दत्त, शुभ्रजीत बसु, कुणाल कर, निधि बसु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विपक्ष के हमलों पर करारा जवाब देगा भाजपा आइटी सेल : अवस्थी

जमशेदपुर। लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया और आईटी सेल की सक्रिय भूमिका के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पुर्वी सिंहभूम जिले के प्रत्येक मंडल एवं बूथों पर सोशल मीडिया और आईटी सेल के योद्धाओं की टीम तैयार की जा रही है। इस रणनीति पर पार्टी ने काम करना तेज कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार को जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत सोशल मीडिया और आईटी सेल के कार्यकर्ताओं के लिए हाईटेक विभाग की बैठक साकची स्थित जमशेदपुर लोकसभा के प्रधान कार्यालय में सम्पन्न हुई। उपरोक्त बैठक में भाजपा झारखंड प्रदेश के सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक के अंतर्गत सोशल मीडिया व आईटी सेल से जुड़े कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षण दिया गया।


### शपथ पत्र



मैं मंशा देवी, MANSHA DEVI, उम्र 45 वर्ष पति संजय प्रसाद ग्राम कुकही, पोस्ट कुकही, थाना हैदरनगर, जिला पलामू, (झारखण्ड) शपथ पत्र संख्या 1681, दिनांक 06/04/2024 के माध्यम से सूचित करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम ई-मतदाता पहचान पत्र के अनुसार मंशा देवी,पति संजय प्रसाद हैं। जो सही हैं। यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या, 784390909393 में मेरा नाम भूलवश मनता देवी अंकित हो गई हैं। यह कि मंशा देवी और मनता देवी दोनो एक ही महिला हैं। जो कि मैं हूं। यह कि इस शपथ पत्र में वर्णित जानकारी सही हैं। इसका विज्ञापन निकलवा रही हूँ।


## चैती छठ : व्रतियों ने किया खरना, पहला अर्घ्य आज





गंडक रोड साकची में खरना करतीं सपना और ममता, मानगो में खरना करतीं प्रियंका उपाध्याय (नीचे)।

# लाठी चार्ज करने वाले कर्मियों और होमगार्डों पर शीघ्र कार्रवाई करे प्रशासन : बन्ना गुप्ता

- सिंहभूम चेंबर में व्यापारी-उद्यमियों की बैठक, कल की घटना को लेकर आक्रोश
- बैठक के दौरान अचानक पहुंचे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, डीसी को दिये निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



व्यापारियों की बैठक में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य।

जमशेदपुर। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वाधान में आज चैंबर भवन में व्यापारी एवं उद्यमियों की बैठक आयोजित हुई बैठक में व्यापारियों के बीच काफी आक्रोश देखा गया। कल बिष्टुपुर डायगनल रोड में जेएनएसी द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर वहाँ के स्थानीय व्यापारियों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करने के कृत्य का पुरजोर विरोध आज चैंबर परिसर में देखा गया।

सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि इस तरह बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करने के कृत्य का पुरजोर विरोध चैम्बर करती है, उन्होंने कहा कि राज्य एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में व्यापारी और उधमी सहायक है, उन पर इस तरह का अत्याचार व्यापारी समाज बर्दाश्त नही करेगा। सिंहभूम चैंबर व्यापारियों के मान, स्वाभिमान एवं रक्षा हेतु सदैव खड़ा था, है और रहेगा। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में व्यापारियों के साथ ऐसी घटना नहीं हो। बैठक में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष उमेश काउंटिया, अशोक भालोटिया, व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक भालोटिया, संदीप मुरारका, अशोक गोयल समेत चैम्बर के उपाध्यक्ष पुनीत काउंटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, राजीव अग्रवाल, अनिल मोदी समेत उपस्थित कई व्यापारियों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कल की घटना का निंदा किया। घटना से शहर के प्रशासन की प्रतिष्ठा पर दाग लगा है। राज्य और देश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यापारियों पर अपराधियों जैसा व्यवहार न्याय व्यवस्था के बिल्कुल विपरीत है।

# बारीडीह में मना खालसा पंथ सृजन दिवस व शबद गायन

खबर मन्त्र ब्यूरो





जमशेदपुर। श्री गुरु नानक सभा बारीडीह गुरुद्वारा साहिब में बड़े ही श्रद्धा एवं परंपरा के साथ खालसा पंथ सृजन दिवस बैसाखी मनाया गया। इस मौके पर कीर्तनी जत्थे ने गुरु गोविंद सिंह जी एवं खालसा पंथ स्थापना दिवस पर आधारित शब्द गायन किया।

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह एवं केंद्रीय कमेटी का प्रतिनिधित्व कर रहे सरदार सुखविंदर सिंह राजू, बीबी कमलजीत कौर, हरभजन सिंह गिल गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के आगे नतमस्तक हुए और संगत को बैसाखी की बधाई दी तथा श्रद्धा के साथ लंगर ग्रहण किया। इस मौके पर बाबा निरंजन सिंह ने बैसाखी का इतिहास रखा और सभी को अमृत बाटा की पाहुल छक गुरु वाला बनने की नसीहत दी। उनके अनुसार विडंबना है कि गुरु जी ने जात-पात खत्म कर दिया और हम अभी भी इसे लेकर चल रहे हैं। हमें एक होकर समस्त मानव जाति की कल्याण भलाई के लिए काम करना है। गुरु दरबार में सरदार सतविंदर सिंह एवं डॉ रजनीश कौर को गुरु घर की ओर से सम्मानित किया गया। संगत की ओर से सरदार कुलदीप सिंह ने बाबा निरंजन सिंह एवं बीबी कमलजीत कौर गिल ने पोली दीदी को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इलाके के सिखों का सराहनीय योगदान रहा।

## व्यापारियों-उद्यमियों पर लाठी चार्ज लोकतंत्र पर प्रहार : मनोज मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के व्यापारियों पर बिष्टुपुर मे हुए लाठी चार्ज की घटना लोकतंत्र पर प्रहार है` उक्त बातें झारखण्ड मानवाधिकार संगठन के प्रमुख मनोज मिश्रा ने कहीं। उन्होंने कहा जिस तरह से व्यापारियों पर लाठी चार्ज किया गया ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे वे कोई व्यापारी नहीं बल्कि कोई कुख्यात अपराधी हो। मनोज मिश्रा ने कहा संगठन इसकी जांच करेगा और दोषी अधिकारियो एवं लाठी मारने वाले जवानो पर कानून संवत कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से आग्रह करेगा। उन्होंने कहा, शहर के व्यापारियों के साथ पूरा समाज खड़ा है। इसी विषय पर रविवार को शाम पांच बजे झारखण्ड मानवाधिकार संगठन की बैठक छाया नगर में रखी गयी है, जहां मामले पर कार्यवाही को लेकर अंतिम निर्णय लिये जायेंगे । मनोज मिश्रा ने डीसी से मांग करते हुए कहा कि यह बेहद ही गंभीर मामला है, डीसी को इसकी उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए और दोषियी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। मनोज मिश्रा ने सवाल करते हुए कहा कि जेएनएसी शहर के अलग अलग क्षेत्रों मे अतिक्रमण हटाने का लगातार अभियान चला रहा है, परन्तु यह अभियान साकची बाजार मे क्यों नहीं चलाया जाता है।

## शेन इंटरनेशनल स्कूल में मनी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

›› बच्चों ने किया नमन और ली शपथ

खबर मन्त्र ब्यूरो



डॉ अंबेडकर पर नृत्य नाटिका पेश करते बच्चे।

जमशेदपुर। हमारे देश के संविधान के संस्थापक डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए शेन इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष सभा आयोजित की गये। छात्रों ने डॉ अंबेडकर के जीवन इतिहास पर जानकारीपूर्ण भाषण दिये।

छात्रों द्वारा एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें संविधान निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के माध्यम से डॉ. अम्बेडकर द्वारा समय की रेत पर छोड़ी गई अमिट छाप को खूबसूरती से दशार्या गया और उसके बाद उनके जीवन और कार्यों पर एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।

छात्रों में अच्छे मूल्यों को विकसित करने के लिए उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को सुनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या (अकादमिक) श्रीमती रमा श्रीनिवास ने स्कूल को अपने संबोधन में इस यादगार अवसर पर सबसे महत्वपूर्ण संदेश दिया कि किसी को महान और प्रभावशाली परिवारों में जन्म लेने की आवश्यकता नहीं है।

## बिरसानगर की तरह एकता दिखाने की जरूरत : कुलदीप

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी केवरी उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बिरसानगर की भांति सभी को एकता दिखाने की जरूरत पर बोल दिया है। उनके अनुसार सरदार परमजीत सिंह रोशन के लिए रंगरेटा गुरु का बेटों ने एकता दिखाई है और उन्हें अगले 3 साल के लिए बिरसानगर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का प्रधान चुन लिया गया। इसके लिए बिरादरी के सभी लोगों और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह बधाई के पात्र हैं। वरीय उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने नए प्रधान परमजीत सिंह रोशन को बधाई देते हुए कहा कि बारीडीह कमेटी में भी जो कुछ चल रहा है, वह पंथ एवं कौम के हित में नहीं है। वहां भी रंगरेटों को आगे आकर समाज को एक नई दिशा एवं एकता को मजबूत करने की जरूरत है। उनके सरदार कुलदीप सिंह के अनुसार गुरु के बेटे सभी को साथ लेकर चलते हैं और भेदभाव नहीं करते हैं।

## आज से नीडलमूवर की स्कोरबूस्ट का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

जमशेदपुर। नीडलमूवर मैनेजमेंट आगामी 14 अप्रैल को बच्चों के लिए स्कोरबूस्ट का उद्घाटन करेगी। यह एक नई गुणवत्तायुक्त पहल है जो छात्रों के लिए घर कि पढ़ाई को परिवर्तित कर रही है। एक सिक्स सिग्मा ब्लैक बेल्ट धारक निलय मीटर के नेतृत्व में स्कोरबूस्ट छात्रों को व्यक्तिगत रणनीतियों और आकर्षक उपकरणों के माध्यम से उनके शिक्षा परिणामों (स्कोर) में सुधार करने की महत्वपूर्ण पहल है। छात्रों को लाल से हरे तक रंगों में एक शैक्षिक यात्रा पर ले जाया जाता है, जिससे पढ़ाई को एक पुरस्कारी चुनौती बनाया जा सकता है। जिससे बच्चों का स्कोर बेहतरीन ही नहीं बल्कि पुरस्कार प्राप्त कर से यह पहल किया जायेगा। यह पहल कक्षा 6 से स्नातक और इसके बाद तक के छात्रों सम्मिलित होंगे। स्कोरबूस्ट शैक्षिक प्रदर्शन और शिक्षा अनुभव को उच्च स्तर पर उठाने का उद्देश्य रखती है। उद्घाटन सत्र में जमशेदपुर के प्रमुख शैक्षिक संस्थानों के महानुभावी प्रिंसिपल द्वारा स्कोरबूस्ट का शुभारंभ होगा।

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से नौकरी को खतरा नहीं ह्यूमन लाइफ होगा और आसान : फादर एस जॉर्ज

- एक्सएलआरआइ में तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन, 117 पेपर प्रस्तुत

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। एक्सएलआरआइ में डॉक्टोरल कोलोक्वियम का आयोजन किया गया. तीन दिवसीय इस कोलोक्वियम में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विषय पर देश व दुनिया के विभिन्न हिस्से के विद्वानों ने पेपर प्रेजेंट किया। भारत समेत नेपाल, ओमान, स्पेन और यूके के कुल 117 पेपर जमा किये गये जिसमें रिव्यू के बाद अंतिम रूप से कुल 62 पेपर प्रस्तुत हुआ। इसमें 19 डॉक्टोरल स्कॉलर एक्सएलआरआइ के जबकि अन्य 43 स्कॉलर देश व दुनिया के विभिन्न यूनिवर्सिटी व शिक्षण संस्थानों के थे। इस दौरान अंतिम रूप से बेहतर पेपर प्रस्तुत करने वाले रिसर्चरों को पुरस्कृत किया गया।

- आठ से 10 अप्रैल तक चले इस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एकेडमिक्स प्रो संजय पात्रो, डीन फाइनांस फादर डोनाल्ड डिसिल्वा समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर सबेस्टियन जॉर्ज एसजे ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। वर्तमान बजट में सरकार ने फिफ्थ जनरेशन टेक्नोलॉजी स्टार्ट अप के लिये 480 मिलियन डॉलर का प्रावधान किया है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3-डी प्रिंटिंग और ब्लॉक चेन शामिल हैं।
- इसके अलावा सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, बिग डाटा इंटेलिजेंस, रियल टाइम डाटा और क्वांटम कम्युनिकेशन के क्षेत्र में शोध, प्रशिक्षण, मानव संसाधन और कौशल विकास को बढ़ावा देने के योजना बना रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लेकर एक मिथक है कि इससे नौकरी के अवसर कम होंगे, लेकिन ऐसी बात बिल्कुल नहीं है। कहा कि इससे रोजगार पर किसी प्रकार का कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे ह्यूमन लाइफ काफी आसान हो जाएगी। उन्होंने एआइ से आने वाले दिनों में काफी चुनौतियां निकल कर सामने आने की बातों को भी रखा। वहीं, फादर डोनाल्ड डिसिल्वा एस.जे. ने तनाव से बचने के लिए काम और स्व-निवेश को संतुलित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. संजय पात्रो ने सार्थक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तेजी से उभरने वाला क्षेत्र बताया। उन्होंने उद्योग से एआई के विभिन्न उपयोग के मामलों और इसकी आवश्यकता के उदाहरण साझा किये।

## एक नजर में

### झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी पहुंचे लौहनगरी जमशेदपुर



जमशेदपुर। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री सह चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी शनिवार शाम जमशेदपुर पहुंचे। अमर बाउरी के जमशेदपुर आगमन पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्षों एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। अमर बाउरी रविवार को भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती पर अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### इनर व्हील क्लब ने तीन टीबी रोगियों को लिया गोद



जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की निक्षय मित्र योजना के तहत तीन टीबी रोगियों को गोद लिया था, जिसका उद्देश्य प्रत्येक टीबी रोगी को उनकी पोषण संबंधी जरूरतें प्रदान करके सहायता करना है। अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार हम चार महीनों से उन्हें आवश्यक पोषण युक्त खाद्य टोकरियां दे रहे हैं और इस महीने का राशन भी उन रोगियों को सौंप दिया है, जिन्हें हमारे क्लब के सदस्यों ने गोद लिया था। अध्यक्ष सम्पा उपाध्याय, उपाध्यक्ष मधुमिता सान्याल और पूनम वर्मा ने टीबी रोगियों तक इस महीने का राशन पहुंचाने की पहल की।

### काले ने बैसाखी पर गुरुद्वारे में मत्था टेका



जमशेदपुर। प्रदेश बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने आज बैसाखी के पावन अवसर पर साकची गुरुद्वारा में माथा टेका और गुरु महाराज जी के श्री चरणों में समस्त विश्व के सुख , शान्ति व आपसी भाईचारे के लिये अरदास की। कहा कि बैसाखी में एक और जहां हम खुशियां मनाते हैं वहीं यह पावन बैसाखी का समय हमें खालसा पंथ की स्थापना, उसके फर्ज, उद्देश्यों व कर्तव्य के बारे भी स्मरण कराता है। काले ने कहा कि हमारा धर्म है कि हम अपने से ज्यादा जरूरतमंदों की फि क्र अवश्य करें, उनका यथा संभव सहयोग करें साथ ही समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका अवश्य सुनिश्चित करें और लोगों में खूब प्यार व स्नेह बांटने का काम करें। काले ने इस अवसर पर सभी को बधाई व मंगलकामनाएं भी प्रदान की।

### जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की पुण्य तिथि मनायी गयी



जमशेदपुर। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व मुख्यमंत्री बिहार स्वर्गीय बीपी मंडल की पुण्य तिथि आयोजित की गयी। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया साथ ही शहादत दिवस के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं जिला पदाधिकारी ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। शहादत दिवस पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय बीपी मंडल मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से संसद के रूप में प्रतिनिधित्व करते रहे और 1968 ई में बिहार के मुख्यमंत्री बनाए गए साथ ही मंडल कमीशन आयोग के अध्यक्ष भी बने। उनके नेतृत्व में संपूर्ण भारत वर्ष में पिछड़ा आयोग से संबंधित उनके रिपोर्ट की चर्चा व्यापक रूप में प्रभावशाली रूप से विद्यमान है। वह एक जमिंदार परिवार से संबंधित भी रहे। उनके पिता जाने-माने स्वतंत्रता सेनानी एवं अधिवक्ता रहे, उनके पिता का नाम रासबिहारी मंडल एवं माता का नाम सीतावती मंडल था वह अपने मां बाप के सातवीं संतान थे। उनके अंदर विलक्षण क्षमता थी। प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि स्व बी पी मंडल एक संस्कारी परिवार से आते थे। समाज को इनसे बहुत लाभ हुआ। मंडल कमिशन के अध्यक्ष बने और आज पिछड़ा समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण मिला। वे सभी को मुख्य धारा में ला कर देश को बढ़ाने के पक्षधर थे।

### तेलगु सेना ने कदमा में मनाया तीसरा स्थापना दिवस



जमशेदपुर। झारखंड तेलुगु सेना (जेटीएस) ने शनिवार को कदमा में आयोजित एक सादे समारोह में अपना तीसरा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, जेटीएस महिला विंग की अध्यक्ष, जी विजया लक्ष्मी, जेटीएस महासचिव पी सीताराम राजू, संयोजक जी गोपाल कृष्ण और सहायक सचिव जीवी मल्लेश्वर ने यहां एक प्रतिष्ठित स्कूल के एसटीडी क के मेधावी छात्र संतोष शर्मा को किताबें वितरित कीं। जेटीएस ने पिछले वर्ष भी इसी दिन मेधावी, जरूरतमंद, वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के बीच किताबें वितरित की थीं। वित्तीय संकट के बावजूद, जेटीएस सदस्यों ने सीमित छात्रों के लिए किताबें खरीदने में आपस में योगदान करके उन्हें किताबें वितरित करने की आदत बना ली। जेटीएस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, लाभार्थी संतोष ने कहा कि यह उसकी पढ़ाई को आगे बढ़ाने में एक बड़ी मदद होगी और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा किया। पिछले रविवार को, जेटीएस ने तीसरे बैच के छात्रों के लिए अपनी मुफ्त ऑनलाइन तेलुगु भाषा कक्षाएं शुरू की थीं। पूरे झारखंड से 25 सहित 28 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है, जबकि कई अन्य ने अपनी उम्र और लिंग की परवाह किये बिना अपनी मातृभाषा (मातृभाषा) तेलुगु सीखने में गहरी रुचि दिखाई है।

# दिन में चैती दुर्गा पूजा और रात्रि में कजरेल दुर्गा मंदिर में कथा वाचिका कृष्ण नंदिनी द्वारा भागवत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी को ले धार्मिक अनुष्ठान जारी है। प्रत्येक दुर्गा मंदिरों में प्रतिदिन पाठ पूजा हो रही है। शनिवार को मां दुर्गा के चौथे रूप स्कंदमाता की पाठ पूजा कराई गई। वहीं कजरेल दुर्गा मंदिर परिसर में वृंदावन से कृपा कर पधारी कथा वाचिका किशोरी कृष्ण नंदिनी जी द्वारा भागवत कथा सुनाई जा रही है। चौथी रात्रि भागवत कथा में बताया गया कि भगवान रामचंद्र जी 14 वर्ष के लिए वनवास चले गए उनके वियोग में राजा दशरथ जी महाराज ने अपना शरीर छोड़ दिया। वन में रास्ते में रामचंद्र जी ने शूपनखा सहित कई का संहार और उद्धार किया। उन्हें हनुमान जी का सहयोग मिला। छल से सीता माता को रावण उठा ले गया। राम लक्षण दोनो भाई वन में तड़पते रहे। हनुमान जी ने सोने की लंका को जला दिया।रामचंद्र जी महाराज ने रावण का बद्ध किया।वापस अयोध्या जाकर राजा बने। फिर यदुवंश में भगवान कृष्ण जी का अवतार हुआ। कंस देवकी की हत्या करने के लिए तैयार हो गया। वासुदेव जी ने कंस को काफी समझाया।कंस को जानकारी हो गई थी कि देवकी का आठवां पुत्र उसकी हत्या कर देगा।कंस ने देवकी और वासुदेव को कारागार में बंद कर दिया।बारी-बारी से कंस ने देवकी के छह पुत्रों की पटक पटक कर हत्या कर दिया। फिर सातवें के रूप में बलराम को रोहिणी के गर्भ में स्थानांतरण कर दिया और योगमाया उठा लाया। कंश योगमाया को भी मारना चाहता था जैसे पटकना चाहा योगमाया रूपी कन्या ने अस्तभूजा रूपी माता दुर्गा का रूप ले लिया और कंस से खा अरे मूर्ख तू मुझे क्या मारेगा। तुझे मरने वाला तो कहीं और अवतार ले चुका है। फिर आठवां पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्णा स्वयं अवतार लिए कारागार में जन्म लेने के बाद कृष्ण भगवान को लेकर वासुदेव जी जमुना नदी पर चला गया। कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर लड्डू, पेड़ा, ट्रॉफी,वस्त्र आदि लुटाया गया। हजारों श्रद्धालु कृष्ण जन्मोत्सव पर नाचते, गाते, झूमते नजर आए। हजारों श्रद्धालु कृष्णमय होकर भक्ति में लीन हो गए। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की,हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की। सहित कई भजन की धुन पर श्रद्धालु नाचते, गाते, झूमते रहे। बताया गया कि धार्मिक कथा, देवी देवता या भगवान के बारे में कोई विभेद नहीं करना चाहिए। सभी देवी देवताओं और भगवान की पूजा तन मन से करनी चाहिए।दिखावे से दूर बिल्कुल सही ढंग, तन और अंतर्मन से पूजा एवं धार्मिक कार्य करनी चाहिए। प्रत्येक दिन मनुष्य को कुछ न कुछ समय निकालकर निश्चित रूप से भक्ति में लगाना चाहिए तभी जीवन सार्थक होगा। ग्रामीण व्यवस्थापक सह जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार, दुर्गा पूजा समिति, युवा शक्ति संघ के सभी पदाधिकारी, सदस्य सहित सम्पूर्ण ग्रामीण और निकटवर्ती गांव के ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं।

# गोड्डा : चुनाव को लेकर फरार वारंटियों की गिरफ्तारी तेज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** राम नवमी, ईद उल फितर, चैती दुर्गा, भागवत कथा के साथ आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के अवसर पर जिले भर के हर थानों से फरार वारंटियों शरारती तत्वों की गिरफ्तारी की संख्या अब 50 से ऊपर और 100 के नीचे हो चुकी है। कोई नशे के कारोबारी कोई नशे के आलम में मारपीट करने कोई अपराध करने के आरोपी जो वर्षों से फरार थे एक अभियान या मुहिम चला कर उन्हे गिरफ्तार कर उन्हे न्यायिक प्रक्रिया के लिए जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा खुद अपने साथ एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी को लेकर हर जगह भौतिक निरीक्षण करने थाना चेक पोस्ट पहुंच कर निरीक्षण भी कर रहे हैं साथ ही निर्देश भी दे रहे हैं।

पुलिस टीम आपसी तालमेल बिठा कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रयास में जुटे हैं।

## एक नजर में

### साहिबगंज : रामनवमी शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक



**बरहेट।** शनिवार को रामनवमी शोभा यात्रा को सफल बनाने हेतु गुमानी नदी तट पर स्थित भूतेश्वरनाथ मंदिर के प्रांगण में नव युवकों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देवाशीष पांडे ने की। वहीं बैठक में शोभायात्रा से संबंधित विविध विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक को संबोधित करते हुए राजू साह ने कहा कि 17 अप्रैल को रामनवमी के शुभ अवसर पर रामनवमी शोभायात्रा बहुत ही धूमधाम से संपूर्ण नगर में गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। मौके पर सुरेश साह, कन्हाई ढोली, अजय साह, मनोज भगत, सुमन गौरव, रितिक, अंकुर मुकेश, श्याम, देवेंदु सहित अन्य उपस्थित रहे।

### साहिबगंज : कुसमा और गोपलाडीह में नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन

**बरहेट।** प्रखंड क्षेत्र के कुसमा तथा गोपलाडीह में राम नवमी के शुभ अवसर पर नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया है। कुसमा बाजार में श्री राम दरबार मंदिर में तो वहीं गोपलाडीह के शिव मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर कुसमा बाजार में देर शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक विख्यात कथा वाचक पंडित रविशंकर ठाकुर के द्वारा किया जाता है। वहीं गोप्लाडीह शिव मंदिर में कथा वाचिका मानस मंजरी लक्ष्मी रानी और राधा रानी के द्वारा संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भक्तों को राम कथा सुनाते हैं, जिसकी मधुर भाषी सुनकर श्रोता भक्ति में विलिन हो जाते हैं। उक्त दोनों राम कथा का समापन 17 अप्रैल तथा पूर्ण आहुति 18 अप्रैल को होना सुनिश्चित किया गया है। उक्त राम कथा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है गया है।

## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : आग लगने से कई दुकान जलकर हुई राख



**राजमहल।** बड़ी डाकघर के सामने लगी दुकान शुक्रवार-शनिवार के रात में अचानक आग लग गई जिससे कई दुकानें जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार आग शाहिद का टायर बनाने वाली दुकान एवं वेल्डींग के दुकान से आग लगना शुरू हुआ और देखते देखते राकेश हलदार के चाय दुकान, मुन्ना यादव का हार्डवेयर का दुकान, खालेख का कपड़ा दुकान, बी एस एन एल का बाक्स सहित अन्य जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने फोन पर एक दुकानदार को सुचित किया उसके बाद दुकानदार ही दुसरे दुकानदार को फोन किया तब तक सब जलकर राख हो गया था। दुकान जलने से दुकानदार लोगों में मायुसी छा गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचे दो कालाजार रोगी



**बरहेट।** शनिवार को दो अलग-अलग गांव से एमपीडब्ल्यू एंथोनी हांसदा एवं सहिया द्वारा दो कालाजार रोगी को सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड अंतर्गत सनमनी गांव से सहिया वेरोनिका बेसरा ने सनमनी कड़म टोला से 10 वर्षीय समीर हेम्ब्रम को एवं झीमोली मांझी टोला से सहिया प्रेमशिला मरांडी ने 20 वर्षीय मंडल सोरेन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराया। दोनों का उपचार करने के बाद देर सायं चिकित्सक ने घर वापस जाने की अनुमति भी दे दिया।

### अश्फाक करीम जदयू में शामिल, वृषिण पटेल ने भी दिया इस्तीफा

पटना। लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज राजद के पूर्व राज्यसभा सांसद अश्फाक करीम ने जदयू की सदस्यता ग्रहण कर और पूर्व मंत्री वृषिण पटेल ने त्यागपत्र देकर राजद को बड़ा झटका दिया है। करीम ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में अपने समर्थकों के साथ मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव और राज्यसभा सांसद संजय झा की उपस्थिति में जदयू की सदस्यता ग्रहण की। करीम ने शुक्रवार को ही राजद से इस्तीफा दे दिया था।

### युवक का शव बरामद

छपरा। बिहार में सारण जिले के अवतारनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के बोधा छपरा मधुपुर गांव निवासी राम लक्षमण पंडित का पुत्र पंकज कुमार (25) शुक्रवार की शाम अपने घर से बाहर निकला लेकिन देर रात तक घर वापस लौट कर नहीं आया।

## तेजस्वी यादव ने राजद का परिवर्तन पत्र जारी करते हुए किया वादा

# एक करोड़ युवाओं को देंगे नौकरी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** राजद ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसमें उसने एक करोड़ युवाओं को रोजगार और महिलाओं को साल में एक लाख रुपया देने समेत 24 वादे किये हैं। राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपना घोषणा पत्र, जिसे परिवर्तन पत्र नाम दिया गया है जारी कर दिया। लोकसभा चुनाव के लिए जारी परिवर्तन पत्र में 24 वादे किए गए हैं, जिसमें पूरे देश में एक करोड़ नौकरी, गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रुपए, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, 10 फसलों पर एमएसपी और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा शामिल है। तेजस्वी ने कहा, बिहार में 17 साल बनाम 17 महीने की तर्ज पर हम सभी सरकारी विभागों और सार्वजनिक संस्थानों में रिक्त 30 लाख पदों के अलावा 70 लाख पदों का सृजन कर कुल एक करोड़ नौकरियां देंगे। हम संविदा और अस्थायी पदों को नियमित करने के लिए भी तेजी से अभियान चलाएंगे। हम लोगों से ये वादा करते हैं कि बिहार में जिस प्रकार नौकरी का मतलब तेजस्वी हो गया है यही वादा हम इस चुनाव में एक प्रतिबद्ध संकल्प के रूप में लेते हैं। अतः केंद्र में राजद समर्थित गठबंधन की सरकार के गठन के छह महीने के अंदर एक करोड़ नौकरियों की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी।

# 2005 से अबतक 8 लाख युवाओं को दी गयी नौकरी : नीतीश



**गया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने 2005 में सत्ता में आने के बाद से राज्य में आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। कुमार ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार जीतनराम मांझी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 18 वर्षों में बिहार में युवाओं को आठ लाख सरकारी नौकरियां दी गईं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देने के साथ-साथ उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लोजपा प्रदेश महासचिव ने पार्टी कार्यकर्त्ताओं संग की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव हेमंत श्रीवास्तव के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संताल परगना प्रभारी मनोज कुमार राय दुमका जिला के जिला अध्यक्ष गिरधारी झा शामिल हुए। बैठक में पूरे प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष के साथ विचार-विमर्श कर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पूरे झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ है कि नहीं क्योंकि हम लोग झारखंड में लोकसभा के चुनाव मे एक भी लोकसभा नहीं लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ हैं। लेकिन झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दल अभी तक नही जिला और नहीं प्रदेश के किसी भी पदाधिकारी के साथ समन्वय नहीं बनाई है।

इससे हमारे सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दिग्भ्रमित एवं आक्रोशित है। प्रदेश महासचिव श्रीवास्तव ने कहा कि इसलिए हम सभी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं झारखंड प्रदेश के वीरेंद्र प्रधान से मांग करते है कि हमें यह बताने की कोशिश की जाए कि पार्टी कार्यकर्ता एवं सदस्य अपने कर्तव्य पूरा करें अन्यथा हम सभी अपने विचारों के लिए बाध्य होंगे। बैठक में अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### साहेबगंज : भारतीय जनता पार्टी अंबेडकर जयंती आज मनायेगी

**साहिबगंज।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जयंती 14 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी मनाएगी। उनके जयंती एक दिन पहले प्रदेश भाजपा के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकत्ताओं ने साहेबगंज नगर क्षेत्र के नगर परिषद स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का साफ-सफाई किया। इस अवसर पर मुख्यरूप से राजमहल विधायक अनंत ओझा शामिल हुए। 14 अप्रैल अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सुबह में अनुसूचित मोर्चा की ओर से उनके प्रतिमा पर माल्यर्पण किया जाएगा। इस अवसर पर रहे नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष रामानंद साह,जय प्रकाश सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिमेष सिन्हा, जीवा पासवान, संजीव पासवान, पंकज चौधरी, चांदनी देवी, पंकज ओझा,संतोष चौधरी, संजीव ओझा,अवधेश यादव, मुकेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# + 2 उच्च विद्यालय उधवा कह स्टेट टीम ने किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उधवा।** शनिवार को +2 उच्च विद्यालय उधवा का स्टेट टीम ने निरीक्षण किए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दरअसल राज्य स्तरीय टीम पिछले दिनों से लगातार जिला के विभिन्न ब्लॉक के विद्यालय का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण टीम के एमडीएम कोषांग सामान्यक विनोद कुमार तिवारी के अलावा पीएमयू हरिश कुमार, जेई राजेंद्र मंडल, जेई सत्यप्रकाश भद्रा भी शामिल हुए। इस दौरान एमडीएम कोषांग के पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि साहेबगंज जिला के 21 विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में डाटा एनालाइसिस किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा के बढ़ोतरी के लिए प्रत्येक शिक्षक को कम से कम चार से पांच क्लास लेना होगा। स्कूल में कोई भेदभाव ना हो, शिक्षक को सरकार ग्रेड के आधार पर बड़ा छोटा बनाया है परंतु स्कूल में ना कोई पीजीटी और ना ही क्लार्क ना कोई पीओ में भेदभाव करना है। सभी का काम बांटा हुआ है, लेकिन मिलजुलकर करने का निर्देश दिया। मौके पर प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापिका नुसरत जहां, शिक्षक नईम अख्तर, मन्नू रहमान, हबीबुर रहमान, बीरबल, हंसदा, अफलातून, मो जमील सहित अन्य मौजूद थे।

# साहिबगंज: चुनाव को ले बीएल एमटी का प्रशिक्षण आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य के निमित्त सभी बीएलएमटी का प्रशिक्षण सिदो-कान्हू सभागार में आयोजित की गई। प्रशिक्षक के रूप में प्रभात कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के माध्यम से बताया कि आदर्श आचार संहिता उस दिन से लागू हो जाती है। जिस दिन आयोग निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करता है।

प्रशिक्षण में बताया गया कि चुनाव कार्य के प्रभारी पदाधिकारियों को आपसे यह सहयोग कि अपेक्षा होती है कि आचार संहिता का पूरी ईमानदारी के साथ पूर्ण पालन हो ताकि चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालित और निष्पक्ष से रूप से आयोजित की जा सके। किसी भी राजनितिक दल को किसी प्रकार का जूलुस निकालने से पूर्व अनुमति लेनी होती है। प्रशिक्षण में निर्वाचन व्यय एवं उड़न दस्ते (एफएस) की भी जानकारी दी। प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में तीन या अधिक समर्पित उड़न दस्ते होंगे जो नकदी का अवैध आदान-प्रदान, या शराब का वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं, जो मतदाताओं को लिया घूस देने के लिए प्रयोग में लाई जा रहीहो, उसका पता लगाएंगे। मौके पर प्रशिक्षक के रूप में आशीष कुमार, मनोहर शर्मा, उज्जवल बनर्जी मौजूद रहे।

# साहिबगंज : मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गयी रैली




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव को सफल प्रयास को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए जिला में नित्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहे है।

जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनन्द के निर्देश पर सभी कल्याण आवासीय विद्यालय, सिद्धू कान्हू एकलव्य विद्यालय, भोगनाडीह, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, बांझी, में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी एवं मतदाता शपथ भी दिलाई गयी। इसके अलावा बोरा रेस प्रतियोगिता, जलेबी रेस, मटका फोड़ प्रतियोगिता इत्यादि खेलो का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मतदाता जागरूकता को लेकर प्रेरित हुए और उनसे अपील की गई कि वह अपने माता-पिता एवं आस-पास के मतदाताओं को जागरूक लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

## पेज एक का शेष

### विकास विरोधी भाजपा ...

चंपाई सोरेन ने कहा कि चुनाव के दिन किसी को अपना बूथ नहीं छोड़ना है। सभी बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता सुबह साढ़े छह बजे से ही बूथ पर पहुंच जायें। साथ ही झामुमो के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील करें।

**आज भी बूथ स्तरीय संवाद कार्यक्रम :** गम्हरिया प्रखंड में तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित बैठक में हिस्सा लेने के बाद सीएम रविवार को सरायकेला मुख्यालय में बूथ स्तरीय संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहीं 16 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और भ्रमण करेंगे। उनके आगमन और कार्यक्रम को लेकर सरायकेला जिला प्रशासन अलर्ट था।

### आदिवासी शब्द बदलने ...

यह शब्द जल, जंगल, जमीन पर आपके अधिकार को व्यक्त करता है। वहीं वनवासी का मतलब है जो जंगल में रहते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा आपकी जमीनें अरबपतियों को दे रही है। हिदुस्तान में जब कोई नहीं था तब आदिवासी यहां वास करते थे, यहां के जल जंगल सब पर उनका हक था। श्री गांधी ने कहा, हम आपके लिए पेशा कानून लाये, मनरेगा लाये, भाजपा व आरएसएस के लोग आपके विचार पर आक्रमण करते हैं, हिंदुस्तान में जंगल कम हो रहा है। हम चाहते हैं आप आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में चले जाओ सब कहते हैं सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। भाजपा के लोग आदिवासी के ऊपर पेशाब करते हैं, ये है आदिवासियों की स्थिति, आदिवासियों से उनका जल जंगल छीनना चाहते हैं।

**गरीब महिलाओं को हर माह 8500 देने का वादा :** कांग्रेस के चुनावी वादे पर प्रकाश डालते हुए गांधी ने कहा, हम सत्ता में आते ही जाति जनगणना करायेंगे। हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती करेंगे। युवाओं के लिए प्रशिक्षण शुरू करेंगे और गरीब महिलाओं को प्रतिमाह 8500 रुपये देंगे। सभी पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं को एक साल की नौकरी मिलेगी। उनकी ट्रेनिग होगी और उनके खाते में 1 लाख रुपए डाला जायेगा। जो अच्छे काम करेगें उन्हीं संस्था में नौकरी पक्की होगी। उनकी सरकार में ठेकेदार से नौकरी नहीं मिलेगी परमानेंट नौकरी होगी। हमारी सरकार आते ही किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा। उन्होंने कहा, महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण नौकरियों में देने जा रहे हैं। देश का पूरा का पूरा धन 8-10 लोगों के पास जा रहा है। जाति जनगणना के बाद यह पता चल जाएगा कि कितना धन किसके पास है।

### बीसों बार हुयी...

अब ऐसी स्थिति आ गयी है कि राहुल बाबा को लॉन्च करते-करते कांग्रेस पूरी लॉन्च नहीं हो पा रही है। कांग्रेस ओबीसी वर्ग की विरोधी पार्टी है। पिछड़ा वर्ग से कांग्रेस ने सालों तक अन्याय किया। काका साहेब कालेलकर और मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाकर रखा। मोदी ने आकर ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में 27 प्रतिशत रिजर्वेशन ओबीसी समाज को देने का काम मोदी ने किया। हमारे देश का नाम दुनिया में करने वाले नरेन्द्र मोदी ओबीसी समाज से आते हैं और 27 से ज्यादा ओबीसी मंत्री कैबिनेट में हैं।

**हर घर पानी पहुंचाउंगा :** श्री शाह ने कहा कि पूर्वी राजस्थान में पानी की बहुत किल्लत है। मैं आपको बड़ी बात कहकर जाता हूं। ईआरसीपी मोदी सरकार की गारंटी है, जो जल्द ही पूरा होने वाला है। ये प्रोजेक्ट पूरा होते ही सूखी धरती हरी-भरी हो जाएगी। पांच सौ साल की किल्लत पूरी हो जायेगी। हर घर, हर गांव और हर ढाणी में पानी पहुंचेगा, ये मोदी की गारंटी है। ये चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का। मैं ऐसे ही नहीं कहता हूं। 10 साल में मोदी ने असंभव दिखने वाले कई सारे काम किए हैं। 10 साल का मोदी के पास रिकॉर्ड और 25 साल की प्लानिंग है, इसलिए मोदी को चुनना है। ये वीर भूमि हैं, यहां के हर घर से यहां वीर माताओं ने अपना बेटा देश की रक्षा करने के लिए भेजा है। यहीं के सपूतों को देश को सुरक्षित करने के लिए भेजा हैं। यहां के वीर योद्धा शीशपाल सिंह को भी प्रणाम करता हूं। इस वीर भूमि के जवानों, माताओं, वीरांगनाओं को मैं कहने आया हूं 40-40 साल से कांग्रेस ने वन रैंक, वन पेंशन का वादा किया था, इंदिरा जी के जमाने से, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। मोदी जी को 2014 में प्रधानमंत्री बनाया और 2015 में मोदी जी ने इसे लागू कर जवानों को सम्मान किया।

### रांची से सुबोधकांत...

इन नामों पर चर्चा अभी भी हो रही है। अनुपमा सिंह इससे पहले राजनीति में सक्रिय नहीं थी। वहीं ददई दुबे एक बार धनबाद लोकसभा से सांसद रह चुके हैं। जलेश्वर महतो भी राजनीति में पूरी तरीके से सक्रिय हैं। कुमार गौरव काफी सालों से राजनीति में सक्रिय हैं। वो करीब सात सालों तक यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। फिलहाल वो कांग्रेस कोटे से झारखंड सरकार में युवा आयोग के अध्यक्ष हैं और सक्रिय राजनीति में हैं।

स्पीड न्यूज

## इजराइल के उत्तरी क्षेत्र में हिजबुल्लाह ने दागे 40 से अधिक रॉकेट

**तेल अवीव।** हिजबुल्लाह ने शुक्रवार को इजरायल के उत्तरी इलाके गैलिली के ऊपर एक साथ 40 से अधिक रॉकेट दागे । लेबनान में ईरान के हिजबुल्ला ने कहा कि उसने उत्तरी इजराइल में इजराइली सेना की तोपों को निशाना बनाते हुए दर्जनों रॉकेट दागे हैं। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने रॉकेट हमलों की पुष्टि करते हुए कहा है कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ है। आईडीएफ के वार रूम ने हमले का वीडियो भी जारी किया है। उधर लेबनान के रॉकेट हमलों के बाद अमेरिका और सतर्क हो गया है। अमेरिकी अधिकारी ने बताया है कि अमेरिका ने ईरानी हमले की आशंका के बीच मध्य पूर्व में अतिरिक्त सेना भेज रहे हैं।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, दो लोगों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिले के बीच मफौ बांध के पास शनिवार को हुई झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि 15 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के लिए सुरक्षा उपाय किए जाने के बीच इलाके में गोलीबारी की खबरें हैं। थौबल जिले में अज्ञात हथियारबंद लोगों के हमले में शुक्रवार को तीन लोग गोली लगने से घायल हो गए थे।

## पाक में ऐतिहासिक हिंदू मंदिर गिराया

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को गिरा दिया गया है। मंदिर को गिराने के बाद वहां वाणिज्यिक परिसर का निर्माण शुरू हो गया है। मंदिर 1947 से इसके मूल निवासियों के भारत चले जाने के बाद से बंद था। खैबर जिले के सीमावर्ती शहर लैंडी कोटाल बाजार में खैबर मंदिर था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा था। इस स्थान पर निर्माण करीब 10-15 दिन पहले शुरू हुआ। विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों ने या तो हिंदू मंदिर के अस्तित्व के बारे में जानकारी होने से इनकार किया या दावा किया कि निर्माण नियमों के अनुसार हो रहा है।

## जर्मनी में आसानी से बदल सकेंगे नाम

**बर्लिन।** जर्मन सांसदों ने ट्रांसजेंडर, इंटरसेक्स और नॉनबाइनरी लोगों के अपने नाम और लिंग आधिकारिक रिकॉर्ड में बदलने की अनुमति देने वाले कानून को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। यह कानून एक नवंबर से प्रभावी होने वाला है। चांसलर ओलाफ शोल्ज की गठबंधन सरकार द्वारा 2021 के अंत में कार्यभार संभालने के दौरान जर्मनी, यूरोपीय संघ की सर्वाधिक आबादी वाला देश है। कानून में इस तरह का बदलाव करने वाले कई अन्य देशों का अनुकरण करते हुए जर्मनी ने यह कदम उठाया।

## सिडनी के शॉपिंग सेंटर में चाकूबाजी, छह मरे

**सिडनी।** सिडनी में शनिवार को एक हमलावर ने एक शॉपिंग सेंटर में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी। हमलावर को बाद में पुलिस ने गोली मार दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के अनुसार, सिडनी में वेस्टफील्ड के एक बड़े शॉपिंग सेंटर -बॉन्डी जंक्शन में शनिवार 3.30 बजे लोगों को चाकू मारे जाने के बाद आपातकालीन सेवाओं को लगाया गया।

## कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य लड़ेंगे!

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट पर इस बार रोचक चुनावी मुकाबले के आसार हैं। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की तरफ से विक्रमादित्य सिंह उम्मीदवार हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे और हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह के मंडी से चुनाव लड़ने की चर्चा कई दिनों से तैर रही थी। कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर सिंह के नाम का ऐलान नहीं किया है।

# इस बार बनेगी जनता की सरकार : प्रियंका गांधी

### कहा- उत्तराखंड से मेरे परिवार का पुराना रिश्ता रहा, देहरादून में पढ़े हैं पिताजी और भाई

एजेंसी

**रामनगर/नैनीताल।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को जिम कार्बेट की नगरी रामनगर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोला और कहा कि इस बार मोदी सरकार नहीं बल्कि जनता की सरकार होगी।

कांग्रेस महासचिव ने चुनाव प्रचार में पिछड़ी कांग्रेस के लिये रामनगर में पहली चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने उत्तराखंड की धरती से पुराना रिश्ता बताकर लोगों से सीधे जुड़ाव भी प्रयास किया। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि उत्तराखंड से मेरे परिवार का पुराना रिश्ता रहा है। मेरे पिताजी और

**मोदी सरकार ने कारखानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंपा**

भाई देहरादून में पढ़े हैं। मेरे बेटे ने भी पांच साल देहरादून में पढ़ाई की और मैं भी दो साल पढ़ाई के लिये देहरादून में रही हूं। इस दौरान प्रदेश और रामनगर कार्बेट घूमने का मौका मिला।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने कारखानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दिया है। जो रोजगार के अवसर थे, वह उनके खास उद्योगपतियों के पास चले गए। छोटे और मध्यम रोजगारों पर नोटबंदी थोप दी गई। लोगों को लाइनों में खड़ा किया गया। वे आज तक नहीं बता पाए कि काला धन कहां है? उन्होंने अग्निवीर, महिला सुरक्षा और रोजगार के



नाम पर प्रधानमंत्री को घेरा और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महिला सुरक्षा की बात करते हैं लेकिन अंकिता भंडारी हत्याकांड पर नहीं बोलते हैं। न ही हाथरस और उन्नाव में हुई घटनाओं पर बोलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अग्निवीर योजना लाकर युवा बेरोजगारों का सपना तोड़ दिया हैं। उन्होंने किसानों के नाम पर भी मोदी को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सबको भ्रष्ट और अपने को ईमानदार बताकर खुद अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने की कोशिश करते हैं। उन्होंने झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने के मामले में प्रधानमंत्री को घेरा और कहा कि मेरे भाई राहुल गांधी को भी परेशान करने के लिये पहले घर छीना फिर अलग अलग राज्यों में मुकदमे दर्ज कराये ताकि वह कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाता रहे। उन्होंने मोदी सरकार के अबकी बार.... के नारे पर भी कटाक्ष किया और कहा कि इस बार जनता और युवाओं की सरकार होगी। उन्होंने जनता से कहा कि अब आप सबको जागरूक होने की जरूरत है।

### चीन के प्रति मोदी की नीति एम फॉर मीक : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला और देश की जमीन पर कब्जा करने वाले चीन को डबल क्लीन चिट देकर राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालने का आरोप लगाया। खड़गे ने कहा कि चीन के प्रति मोदी की नीति एम फॉर मीक है।

उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री का बयान है कि चीन ने किसी पर भी कब्जा नहीं किया है। हमारी भूमि गलवान के बाद श्री मोदी जी की चीन को क्लीन चिट की कॉपी-पेस्ट है, जहां हमारे 20 बहादुर सैनिकों ने भारत माता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने लाल आंख पर 56 इंच लंबे चीनी ब्लिंकर पहनकर एक हफ्ते में दो बार चीनियों को खुली छूट दे दी है! सबसे पहले, विदेशी प्रेस में श्री नरेंद्र मोदी जी का साक्षात्कार जहां वह वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष मजबूती से रखने में विफल रहे, वहीं अब उनके विदेश मंत्री विस्तारवादी चीन को एक और क्लीन चिट दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि पिछले चार साल से जनता और विपक्ष मोदी सरकार से देश की सीमाओं के पास बार-बार हो रहे चीनी अतिक्रमण, अवैध कब्जे और सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण पर देश को विश्वास में लेने के लिए कह रहे थे।

## केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई कल

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली हाई के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष श्री केजरीवाल की याचिका 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।






## शाह की पत्नी ने संभाली प्रचार की कमान

**गांधीनगर।** गांधीनगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चुनाव प्रचार की कमान उनकी धर्मपत्नी सोनलबेन शाह ने संभाल लिया है। भाजपा के केन्द्रीय नेता होने के कारण अमित शाह यदि क्षेत्र में कम समय भी देते हैं तो इसकी भरपाई करने की कई स्तर पर भाजपा ने योजना बनाई है। हालांकि शाह नामांकन के एक दिन पूर्व 18 अप्रैल को गांधीनगर लोकसभा सीट अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो करेंगे। शाह दूसरी बार गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

# भाजपा का संकल्प पत्र आज होगा जारी

एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला पर होगा विशेष फोकस
- भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य भी होगा शामिल

**नयी दिल्ली।** भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में भाजपा रविवार को सुबह 8:30 बजे पार्टी मुख्यालय एक्सटेंशन में घोषणा पत्र जारी करेगी। भाजपा चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समेत कई अन्य दिग्गज नेता भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि भाजपा के संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के मुताबिक 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को प्रमुखता से बताया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के मुताबिक ही ज्ञान अर्थात जीवाईएएन फॉर्मूले के तहत गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिला) पर इस संकल्प पत्र में विशेष फोकस देखने को मिल सकता है।

पार्टी देश के सांस्कृतिक स्थलों से लेकर व्यापार, उद्योग, रक्षा, अंतरिक्ष और अर्थव्यवस्था सहित तमाम क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों का जिक्र करते हुए संकल्प पत्र में भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण वायदे करेगी। भाजपा मोदी सरकार के तीसरे



कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को भी संकल्प पत्र में शामिल करेगी। पार्टी अपने संकल्प पत्र के जरिए देश की जनता को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लक्ष्यों और 2047 के विकसित भारत के रोड मैप के बारे में विस्तार से बताकर जनता से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील करेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा पत्र तैयार करने के लिए पार्टी ने देशव्यापी अभियान चलाकर कई माध्यमों से लोगों से सुझाव लिए थे।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# चुनाव में पांच भोजपुरी सितारे दिखायेंगे जलवा

एजेंसी

- रवि किशन, मनोज तिवारी, निरुहुआ, पवन सिंह और गुंजन सिंह लड़ेंगे चुनाव

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पांच सितारे इस बार के लोकसभा के चुनाव में अपना जलवा बिखेरते नजर आयेंगे।

भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन, जाने माने गायक-अभिनेता मनोज तिवारी, अभिनेता दिनेश लाल यादव निरुहुआ, पावर स्टार पवन सिंह और गायक-अभिनेता गुंजन सिंह इस बार के लोकसभा चुनाव में अपना जलवा दिखाने के लिये बेताब हैं। रवि किशन ने 2014 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर उप्र के जौनपुर सीट से किस्मत आजमायी थी, लेकिन उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा।वर्ष 2019 में रवि किशन ने गोरखपुर से भाजपा के टिकट पर तकदीर आजमायी और वह सांसद बनने में सफल रहे। रवि किशन इस बार में भी भाजपा के टिकट पर गोरखपुर से चुनाव लड़ रहे हैं।

मनोज तिवारी ने वर्ष 2009 में राजनीति में प्रवेश किया। मनोज तिवारी ने 2009 में गोरखपुर सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी योगी आदित्यनाथ से हुआ। इस चुनाव में मनोज तिवारी पराजित हो गये। इसके बाद मनोज तिवारी भाजपा में शामिल हो गये। उन्होंने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है। श्री तिवारी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर अपना जलवा दिखाने के लिये बेताब हैं। निरहुआ ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ संसदीय सीट पर अपनी किस्मत आजमायी लेकिन उन्हें समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद निरहुआ ने ट्विटर पर लिखा था 'ना ये देश रुकेगा... ना ये देश झुकेगा... आए तो मोदी ही'। अखिलेश यादव ने



वर्ष 2022 मे उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से जीत हासिल की। इसके बाद अखिलेश यादव ने आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद वर्ष 2022 में आजमगढ़ सीट पर हुये उपचुनाव में निरहुआ ने भाजपा के टिकट पर जीत हासिल कर ली। निरहुआ आजममढ़ सीट से फिर अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह बिहार के काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इससे पूर्व भाजपा ने पवन सिंह को आसनसोल से उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था । गुंजन सिंह बिहार के नवादा संसदीय सीट से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

# एएलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) वर्ष 2010 में प्रदर्शित हुयी थी।राजकुमार राव की यह बतौर अभिनेता डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा ने भी अहम भूमिका निभायी थी।फिल्म की कहानी ऑनर किलिंग, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच पर आधारित थी। एकता कपूर 14 साल बाद अपनी फिल्म एलएसएडी का सीक्वल एलएसडी 2 ला रही हैं।एलएसडी 2 में उर्फी जावेद, बोनिता राजपुरोहित और पारितोष तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।ट्रेलर की शुरूआत मैं कैमरे में उस नूर को देख रही हूं जो साड़ी पहनकर राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ले रही है। डायलॉग से शुरू होती है। फिर दिखाया गया कि कैसे व्यूज के लिए लोग आपस में झगड़ते हैं।



व्यूज के लिए एक बेटा अपनी मां को ही जोरदार थप्पड़ मार देता है। ट्रेलर में व्यूज के लिए यंग जेनरेशन के बीच पागलपन और ट्रांसजेंडर्स के साथ यौन हिंसा जैसे मुद्दों की झलक दिखाई गई है। एलएसडी 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बंगाल के विष्णुपुर में पूर्व पति-पत्नी आमने-सामने

एजेंसी

**महासमर**

- भाजपा के मौजूदा सांसद सौमित्र खान का मुकाबला उनकी पूर्व पत्नी एवं तृणमूल उम्मीदवार सुजाता मंडल से
- 2019 में सौमित्र खान के जीत के कुछ समय बाद दोनों की रिश्तों में खटास आ गयी थी और संबंध विच्छेद हो गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले की विष्णुपुर सीट पर बेहद खास मुकाबला होने जा रहा है। यहां से भाजपा के निवर्तमान सांसद सौमित्र खान का मुकाबला उनकी पूर्व पत्नी एवं तृणमूल उम्मीदवार सुजाता मंडल से है। भाजपा ने इस सीट पर मौजूद सांसद सौमित्र खान को टिकट दिया है।

2019 के लोकसभा चुनाव में सौमित्र खान को कोर्ट ने इलाके में प्रवेश करने से मना कर दिया था। उस दौरान उनके लिए उनकी पत्नी सुजाता मंडल ने प्रचार किया था और वह जीत गए थे।

जीत के कुछ समय बाद दोनों के रिश्तों में खटास आ गई और उनका संबंध विच्छेद हो गया। अब सुजाता मंडल तृणमूल कांग्रेस में हैं और सौमित्र भाजपा में ही हैं। तृणमूल ने सौमित्र के खिलाफ उनकी पूर्व पत्नी सुजाता को ही चुनावी मैदान में उतार दिया है। दोनों के बीच तलाक का केस चल रहा है जिसकी वजह केवल राजनीतिक मतभिन्नता है।

वामदलों ने यहां से शीतल कैवर्त्य को मैदान में उतारा है। हालांकि मुकाबला सीधे तौर पर तृणमूल और भाजपा के बीच ही होनी है। बिष्णुपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में स्थित है। बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा

### टीएमसी और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला



सीटें बांकुड़ा जिले में हैं, वहीं एक विधानसभा क्षेत्र पूर्व बर्धमान जिले में है। बिष्णुपुर पश्चिम बंगाल राज्य के एक ऐतिहासिक महत्व का शहर है। बिष्णुपुर अपने प्राचीन और मध्यकालीन टेराकोटाकृत मंदिरों और उनकी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है।

लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा के सौमित्र खान ने जीत दर्ज की, उन्हें पांच लाख 78 हजार 972 वोट मिले थे। जबकि तृणमूल कांग्रेस के श्यामल सांतरा 78047 मत कम पाकर दूसरे स्थान पर जबकि माकपा के सुनील खान तीसरे स्थान पर रहे थे।



# विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



जागरूकता रैली में शामिल विद्यार्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी को लेकर चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को चंदवा में प्लस 2 उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। स्कूल परिसर से विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति जागरूक से प्रेरित नारे लगाते हुए विवेकानंद चौक, इंदिरा चौक, मुख्य बाजार होते पुनः विद्यालय परिसर पहुंच कर जागरूकता रैली समाप्त हो गयी। विद्यार्थियों के हाथों में मतदान के प्रति प्रेरित करने को लेकर लिखे नारे की तख्तियां थी, जिसमें कई स्लोगन व नारे बुलंद कर रही थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र में हमसभी को मतदान का अधिकार प्राप्त है, लोगों को जागरुक कर मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए, उन्होंने विद्यार्थियों से भी अपने घरों में अभिभावकों को हर हाल में मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। जागरूकता रैली में सुजीत कुमार, केसी चौधरी, मनोज अग्रवाल, अरुण मिश्रा समेत विद्यालय परिवार के लोग व विद्यार्थी शामिल थे।

# निष्पक्ष चुनाव व मत प्रतिशत बढ़ाने के लिये दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहारदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सीओ सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी द्वारा चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार निष्पक्ष चुनाव कराने व मत प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

वही निर्देश देते हुए अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने सभी बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि गाँव और बूथ स्तर पर ग्रामीणो के साथ बैठक आयोजित कर लोकसभा आम चुनाव में मतदान करने के लिये सभी को जागरूक करें साथ ही कहा कि महिला मंडल के महिलाओं को और विद्यालय में



बैठक में मौजूद अधिकारी

प्रार्थना सभा के दौरान बच्चे बच्चीयों को हाथ मे बैनर लेकर शपथ दिलायें की अबकी बार 80 प्रतिशत पार तथा वैसे बीएलओ को निर्देश दिया गया।

जिन बूथों में बीते बार कम मतदान हुआ था। वैसे क्षेत्रों में मतदान के लिये उस क्षेत्र के ग्रामीणों को विशेष तौर पर जागरूक करने का दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा की 15 अप्रैल तक फॉर्म संख्या 6 को भरकर नये और छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

जिसे कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहें। वही श्री तिवारी ने कहा कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार इस बार 80 प्रतिशत पार मतदान कराने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसे जागरूकता के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करना है। मौके पर सुजीत उराँव, मुदसर हुसैन,नागमणी उराँव, ओमप्रकाश साहु के अलावे रजनी देवी,शांता मिंज,यशोदा कुमारी,सुषमा उराँव, प्रमिला देवी,फुलमनी मुंडा,जूही उराँव सहित अन्य सभी बीएलओ और पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

# पार्वती जी भक्ति तो शिव विश्वास के प्रतीक हैं : प्रपन्नाचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगिर आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय रामकथा ज्ञान महायज्ञ के चौंथे दिन कथा वाचक पूज्य सन्त प्रपन्नाचार्य जी ने शिव पार्वती संवाद का वर्णन करते हुए निराकार ब्रह्म के साकार रुप मे अवतार लेने के कारणों पर सारगर्भित वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पार्वती जी भक्ति तो शिव विश्वास के प्रतीक हैं। जब भक्ति और विश्वास मिल जाते हैं तो पुरुषार्थ का निर्माण होता है और पुरुषार्थ के बल पर संसार का कोई भी बड़ा काम सफलता पूर्वक किया जा सकता है। इसलिए लंका विजय के पूर्व भगवान श्रीराम ने स्वयं शिव पूजा की थी। भगवान राम और शिव दोनों एक दूसरे के भक्ति में डूबे रहते हैं। रामभक्ति पाने के लिए भी शिव आराधना जरूरी है। बिना छल कपट के भोलेनाथ की आराधना से ही रामभक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रपन्नाचार्य जी ने आगे कहा कि भगवान शिव का स्थायी निवास कैलाश पर्वत है और अस्थायी निवास सभी शिव मंदिरों में। भगवत प्राप्ति के लिए भक्त को कैलाश पर्वत की तरह शीतल, धवल, दृढ़ और उच्च आदर्श युक्त होना चाहिए। पार्वती जी के कुल चौदह प्रश्नों में से छह प्रश्नों के उतर ही वर्तमान रामायण का स्वरूप है। भक्तों की रक्षा एवं उनके इच्छा को पूरा करने के लिए उन्हे विविध स्वरूपों में धरती पर आना पड़ा। जब-जब धर्म की हानि होती है और असुरों एवं आर्मियों की संख्या बढ़ जाती है तब धर्म की रक्षा के लिए प्रभु अवतरित होते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे जल निराकार रहते हुए भी विभिन्न पात्रों मे रखने पर अलग-अलग रूप ग्रहण कर लेता है। वह ब्रह्म बिना ही पैर के चलता है, बिना ही कान के सुनता है, बिना ही हाथ के नाना प्रकार के काम करता है, बिना मुंह /जिह्वा के ही छहों रसों का आनंद लेता है और बिना वाणी के ही बहुत बड़ा वक्ता है। भागीरथी गंगा सिर्फ़ उसमे स्नान करने वालों को तारती है लेकिन कथा रूपी गंगा से कहीं भी कभी भी कोई भी तर जाता है। मौके पर डॉ लालमोहन मिश्र, द्वारिकानाथ पाण्डेय, अरुण दुबे, अमरेन्द्र मिश्रा, मनोज सिन्हा, बृजेश पाण्डेय, सुखबीर पाल, अवोश कुशवाहा, दिलीप कुमार पाठक, राजन पाण्डेय, मनीष कमलापुरी, नीतेश कुमार गुड्डू, अरुण दुबे, अमरेन्द्र मिश्रा, बृजेश, धनंजय पाण्डेय, संजय अग्रहरि, दीनानाथ बघेल, जयशंकर राम, विकास ठाकुर, शान्तनु केशरी, श्रीपति पाण्डेय, रंजीत कुमार, कृष केशरी, अमित पाठक, राजा बघेल, पीयूष कुमार, गौतम शर्मा, शुभम कुमार, सुदर्शन मेहता आदि उपस्थित थे।

# प्रखंड भाजपा की बैठक आयोजित

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मण्डप के समीप शनिवार को भाजपा मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। मौके पर पार्टी संगठन की मजबूती,लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्यासी समीर उरांव की जीत सुनिश्चित करने,तथा आज 14 अप्रैल 2024 को लोहरदगा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को सफल बनाने पर चर्चा की गई।

# आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल में बाबा साहेब की 133वीं जयंती मनी

**कोडरमा।** आरपीमोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल लाराबाद प्रांगण में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की 133वीं जयंती को धूम-धाम से मनाया गया। वहीं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी से दशवीं तक के छात्र एवं छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया, निबंध का प्रकरण 'बाबा साहब की जीवनी पर चित्रण' तथा 'सविंधान का मूल्य' रखा गया था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट लेखन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में बाबा साहब की प्रतिमा पर निदेशक रामदेव मोदी, प्राचार्य विक्रम कुमार सिन्हा, सभी शिक्षक एंव शिक्षकेतर कर्मियों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। वहीं प्राचार्य ने सविंधान की महत्ता को बताते हुए बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं आगामी लोकसभा चुनाव में सभी अभिभावकों को बच्चों के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# बिरसा ट्रेनिंग सेंटर में प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन



उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** कौशल विकास विभाग के निर्देश पर बिरसा ट्रेनिंग सेंटर डंडई में शनिवार को प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत जेआरएस टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट हेड सह निदेशक विकास सिंह, जिला नियोजन कार्यालय यूएनडीपी स्किल प्रभारी प्रकाश कुमार व नवनीत कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित सहित राष्ट्रगान का आयोजन करवा कर किया। जानकारी देते हुए निदेशक विकास सिंह ने बताया कि आज प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम में ट्रेनिग सेंटर के प्रथम डीडीइओ बैच 120 और सिलाई बैच के 120 सहित 240 प्रशिक्षु ट्रेनिंग पूर्ण होने के बाद विभाग के निर्देश पर एकत्र हुए हैं। ट्रेनिंग पूर्ण होने के बाद उक्त सभी विद्यार्थियों को नौकरी व स्वरोजगार से जोड़ना ही हम सभी का मुख्य लक्ष्य है। इसी को पूर्ति करते हुए आज प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम में कुल पांच कंपनियों को आमंत्रित किया गया था। जिसमे केपीआर मिल्स त्रिपुर, अर्बन डिजाइन रेट लिमिटेड रांची झारखंड, माइक्रोन लोगी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड मुंबई गुजरात, स्ट्रीम डिजिटल सर्विसेज जमशेदपुर झारखंड और एसपी अपैरल्स तामिलनाड कंपनी के प्रतिनिधि आज ट्रेनिंग सेंटर पर आए हुए हैं।

बुक सभी प्रतिनिधियों के द्वारा अपने कंपनी के बारे में सैलरी सहित विभिन्न प्रकार की जानकारी देंगे और इच्छुक प्रशिक्षु का इंटरव्यू होने के बाद झारखंड के मानक सैलरी अनुकूल कंपनी में ज्वाइन करवाया जायेगा। वहीं स्वरोजगार से जुड़ने वाले प्रशिक्षों के लिए विशेष अभियान के मायम से उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर सेंटर मैनेजर विनय पाल, डीडीईओ ट्रेनर शशिभूषण मेहता, सुनील कुमार, पंकज ठाकुर, पूजा कुमारी, शबीला बानो, प्रशिक्षु ऋषि ठाकुर, शिवम कुमार, कुमारी पूजा रानी, अर्चना कुमारी, रंजू पटेल आदि लोग उपस्थित थे।

# महारामनवमी व बासंती दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना परिसर में महारामनवमी व बासंती दुर्गा पूजा को लेकर प्रमुख मंजू देवी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ अशोक कुमार भारती, माइका अंचल निरीक्षक सुबोध लकड़ा, थाना प्रभारी अरविंद कुमार के अलावा चंदवारा थाना अंतर्गत सभी अखाड़ा के अध्यक्ष (लाइसेंसधारी, गैर लाइसेंसधारी) प्रतिनिधिगण गणमान्य व्यक्ति व पुलिस कर्मी उपस्थित थे। वहीं सीओ अशोक कुमार भारती ने कहा सभी अखाड़ों के अध्यक्ष अपने अपने वुलेंटियर का लिस्ट थाना में जमा करवा देंगे, लोगों से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन, सार्वजनिक स्थल पर ध्वजारोहण समेत अन्य जानकारियां ली गई, तत्पश्चात प्रतिमा विसर्जन के लिए पूजा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी लगातार सोशल मीडिया समूहों पर नजर रख रहे हैं। भड़काऊ पोस्ट करनेवाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी तथा जो रूट तय है उसी रूट में जुलूस निकालेंगे सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्यौहारों एवं उत्सवों का सम्मान करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। वहीं सभी ने सौहार्दपूर्ण वातारण में मिलजुल कर त्योहार मनाने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, कृष्णा यादव, विजय मोदी, अज्जू सिंह आदि मौजूद थे।

# अंबेडकर जयंती भव्य तरीके से मनाने को लेकर बैठक



बैठक में उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती भव्य तरीके से मनाने को लेकर दिन शनिवार को अंबेडकर चौक के समीप अंबेडकर चेतना मंच मनिका के बैनर तले, प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के संबंध में विधि-व्यवस्था एवं तैयारियों को लेकर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर मिथिलेश पासवान ने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है सभी के सहयोग से जयंती के दिन अंबेडकर चौक से भव्य शोभा यात्रा निकाला जाएगा साथ जयंती समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

## कार्यक्रम से पूर्व संध्या पर निकाला गया कैंडल मार्च

उन्होंने बताया कि आज शनिवार के संध्या में कैंडल मार्च भी निकाला जा रहा है। वहीं कमेटी के लोगों ने प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों से कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। मौके पर शिक्षक संदीप पासवान, संतोष राम, अनूप राम, बिजेंद्र पासवान, जगजीवन राम, विशाल पासवान, कृष्णा राम, चंदन पासवान, रंजीत कुमार, सविता दास, अरविंद राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

# चैती नवरात्र के अवसर पर आयोजित भक्ति कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़




कार्यक्रम प्रस्तुत करते कथाकार व उपस्थित श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित पचफेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर के प्रांगण में चैती नवरात्र को लेकर रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित कथा वाचक संगीतमय कार्यक्रम में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ते हुए देखी जा रही है। कार्यक्रम में बाहर से आए कथाकारों के द्वारा भक्ति कथाओं के साथ-साथ भक्ति संगीत का भी प्रस्तुति किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत संध्या आरती व प्रसाद वितरण के उपरांत किया जाता है जिसे देखने के लिए क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं चैती नवरात्र को लेकर कलश स्थापना के साथ ही नव दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है जिसका समापन रामनवमी पर्व के दिन किया जाएगा।

वहीं कथावाचक संगीतमय भक्ति कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र का वातावरण भक्ति में घुल-मिल सा गया है।

# रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



शांति समिति के बैठक में मौजूद लोग

**खबर मंत्र संवाददाता**

**कैरो।** थाना प्रांगण में शनिवार को थाना प्रभारी नीरज झा की अध्यक्षता में रामनवमी पूजा व शोभायात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव व अखाड़ों से आये सदस्यों द्वारा अपने अपने गांव में होने वाली कार्यक्रमों व समय सारणी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। वहीं महाबीर मंडल कैरो द्वारा दशमी के दिन भरत मिलाप शोभायात्रा को लेकर आयोजक समिति द्वारा एक एक बिंदु की जानकारी दिया गया। वहीं हनहट, नरौली, सढ़ाबे सहित सभी पंचायत के सदस्यों ने अपनी अपनी विचार रखा। बैठक में अंचल अधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि रामनवमी के त्योहार अच्छाई में बुराई की जीत के साथ साथ आपसी प्रेम भाईचारे का त्योहार है। इसमें प्रभु श्रीराम के संदेश को अपनाकर आगे बढ़ने की शिक्षा मिलती है। थाना प्रभारी नीरज झा ने सभी अखाड़ों व ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद कहा को अष्टमी, नवमी व दशमी को अलग अलग जगह में होने वाली कार्यक्रम को लेकर समिति अपने स्तर पर सतर्कता व जिम्मेवारी के साथ ही एक दूसरे से मिलजुल कर मनाएं। और अगर किसी तरहः की अफवाह या सोसल मीडिया के माध्यम से कोई जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना प्रसासन को जरूर दें। त्योहार को सफल बनाने और शांति व्यवस्था को लेकर प्रसासन हमेशा रहेगी। बैठक में थाना प्रभारी नीरज झा, एसआई संजय कुमार, अंचल अधिकारी छंदा भटाचार्या, बुधुवा उरांव, शरत कुमार विद्यार्थी, लखन उरांव, विसेस्वर प्रसाद दिन, बजरंग उरांव, नाजिर आलम खान, खुर्सीद अंसारी, विवेक प्रजापति, रामबुझावन साहू, मोहन साहू, लखन उरांव, गोबिंद महतो, विकास भगत, मनेंद्र साह सहित अलग अलग गांव के गण्यमान लोग मौजूद थे।

# रामनवमी को लेकर अखाड़ा लाइसेंस धारियों की बैठक

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना परिसर में बीडीओ सौरभ कुमार की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व को लेकर शनिवार को अखाड़ा लाइसेंस धारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अखाड़ा धारियों से चुनाव के देखते हुए शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने की अपील की गयी। वहीं बीडीओ ने जुलूस में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहने की बात कही।

# भूमि विवाद को लेकर बड़ा रोहन गांव में हुई मारपीट



मारपीट में घायल महिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के चिरू पंचायत अंतर्गत बड़ा रोहन गांव में भूमिविवाद को लेकर मारपीट हुई। जिसमें पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में बड़ा रोहन गांव निवासी युसूफ अंसारी का पुत्र फिरोज अंसारी की पत्नी हसीना खातून तथा पुत्री नेहा परवीन शामिल है। जिसे परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा इलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार फिरोज अंसारी एवं उनके भाइयो मे भूमि विवाद पिछ्ले कुछ दिनों से चल रहा है। जिसे लेकर उनके दो भाईयो और उनके परिजनों ने उनके साथ मारपीट की। इस मारपीट की घटना में घायल हसीना खातून को पीठ और शरीर की कई जगह पर आंतरिक और गंभीर चोट लगी है। जबकि फिरोज अंसारी और नेहा प्रवीण को आंशिक रूप से चोटे आई है। इधर इस घटना में घायल लोगों ने हेरहंज थाना में मारपीट को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसके आधार पर हेरहंज थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# पैदल चल रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बड़ा खटंगा पाकर टोली निवासी 40 वर्षीय मनेश्वर उरांव को लैला मोड़ के समीप अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मारकर घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में व्यक्ति के सर पैर व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी। सूचना पर परिजन तत्काल घायल को सदर अस्पताल लेकर आए।

# सहायक शिक्षक ने प्रभारी प्रधानाध्यापक पर मानसिक प्रताड़ना का लगाया आरोप

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय जगदीशपूर के सहायक शिक्षक संजय कुमार ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकज कुमार पर मानसिक प्रताड़ना करने, जान से मारने की धमकी व बाईक से अटैक करने का आरोप लगाया है। दिये गए आवेदन में बताया है की प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकज कुमार द्वारा उन्हें लगातार विद्यालय में मानसिक प्रताडित किया जाता है, जिससे वे काफी तनाव में हैं। उनके द्वारा विद्यालय संचालन में अनियमित कार्यों में सहयोग के लिए बाध्य किया जाता है नहीं करने पर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है तथा जीवन बर्बाद करने की धमकी दी जाती है। इसी क्रम में 9 अप्रैल को प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा उन्हें धक्का मुक्की व मारपीट करने तथा विद्यालय के बाहर मिलने पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का आवेदन में जिक्र किया है। उन्होंने बताया की विद्यालय की छुट्टी हो जाने के बाद घर जाने के क्रम में बीच रास्ते में छुप कर रहने और अचानक जानबूझ कर तेज गति से मोटरसाईकिल से उन पर अटैक कर दिया गया।

# डॉ भीमराव के बताये मार्ग पर चलें : नीरज नाथ

## इंटर महाविद्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हर्ष उल्लास के साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदना से की साथ की गई। अम्बेडकर जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक कुमारी, द्वितीय स्थान किरण कुमारी और शिल्पा कुजूर एवं तृतीय स्थान अभय कुमार साहू ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब पिछड़ों एवं दलितों के लिए प्रेरणादायक थे। हमें डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्ग को ईमानदारी पूर्वक ग्रहण करना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। मुख्य अतिथि नीरज नाथ मिश्रा ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया है हम सभी को भी समाज में दबे-कुचले लोगों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि डॉ भीमराव के बताएं मार्ग पर चले। कार्यक्रम का संचालन कविता कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन ऋद्धि मिश्रा ने किया। रितेश कुमार पाठक और सनोज कुमार साहू ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, अर्चना कुमारी, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



विजेता प्रतिभागी के साथ अतिथि

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। वहीं शिक्षकों एवं छात्रों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपने श्रद्धा को व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने किया। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने संविधान निर्माण और देश के विकास में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए कार्यों को साराहा और उन्हें देश का सच्चा सपूत बताया। इस मौके पर शिक्षकों और छात्रों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर विनोद कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, जयप्रकाश सिंह, विक्रम कुमार, शंकर कुमार, सतीश कुमार, विनय, संजय तिवारी, समेत अन्य शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

# अम्बेडकर का जीवन विभिन्न कठिनाइयों और संघर्षों से भरा रहा

मनोज कुमार सिन्हा

डॉ. भीमराव आंबेडकर भारतीय इतिहास की एक महान विभूति हैं। वह एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे - विद्वान, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार। उनका जीवन संघर्षों और उपलब्धियों का एक अद्भुत गाथा है।

## अम्बेडकर का जीवन परिचय:

अम्बेडकर का जीवन विभिन्न कठिनाइयों और संघर्षों से भरा रहा। उनका जन्म एक दलित परिवार में हुआ था, जिसके कारण उन्हें समाज में भेदभाव और असमानता का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने अपनी प्रेरणा, जिद और ज्ञान की शक्ति से खुद को साबित किया। उन्होंने अपनी शिक्षा में अत्यधिक प्रयास किया ।

प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

भीमराव रामजी आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता रामजी मालोजी सकपाल ब्रिटिश सेना में सूबेदार थे। उस समय भारत में जाति व्यवस्था बहुत कठोर थी और दलितों को समाज में सबसे निचला दर्जा दिया जाता था। भीमराव को बचपन से ही छुआछूत का सामना करना पड़ा। उन्हें स्कूल जाने में भी कठिनाइयाँ हुईं।

लेकिन, भीमराव शिक्षा के महत्व को समझते थे। उनकी माँ भीमाबाई ने भी उनका हौसला बढ़ाया। कठिनाइयों के बावजूद भीमराव ने पढ़ाई जारी रखी। वह एक मेधावी छात्र थे और उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया।

सामाजिक भेदभाव के कारण भीमराव को कई स्कूल बदलने पड़े। उन्हें सतारा के राजा शाहूजी महाराज से आर्थिक मदद मिली जिससे वह बॉम्बे (अब मुंबई) की उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई कर सके। उन्होंने 1907 में दसवीं कक्षा पास की और आगे की पढ़ाई के लिए बॉम्बे चले गए।

भीमराव की प्रतिभा को पहचान मिली और उन्हें कोलंबिया विश्वविद्यालय, अमेरिका में पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति मिली। 1915 में उन्होंने अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री प्राप्त की। आगे की पढ़ाई के लिए वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स गए जहाँ से उन्होंने 1923 में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। साथ ही, उन्होंने लंदन से बैरिस्टर की उपाधि भी हासिल की

## समाजसेवा:

भारतीय समाज के उन्नति और समाजिक न्याय के लिए, अम्बेडकर ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरूआत की। उन्होंने अनेक समाजसेवी संस्थाओं की स्थापना की, जिनमें विद्यार्थी, श्रमिक और दलितों के हित में कार्य किया गया। उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया।वर्ष 1932 में डॉ. अंबेडकर ने महात्मा गांधी के साथ पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किये जिसमें दलित वर्गों (कम्युनल अवार्ड) हेतु अलग निर्वाचक मंडल के विचार को त्याग दिया गया।वर्ष 1936 में उन्होंने दलित वर्गों के हितों की रक्षा हेतु इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी का गठन किया।

वर्ष 1942 में डॉ. अंबेडकर को भारत के गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद में श्रम सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया और वर्ष 1946 में बंगाल से संविधान सभा हेतु चुना गया।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर: भारत के निमार्ता

डॉ. भीमराव आंबेडकर भारतीय इतिहास की एक महान विभूति हैं। वह एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे - विद्वान, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और



भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार। उनका जीवन संघर्षों और उपलब्धियों का एक अद्भुत गाथा है।

## जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष

भीमराव आंबेडकर ने जाति व्यवस्था के भेदभावों को अपने बचपन से ही झेला था। उन्होंने महसूस किया कि जाति व्यवस्था भारतीय समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। अपनी शिक्षा के दौरान उन्होंने जाति व्यवस्था का गहन अध्ययन किया और इसके खिलाफ आंदोलन शुरू किया।

1917 में उन्होंने अस्पृश्यता विरोधी आंदोलन की शुरूआत की। 1920 में उन्होंने महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व किया। इसमें दलितों को सार्वजनिक तालाब से पानी लेने का अधिकार दिलाया गया।

आंबेडकर ने दलितों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने दलितों के लिए शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने की वकालत की। उन्होंने कई सामाजिक सुधार आंदोलनों का नेतृत्व किया और दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

## भारतीय संविधान के निमार्ता

संविधान निमार्णः

भारतीय संविधान के निर्माण में अम्बेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्हें संविधान समिति का चेयरमैन चुना गया था, जिसने भारतीय संविधान को लिखने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संविधान में समाज के सभी वर्गों के अधिकारों का समान और समावेशी रूप से समाहित किया।

आध्यात्मिकता:

अम्बेडकर धर्म और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में भी गहरे अध्ययन और अनुसंधान किए। उन्होंने भारतीय समाज को धार्मिक भेदभाव से मुक्त कराने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किए।

उपाधियां:

अम्बेडकर को भारतीय

समाज की समाजसेवा और धर्मनिरपेक्षता में उनके योगदान के लिए कई उपाधियां प्राप्त हुईं। उन्हें 'भारतीय संविधान के पिता' के रूप में भी जाना जाता है।

अंतिम दिनः

भीमराव अम्बेडकर का निधन 6 दिसंबर 1956 को हुआ था। उनका जीवन और कार्य एक महान प्रेरणास्रोत रहे हैं, जो समाज में समता, न्याय और समाजिक न्याय की दिशा में अग्रसर होने के लिए समर्पित रहे।

उन्हें वर्ष 1990 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था

इस प्रकार, भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय समाज को एक महान दिशा देने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनका योगदान आज भी हमें प्रेरित करता है और हमें समाज में न्याय और समानता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# प्रकृति की नव चेतना का नव वर्ष

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

भारतीय नव वर्ष का शुभारंभ प्रकृति की नवचेतना के साथ होता है। वृक्ष नए रूप में पल्लवित होते है। प्रकृति सर्वत्र उत्साह का संचार करती है। मां दुर्गा की उपासना से माहौल भक्तिमय हो जाता है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन व वैज्ञानिक कालगणना का आविष्कार भारत में हुआ था। इसमें समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश है। प्रलय के बाद भी यह कालगणना निरन्तर जारी रहेगी। प्रासंगिक रहेगी। इसके नववर्ष में प्रकृति भी नए रूप में परिलक्षित होती है। यह संधिकाल आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त करने का अवसर होता है। इसमें पाश्चात्य नववर्ष की तरह देर रात का हंगामा नहीं होता। भारतीय कालगणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। इसलिए यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। भारतीय नववर्ष का प्रथम दिन अपने में व्यापक संदेश देने वाला होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ। इसी के साथ ब्रह्मा जी ने कालगणना का श्रीगणेश किया। नवरात्रि का प्रथम दिवस मत्स्यावतार, प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्य तिलक इसी दिन हुआ था। यह सभी अवसर भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले है। पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय वैज्ञानिक कालगणना कि विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य कालगणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसंधान के केंद्र हुआ करते थे।

कालगणना में क्रमशः प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन,संवत्सर, दिव्यवर्ष,मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है। हमारे ऋषियों ने चक्रीय अवधारणा का सुंदर वर्णन किया है। काल को कल्प और मन्वन्तर युग में विभाजित किया गया है। इसमें चार युग -सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग हैं। इनकी चक्रीय व्यवस्था है। अर्थात ये शाश्वत रूप से आते-जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अनुरूप इस समय ब्रह्मा की आयु के दूसरे खंड में, श्वेतावाराह कल्प में, वैवस्वत मन्वन्तर में 20वां कलियुग चल रहा है। इस कलियुग की समाप्ति के पश्चात चक्रीय नियम में पुनः सतयुग आएगा। वस्तुतः यह



अवधारणा ही प्राकृतिक है। इसमें पिंड व ब्रह्मांड का भी विचार है। अंतर व बाह्य चेतना परम सत्ता से संबंधित है।

भारतीय कालगणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं। यह इसलिए कि इसका आविष्कार उस समय हुआ था जब दुनिया में अन्यत्र मानव सभ्यता नहीं थी। इस काल का आकलन ईसा पूर्व जैसी परिधि में संभव ही नहीं है। यह कालगणना पृथ्वी के प्रादुर्भाव से प्रारंभ होती है। यह शाश्वत है। चारों युग समाप्त होंगे। नए युगों का चक्र प्रारंभ होगा, लेकिन यह कालगणना तब भी इसी गति से चलती रहेगी। इसमें एक पल का भी अंतर नहीं आएगा। इसके लिए प्रकृति की समझना होगा। प्रकृति के निकट जाना पड़ेगा। जीवनशैली में उसी के अनुरूप परिवर्तन करना होगा। कर्म और प्रारब्ध या भाग्य का यह अविनाशी चक्र निरंतर चलता रहता है। अपने विचारों में परिवर्तन कर श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए। नव वर्ष का शुभारंभ नवदुर्गा से होना भी विलक्षण है। यह आध्यात्मिक चेतना का अवसर है। नवरात्रि शक्ति आराधना का आध्यात्मिक पर्व है। इस समय प्रकृति में विविध रंग होते है। मां दुर्गा के इस पावन पर्व में रंगों का बहुत अधिक महत्व होता है। नवरात्रि में नौ दिन दुर्गा मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रथम दुर्गा शैलपुत्री माता हैं। वह पर्वतराज हिमालय के घर में जन्मी थीं। इसके कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। शैलपुत्री माता की पूजा के दौरान पीले रंग वस्त्रों का महत्व है। दूसरी माता ब्रह्माचारिणी हैं।

ब्रह्माचारिणी माता की पूजा नवरात्रि के दूसरे दिन की जाती है। इस दिन हरे रंग के वस्त्र ठीक रहते है। मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चंद्रघंटा है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। चंद्रघंटा माता की पूजा के दौरान स्लेटी रंग का विधान है। मां दुर्गा की चौथी शक्ति कुष्मांडा माता हैं। कुष्मांडा माता के आठ भुजाएं हैं। नवरात्रि के चौथे दिन कुष्मांडा मां की पूजा की जाती है। इस दिन नारंगी रंग के वस्त्र धारण करना शुभ होता है। मान्यता है कि मां कुष्मांडा को नारंगी रंग प्रिय है।

पांचवीं शक्ति स्कंदमाता माता हैं। स्कंदमाता अपने भक्तों की इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस दिन सफेद रंग के वस्त्र शुभ होते हैं। माता कात्यायनी को अमरकोष में पार्वती का दूसरा नाम बताया गया है। नवरात्रि के छठे दिन कात्यायनी माता की पूजा की जाती है। कात्यायनी और दुर्गा माता दोनों को लाल रंग काफी प्रिय है। कालरात्रि माता दुर्गा माता की सातवीं शक्ति है।

कालरात्रि माता को काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी के इन रूपों से सभी राक्षस भूत, प्रेत, पिशाच और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। इनकी पूजा के समय नीले वस्त्र धारण करने चाहिए। महागौरी मां दुर्गा की आठवीं शक्ति है। नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी माता की पूजा की जाती है। इनको गुलाबी रंग प्रिय है। सिद्धिदात्री माता मां दुर्गा की नौवीं और अंतिम शक्ति हैं।

नवरात्रि के आखिरी दिन सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इस दिन बैंगनी वस्त्रों को शुभ माना जाता है। यह प्रकृति के निकट होने का मनोवैज्ञानिक संदेश है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**गेहूँ को पंजाबी किसान 'कनक' यानि सोना मानते हैं**

देश विदेश में वैशाखी के अवसर पर, विशेषकर पंजाब में मेले लगते हैं। लोग सुबह-सुबह सरोवरों और नदियों में स्नान कर मंदिरों और गुरुद्वारों में जाते हैं। लंगर लगाये जाते हैं और चारों तरफ लोग प्रसन्न दिखलायी देते हैं। विशेषकर किसान, गेहूँ की फसल को देखकर उनका मन नाचने लगता है। गेहूँ को पंजाबी किसान 'कनक' यानि सोना मानते हैं। यह फसल किसान के लिए सोना ही होती है, उसकी मेहनत का रंग दिखायी देता है। वैशाखी पर गेहूँ की कटाई शुरू हो जाती है। वैशाखी पर्व 'बंगाल में पैला (पीला) बैसाख' नाम से, दक्षिण में 'बिशु' नाम से और 'केरल, तमिलनाडु, असम में बिहू' के नाम से मनाया जाता है। अंग्रेजी कलैंडर में तारीखों के बदलाव के कारण अब वैशाखी 14 अप्रॅल को मनायी जाती है।

वैशाखी कब

विशेषज्ञों का मानना है कि हिन्दू पंचांग के अनुसार गुरु गोविन्द सिंह ने वैशाख माह की षष्ठी तिथि के दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसी दिन मकर संक्रांति भी थी। इसी कारण से वैशाखी का पर्व सूर्य की तिथि के अनुसार मनाया जाने लगा। सूर्य मेष राशि में प्रायः 13 या 14 अप्रैल को प्रवेश करता है, इसीलिए बैशाखी भी इसी दिन मनायी जाती है।

**प्रत्येक 36 साल बाद भारतीय चन्द्र गणना के अनुसार बैशाखी 14 अप्रैल को पड़ती है।**

इतिहास से गुरु गोविंद सिंह जी, वैशाखी दिवस को विशेष गौरव देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ने 1699 ई. को वैशाखी पर श्री आनंदपुर साहिब में विशेष समागम किया। इसमें देश भर की संगत ने आकर इस ऐतिहासिक अवसर पर अपना सहयोग दिया। गुरु गोविंद सिंह जी ने इस मौके



## वैशाखी की परम्पराएं

पर संगत को ललकार कर कहा- 'देश को गुलामी से आजाद करने के लिए मुझे एक शीश चाहिए। गुरु साहिब की ललकार को सुनकर पांच वीरों 'दया सिंह खत्री, धर्म सिंह जट, मोहकम सिंह छीवां, साहिब सिंह और हिम्मत सिंह' ने अपने अपने शीश गुरु गोविंद सिंह जी को भेंट किए। ये पांचो सिंह गुरु साहिब के 'पंच प्यारे' कहलाए। गुरु साहिब ने सबसे पहले इन्हें अमृत पान करवाया और फिर उनसे खुद अमृत पान किया। इस प्रकार 1699 की वैशाखी को 'खालसा पंथ' का जन्म हुआ, जिसने संघर्ष करके उत्तर भारत में मुगल साम्राज्य को समाप्त कर दिया। हर साल वैशाखी के उत्सव पर 'खालसा पंथ' का जन्म दिवस मनाया जाता है।

**वैशाखी की परम्पराएं**

वैशाखी पर किसान का घर फसल से भर जाता है। इस खुशी में ढोल बजाये जाते हैं। भांगड़ा करते बूढ़े, बच्चे और जवान थिरकने लगते हैं।

## मेला

वैशाखी विश्व भर में पंजाबियों का एक कौमी जश्न माना जाता है। पंजाबी लोगों का यह सबसे बड़ा मेला है। इस दिन लोग रंगबिरंगे कपड़े पहनकर खुशियां मनाते हैं। वैशाखी के नाम से दिलों में उत्साह का संचार होता है। चाहे घर में हों या जंग में, देश में या परदेश में, वैशाखी का नाम लेते ही दिलों की धड़कने बढ़ जाती है, तन थिरकने लगते हैं और भांगड़ा होने लगता है।

**भांगड़ा और गिद्दा**

वक़्त के साथ भांगड़ा और गिद्दा का स्वरूप बदलता रहा है। किंतु आज भी फसल की कटाई के साथ ही ढोल बजने लगता है, ढोल हमेशा से ही पंजाबियों का साथी रहा है। ढोल से धीमे ताल द्वारा मनमोहक संगीत निकलता है। पिछली सदियों में आक्रमणकारियों से होशियार करने के लिए ढोल बजाया जाता था। इसकी आवाज दूर तक जाती थी।

ढोल की आवाज से लोग नींद से जाग जाते थे। संकट समय ढोल की आवाज लोगों को सूचना दे देती थी और घरों से निकलकर वे दुश्मन पर टूट पड़ते थे। गुरु गोविंद सिंह जी ने दुश्मनों से लोगों को होशियार कराने के लिए नगाड़ा बनवाया था। नगाड़ा गधे या ऊँट की खाल से बनाया जाता था।

# आदिशक्ति की आराधना और भारतीय समाज

योगेश कुमार गोयल

भारतीय समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरूआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 09 अप्रैल से हो चुकी है, जिसका समापन रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है।

नवरात्र के प्रथम स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ह्यब्रह्मचारिणीह्न को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। ह्यब्रह्मचारिणीह्न अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों




में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

मां दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें ह्यशुभंकारीह्न भी कहा जाता है। ह्यकालरात्रिह्न केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय आठ वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्ज्वल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली ह्यमहागौरीह्न सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं।

नौवीं शक्ति ह्यसिद्धिदात्रीह्न सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# वैशाखी का त्योहार बलिदान का त्योहार है 1699 ई. से मना रहें हैं

देश की परतंत्रता की परिस्थितियां में लोग जूझने के लिए अपने आप को तैयार रखते थे। वैशाखी का त्योहार बलिदान का त्योहार है। 1699 ई. की वैशाखी से, हर साल वैशाखी देश की सुरक्षा के लिए लोगों को जगाती आयी है। मुगल शासक औरंगजेब ने जुल्म, अन्याय व अत्याचार करते हुए श्री गुरु तेगबहादुर सिंह जी को दिल्ली के चाँदनी चौक पर शहीद कर दियाथा, तभी गुरु गोविंदसिंह जी ने अपने अनुयायियों को संगठित कर 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी। 1716 ई. में 'बंदा बहादुर' की शहादत के बाद तो पंजाब सिखों की वीरता की मिसाल बन गया। 'मिसलदार' प्रत्येक साल वैशाखी के अवसर पर श्री अमृतसर में 'हरमिंदर साहिब' में वर्ष भर का हिसाब देते थे। सिख मिसलों का समय 1716 से लेकर 1799 तक का रहा है। सभी मिसलदार वैशाखी पर एकत्र होते थे। 13 अप्रैल, 1919 को सैकड़ों लोग 'जलियांवाला बाग' में देश की आजादी के लिए जनरल डायर के सैनिकों की गोलियों के आगे निशस्त्र सीना तान कर खड़े रहे और शहीद हो गए। आज वैशाखी पर दिये गया बलिदान पूरे देश के देशवासी जानते हैं और वैशाखी के पर्व पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं।

विशेष बातें

रात्रि के समय आग जलाकर



उसके चारों तरफ इकट्ठे होकर नई फसल की खुशियाँ मनायी जाती हैं और नये अन्न को अग्नि को समर्पित किया जाता है और पंजाब का परंपरागत नृत्य भांगड़ा और गिद्दा किया जाता है।

गुरुद्वारों में अरदास के लिए श्रद्धालु जाते हैं। आनंदपुर साहिब में, जहां खालसा पंथ की नींव रखी गई थी, विशेष अरदास और पूजा होती है।

गुरुद्वारों में गुरु ग्रंथ साहब को समारोह पूर्वक बाहर लाकर दूध और जल से प्रतीक रूप से स्नान करवा कर गुरु ग्रंथ साहिब को तख्त पर प्रतिष्ठित किया जाता है। इसके बाद पंच प्यारे 'पंचबानी' गायन करते हैं।

अरदास के बाद गुरु जी को कड़ा प्रसाद का भोग लगाया जाता है। प्रसाद भोग लगने के बाद सब भक्त 'गुरु जी के लंगर' में भोजन करते हैं। भक्त 'कार सेवा' करते हैं।

पूरे दिन गुरु गोविंदसिंह जी और 'पंच प्यारों' के सम्मान में शबद और कीर्तन गाए जाते हैं।